राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 6
लखनऊ, गुरुवार 04 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





दीपोत्सव-2025 में दुनिया देखेगी भारत की समृद्ध संस्कृति व नवीन तकनीक : जयवीर 03

एसआईबी टीमों ने तम्बाकू गोदामों पर की छापेमारी, कारोबारी फरार 10


### सीएम योगी ने लोक भवन सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान के शुभारम्भ पर कहा

# मिलकर तय करें भारत व यूपी का भविष्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। सीएम योगी लोक भवन सभागार में ÷समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश ञ2047÷ अभियान के शुभारम्भ अवसर पर कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।



**2047 तक अवश्य बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'समर्थ उत्तर प्रदेश' पोर्टल का शुभारम्भ किया। यह पोर्टल प्रदेशवासियों को अपने सुझाव देने का मंच प्रदान करेगा, जो 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी-टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति थीम पर आधारित है। कार्यशाला में प्रशासन, पुलिस, वन सेवा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों से सेवानिवृत्त 400 से अधिक अधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला की शुरुआत में 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा और विजनञ2047 पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 से पहले यूपी बीमारू कहलाता था। अब सकारात्मक बदलाव आया है। जीएसडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर इस वर्ष 35 लाख करोड़ होने जा रही है। प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है।

कोविड काल में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना से एमएसएमई को बढ़ावा मिला, जिससे निर्यात 2 लाख करोड़ तक पहुंचा।

कोविड में 1 करोड़ लोगों को रहने-खाने की व्यवस्था दी गई, जिसमें 40 लाख यूपी के कारीगर थे। एक भावुक किस्सा साझा करते हुए योगी ने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान एक गरीब व्यक्ति ने खाली डिब्बा दिखाकर उन्हें धन्यवाद दिया, जो कोविड के समय में यूपी में मिले भोजन का था। उन्होंने कहा कि यह सेवा का भाव है, जो लोगों के मन में विश्वास जगाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभियान का पहला चरण प्रबुद्धजनों के साथ अकादमिक संस्थानों में गोष्ठियों से शुरू होगा। इसके बाद इसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक व केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे।

**जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा : योगी**

मुख्यमंत्री योगी ने प्रख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का जिक्र करते हुए कहा कि जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा। बसु ने दो पौधों पर प्रयोग किया, एक को प्रेरित किया, तो वह बड़ा वृक्ष बना, जबकि दूसरे को धिक्कारा, तो वह मुरझा गया। उन्होंने कहा कि यह जीव मात्र पर लागू होता है। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। यूपी और भारत की स्थिति भी यही थी। नकारात्मकता से निराशा बढ़ी, लेकिन अब उत्साह का माहौल है।

**प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करना महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री**

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। इस अभियान में 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। रिटायर्ड होने का मतलब टायर्ड होना नहीं है। आपका अनुभव इस अभियान को गति देगा। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 16वीं-17वीं शताब्दी में भारत वैश्विक जीडीपी में 25 फीसदी हिस्सा रखता था, जो 1947 तक 2 फीसदी रह गया। 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगर यही गति रही, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य संभव है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 14 फीसदी था, लेकिन 2016-17 तक यह 8 फीसदी हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की कृपा से यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है।

## कंबोडिया से गैंगस्टर ढिल्ला को प्रत्यर्पित कर लाया गया भारत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा पुलिस, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर कुख्यात अपराधी मेनपाल ढिल्ला उर्फ मेनपाल बादली उर्फ सोनू कुमार को कंबोडिया से प्रत्यर्पण करके भारत लाया है। ढिल्ला को हरियाणा पुलिस कई आपराधिक मामलों में तलाश कर रही थी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि मेनपाल ढिल्ला उर्फ मेनपाल बादली उर्फ कुमार एक कुख्यात अपराधी है, जिसकी हरियाणा पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

मेनपाल ढिल्ला को 2 सितंबर को कंबोडिया से भारत लाया गया। उसे 2007 में हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध हथियारों के इस्तेमाल और आपराधिक साजिश रचने के एक अन्य मामले में 2013 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा, उसे दो अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया जा चुका है। 2018 में हिसार सेंट्रल जेल से छह सप्ताह की पैरोल पर रिहा होने के बाद वह जेल वापस नहीं लौटा और फरार हो गया। सीबीआई ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर नवंबर 2024 में इंटरपोल के जरिए उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी करवाया। सीबीआई की जांच में पता चला कि ढिल्ला फर्जी पासपोर्ट पर सोनू कुमार के नाम से थाईलैंड से कंबोडिया गया था। सीबीआई ने कंबोडियाई अधिकारियों के साथ समन्वय कर मार्च 2025 में उसकी गिरफ्तारी का अनुरोध भेजा। जुलाई 2025 में कंबोडिया ने उसे गिरफ्तार कर लिया और बाद में भारत को सौंपने का फैसला किया। हरियाणा पुलिस की एक टीम ने कंबोडिया जाकर ढिल्ला को 2 सितंबर को भारत वापस लाया। उल्लेखनीय है कि भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में सीबीआई, इंटरपोल चैनलों के माध्यम से सहायता के लिए भारतपोल के माध्यम से भारत में सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करती है।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| --- | --- | --- |
| 24 कैरेट | = | 1,06,970/ |
| 22 कैरेट | = | 98,050/ |
| 18 कैरेट | = | 80,230/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,27,000/ |



### संक्षिप्त समाचार

**सुकमा : 33 लाख के इनामी 20 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 9 महिलाएं और 11 पुरुष नक्सली शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में एक पीएलजीए बटालियन (माओवादी संगठन) की सक्रिय हार्डकोर महिला नक्सली भी है। इन सभी पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें दो नक्सलियों पर 08-08 लाख, एक नक्सली पर 05 लाख, चार नक्सलियों पर 02-02 लाख एवं अन्य 04 नक्सलियों पर 01-01 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

**बाढ़ के चलते पंजाब प्राकृतिक आपदा ग्रस्त राज्य घोषित**

**चंडीगढ़।** पंजाब में सभी 23 जिले बाढ़ की चपेट में आने के बाद राज्य सरकार ने सूबे को प्राकृतिक आपदा ग्रस्त राज्य घोषित कर दिया है। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बुधवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ बाढ़ के हालातों पर चर्चा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान गुरुवार को पंजाब का दौरा करके हालात का जायजा लेंगे। शिवराज चौहान ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब वासियों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी।

### भूटान के प्रधानमंत्री कल आएंगे अयोध्या, करेंगे रामलला के दर्शन

**लखनऊ।** भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे 5 सितंबर को भारत के दौरे पर आ रहे हैं, उनकी ये भारत यात्रा काफी महत्पूर्ण मानी जा रही है। वो अयोध्या का दौरा करेंगे।अयोध्या में भूटान के पीएम राम जन्मभूमि में पूजा-अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे 5 सितंबर को सुबह लगभग 9.30 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे।उनकी पत्नी ओम ताशिम डोमा भी उनके साथ अयोध्या आएंगी। अयोध्या में सूडान के पीएम भगवान श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी और अयोध्या के अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन और पूजन-अर्चना करेंगे. जिसके लिए जिला प्रशासन विशेष तैयारियों में जुट गया है।

## भाजपा सरकार में अन्याय व अत्याचार चरम पर : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को उलेमाओं ने मुलाकात की। इस मौके पर उलेमाओं ने अखिलेश की नेतृत्व क्षमता की जमकर तारीफ की और उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की दुआ मांगी। उलेमा-ए-इकराम ने कहा कि अखिलेश यादव अपने पिता और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चल रहे हैं। वे हर वर्ग को साथ लेकर चलने में यकीन रखते हैं।

इस दौरान उलेमाओं ने समाजवादी पार्टी के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन का वादा दोहराया। अखिलेश का नेतृत्व ही प्रदेश को बेहतर भविष्य



दे सकता है। अखिलेश यादव ने उलेमाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि समाजवादी पार्टी का हर वर्ग के साथ गहरा भावनात्मक रिश्ता है। उन्होंने मौजूदा भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार चरम पर है। निर्दोष लोगों को झूठे केस में फंसाया जा रहा है, मॉब लिंचिंग और हिरासत में मौतें आम हो गई हैं।

### भारी बारिश के चलते रेलवे ने जम्मू में 30 सितंबर तक रद्द कीं 68 ट्रेनें

**जम्मू।** उत्तर रेलवे ने जम्मू और कटरा स्टेशनों से 30 सितंबर तक आने-जाने वाली 68 ट्रेनों को रद्द कर दी हैं, जबकि 24 ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू किया जा रहा है। हाल ही में हुई भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के बाद पठानकोट-जम्मू सेक्शन में कई जगहों पर आठ दिनों से रेल यातायात बाधित है।रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि 26 अगस्त से जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के कारण बड़ी संख्या में लोग, खासकर तीर्थयात्री फंस गए हैं। रेल और सड़क यातायात बुरी तरह बाधित हुआ है। जम्मू क्षेत्र में बुधवार तक 380 मिमी बारिश के साथ 1910 के बाद से सबसे भारी बारिश दर्ज की गई है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव न लड़ने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई

**अपडेट रखें अपना ईमेल, मोबाइल नंबर व वर्तमान पता**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत छह वर्षों से प्रत्यक्ष रूप से लोक सभा व विधान सभा के चुनाव में प्रतिभाग नहीं कर रहें थे उनके प्रतिनिधियों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा



प्रस्तुत अंशदान रिपोर्ट वार्षिक लेखा परीक्षण ऑडिट रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ऐसे दलों के प्रतिनिधियों को अपना प्रत्यावेदन, शपथपत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ सुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे।

सुनवाई के लिए प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था, इसमें 3 सितम्बर को 51 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था, जिसमें 17 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुनवाई में प्रतिभाग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 2 एवं 3 सितम्बर को की गयी सुनवाई में 121 राजनैतिक दलों में 55 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

## यूपी के पश्चिम में भारी तो मध्य में मध्यम बारिश की सम्भावना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून अब कमजोर पड़ने लगा है जिससे बारिश की गतिविधियों पर असर पड़ा है। हालांकि अभी आगामी चौबीस घंटे के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है तो वहीं मध्य उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन व आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश की बात करें तो बुधवार से बारिश की गतिविधियों में कमी आना शुरु हो गई है। हालांकि पश्चिमी क्षेत्र में अभी भी मानसून सक्रिय है और भारी बारिश की संभावना है। वहीं मध्य उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार बने हुए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में आगामी चौबीस घंटे आसमान साफ होते नजर आ रहे हैं। वातावरण में बनी नमी व बादलों की टकराहट से मध्य व पश्चिमी के क्षेत्रों में मेघगर्जन व आकाशीय बिजली भी गिरने की आशंका है। बताया कि गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, बागपत, शामली में मेघगर्जन के साथ आकाशीय बिजली एवं अचानक तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) के साथ भारी वर्षा की सम्भावना है।

**बारिश के साथ मेघगर्जन व आकाशीय बिजली की भी आशंका**

### कोर्ट ने राजनीतिक दलों से मांगा 10 सालों के जातीय रैलियों का रिकॉर्ड

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र व राज्य सरकार से पूछा है कि दोनों सरकारें जातीय रैलियां रोकने को क्या उपाय कर रही हैं। अदालत ने दोनों को जवाब दाखिल करने का समय देकर अगली सुनवाई अक्तूबर के दूसरे सप्ताह में नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने बुधवार को यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया।

## उत्तराखंड में बारिश बनी आफत, केदारधाम के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में पार्किंग बही

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश का प्रकोप कम नहीं हो रहा है बल्कि लगातार बारिश से आफत बढ़ती जा रही है। राज्य की सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं और स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। तेज बहाव से केदारधाम के बेस कैंप सोनप्रयाग में पार्किंग स्थल का एक बड़ा हिस्सा धंसने से दो वाहन गए।

सोमवार देर रात केदारनाथ धाम के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में सोन नदी के लगातार कटाव ने खतरा बढ़ा दिया है। देर शाम कटाव के चलते सोनप्रयाग शटल पार्किंग का लगभग 15 से 20 मीटर हिस्सा धंस गया और इस दौरान पार्किंग में खड़ी दो बोलेरो वाहन इसकी



चपेट में आकर बह गए। गनीमत रही कि समय रहते वाहन चालकों को सूचना देकर सतर्क कर दिया गया। रुद्रप्रयाग जिले के आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि सोन नदी का कटाव तेजी से हो रहा है। देर शाम जेसीबी (डोजर) मशीन की मदद से धंसाव में फंसे वाहनों को बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोग नदी के तेज बहाव और लगातार हो रहे कटाव को लेकर चिंतित हैं। प्रशासन ने स्थिति पर करीबी नजर बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट पर हैं। कटाव आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। उत्तरकाशी जिले में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से गंगोत्री और यमुनोत्री नेशनल हाइवे कई जगह बंद है।

### भारत-जर्मनी ने आपसी परामर्श व सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने बुधवार को जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे ग्रीन हाइड्रोजन और सेमीकंडटर पर चर्चा की। अमेरिका के टैरिफ युद्ध का सामना कर रहे भारत ने वार्ता में स्वायत्तता और बहुध्रुवीय विश्व के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि ऐसे में भारत और यूरोपीय संघ तथा भारत और जर्मनी का एक-दूसरे के साथ और अधिक निकटता से काम करना जरूरी है। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापारिक संबंधों, तकनीकी सहयोग, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा तथा आपसी परामर्श एवं सहयोग को अधिक मजबूत करने पर सहमति जताई।

**फैसला**

### लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराकर परीक्षा के दौरान जेल भेज दिए गए थे कई अभ्यर्थी

# 2021 के दरोगा भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों के निरस्तीकरण आदेश रद्द

**तीन माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के कोर्ट ने दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश के लगभग डेढ़ दर्जन जिलों के दरोगा पद के सैकड़ों अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला देते हुए उनकी याचिकाओं को मंजूर कर लिया है।

हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को मंजूर कर सभी याची अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्तीकरण आदेश को रद्द कर दिया है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को परमादेश जारी कर निर्देशित किया है कि



वे भर्ती की समस्त प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पूरी करायें। कोर्ट ने कहा है कि यह आदेश उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका नहीं दाखिल की थी एवं जिनका मैटर याचिकाकर्ताओं के समान है। हाईकोर्ट के इस आदेश से राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट में याचिका, मेरठ, बरेली, फिरोजाबाद, आगरा, गोरखपुर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, वाराणसी, मुजफ्फरनगर, झॉसी, मिर्जापुर, बस्ती, अलीगढ़, फतेहपुर एवं प्रयागराज जिलों के सैकड़ों दरोगा के पद के अभ्यर्थियों ने दाखिल की थी। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने याचीगणों के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम को सुनकर पारित किया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को मैंडेमस जारी करते हुये निर्देशित किया है कि भर्ती की समस्त प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पूरी करायें। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा जिन्होंने हाईकोर्ट में याचिका नहीं दाखिल की थी एवं जिनका मैटर याचिकाकर्ताओं के एक समान है। हाईकोर्ट के इस आदेश से राज्य सरकार को करारा झटका लगा। याचीगणों ने ग्रुप वाइज अलग-अलग याचिकायें हाईकोर्ट में दाखिल की थी। उनका कहना था कि उन्हें शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में पुनः बैठने की अनुमति प्रदान की जाय एवं तत्पश्चात उन्हें दरोगाओं के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाय। कुछ याचिकाओं में अभ्यर्थी निरस्तीकरण के आदेश को चुनौती दी गयी थी। मामले के अनुसार उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 9027 पुलिस उपनिरीक्षकों के पदों की भर्ती के लिये विज्ञापन 24 फरवरी 2021 को निकाला गया था। चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य था। सभी याचीगणों ने ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी एवं सभी के ऑनलाइन लिखित परीक्षा में कट ऑफ मेरिट से ज्यादा नंबर मिले थे। इस चयन प्रकिया में अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय सैकड़ों दरोगा के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को भर्ती केन्द्र से ही एफआईआर 07 मई 2022 को अन्तर्गत धारा 420, 120बी0 आईपीसी व 9/10 उप्र सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 व 66 डी आईटी एक्ट, थाना महानगर जनपद लखनऊ में दर्ज कराने के बाद गैर कानूनी तरीके से जेल भेज दिया गया था।

**प्रदेश के लगभग डेढ़ दर्जन जिलों के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने दाखिल की थी याचिका**

## पीओके-अफगानिस्तान-बांग्लादेश से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को बिना पासपोर्ट रहने की अनुमति दे दी है। सरकार ने इन देशों से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत राहत दी है।

गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हे रहने की छूट मिलेगी। सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 तक आए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी जाएगी। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी। आदेश में साफ किया गया है कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा।

**सीएए के तहत पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी**

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ को लेकर हुई अहम बैठक, बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने दिए सख्त निर्देश



**निघासन खीरी।** निघासन ब्लॉक सभागार में गुरुवार को बाढ़ की स्थिति को देखते हुए एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने की। इसमें क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने प्रधानों को सतर्कता और सजगता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव-गांव में विकास कार्यों की निगरानी और जनता की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। जयेश कुमार सिंह ने प्रधानों से अपील की कि किसी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल संबंधित विभाग से संपर्क कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्वच्छता, जलभराव की समस्या, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं पर भी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी प्रधानों ने आश्वासन दिया कि वे जनता की सेवा और विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग करेंगे। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी, विनय मौर्य, नवीन राठौर, यशपाल कुमार, सुनील पंकज, आशीष वर्मा, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बाढ़ का खतराः बहतिया नाले के बंधे की मरम्मत शुरू



**निघासन (खीरी)।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से शारदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। बढ़ते जलस्तर से निघासन क्षेत्र के शारदा नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुसना शुरू हो गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि घाघी नाले के रास्ते बहतिया नाले में पानी भरने से लालपुर, अदलाबाद, बरोठा, हरसिंहपुर, रकेहटी, मिर्जागंज और तिरकौलिया समेत कई गांव जलभराव की चपेट में आ सकते हैं। सैकड़ों बीघा खेती किसानी की जमीन डूबने के साथ ही गांवों की बस्तियों तक पानी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायतों ने बाढ़ से बचाव की तैयारी शुरू कर दी है। लालपुर प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव और बैलहा प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन ने बीडीओ जयेश कुमार सिंह से बातचीत कर ग्राम निधि से बोरियों में मिट्टी भरवाकर बंधे की मरम्मत का काम शुरू करा दिया है। दोनों प्रधान प्रतिनिधि स्वयं मौके पर मौजूद रहकर दिन-रात मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों प्रधान प्रतिनिधियों की मेहनत अभी तक काम आ रही है। बाकी जब और भी जल स्तर बढ़ेगा तो बाढ़ का पानी गांवों में घुसकर भारी तबाही मचा सकता है। वहीं प्रशासन भी हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

### बांकेगंज क्षेत्र जलमग्न, बाढ़ जैसे हालात



**बांकेगंज खीरी।** पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते ग्राम पंचायत बांकेगंज गांट नंबर 10 के गांव कोठीपुर में जलमग्न बाढ़ जैसे हालात है। और कई घर पानी में गिर गए। कोठीपुर गांव के ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया है जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-वस्त हो गया है। लोग पायलन करने को मजबूर हैं। बता दें पिछली बार भी सितम्बर में तेज बारिश के चलते यह गांव के बाढ़ जैसे हालात हो गए थे तभी जनप्रतिनिधियों ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया था। और बाढ़ जैसे हालात आज भी बने हुए हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना कि घरों में बहुत पानी भर गया है जिससे समस्या बनी हुई है और ऐसे में आदि प्रशासन हमारी समस्याओं का समाधान नहीं करता तो हम लोग परिवार सहित पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। यहां के कई लोग छप्पर के घरों ने निवास करते हैं जिनका घर पानी में डूब कर गिर गया है दर्जनों ग्रामीणों के घरों में पानी भरा हुआ है। बाढ़ जैसे हालात से पीड़ित ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मां की है। वहीं प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन से बंद नाले की खुददवाई कराई जा रही है जिससे पानी निकलने की उम्मीद है।

### मकान में नकब लगाकर चोरी का प्रयास, पड़ोसियों की सजगता से नाकाम



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोरैया एजेंट में मंगलवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात चोरों ने एक मकान में नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी अरुण कुमार अपने परिवार के साथ रात करीब नौ बजे घर के आंगन में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ संदिग्ध आवाजें सुनकर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिससे आसपास के ग्रामीण सतर्क हो गए और बड़ी संख्या में लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों की मौजूदगी देखकर चोर घबरा गए और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। चोर न तो नकब पूरा कर सके और न ही घर से कोई सामान चुरा सके। हालांकि, मकान की पिछली दीवार में नकब लगाने के प्रयास के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। लोगों का कहना है कि बीते कुछ समय से हैदराबाद थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हैदराबाद थाना प्रभारी का कहना है कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। मामले की जांच की जा रही है और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त और बढ़ाई जाएगी।

### मारपीट व गाली-गलौज करने वाले 2 अभियुक्तों को तीन वर्ष का कारावास व आठ-आठ हजार जुर्माना

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- दिनांक 19.10.92 को वादी मुकदमा राम भवन द्विवेदी पुत्र स्वामी नाथ नि. मटियरिया थाना गौरा चौराहा बलरामपुर द्वारा थाना गौरा चौराहा पर दी गई लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर कि विपक्षीगण 1. पाटेश्वरी प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद 2. माता प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद निवासी थाना मटियरिया थाना गौरा चौराहा बलरामपुर द्वारा खतरनाक हथियार से मारपीट व गाली-गलौज की गई है जिसके आधार पर थाना गौरा चौराहा पर मुअ0सं. 87/92 धारा- 323/324/504 आईपीसी पंजीकृत किया गया। जिसके अभियोग की विवेचना उ.नि. राम सुमेर राय द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी अभियोजन अधिकारी आशा यादव व मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद सिंह एवं थाना गौरा चौराहा द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तगण पाटेश्वरी प्रसाद व माता प्रसाद उपरोक्त को न्यायालय ष्टछ्वस्ष्/ष्टछ्वरूबलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध में 3 वर्ष का कठोर कारावास व प्रत्येक को 8000/- रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने किया चर्चा



**उतरौला (बलरामपुर)।** शिक्षकों ने बैठक कर सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने पर चर्चा किया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने किया। उन्होंने 5 सितंबर पर शिक्षक दिवस को पूरे हर्षोल्लाह के साथ मनाने की अपील की। कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि शिक्षा में उनके स्थायी योगदान और शिक्षकों के महत्व में उनके विश्वास का सम्मान किया जा सके। 5 सितम्बर को सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की जयंती है। वह एक सम्मानित विद्वान, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। शिक्षक दिवस केवल उत्सव नहीं है, यह अपना दृष्टिकोण परखने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का समय है। छोटे-छोटे आभार और सहयोग से विद्यालय का माहौल सुधरता है। विद्यार्थियों को सुझाव दें आदर के साथ प्रश्न करें, समय पर पढ़ाई करें और शिक्षक के दिए फीडबैक को गंभीरता से लें। पूर्व माध्यमिक शिक्षक ब्लाक अध्यक्ष ब्रजेश चौधरी ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन शिक्षण और दर्शन के क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके कई छात्रों और शुभचिंतकों ने उनका जन्मदिन विशेष रूप से मनाने का प्रस्ताव रखा। तब डॉ राधाकृष्णन ने कहा कि उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए, ताकि शिक्षक और शिक्षण के महत्व को रेखांकित किया जा सके। तब से 5 सितंबर भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और शिक्षा के प्रति हमारे दायित्व याद दिलाता है। ब्लॉक मंत्री जियाउलहक, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, श्रद्धा सिंह, सतीश कुमार यादव, देश रत्न, मकसूद अहमद आदि मौजूद रहे।

# फंदे से लटका मिला पति, बिस्तर पर मृत मिली पत्नी

**हत्या या आत्महत्या ?**

- रहस्यमयी हालात में हुई दंपती की मौत से मचा हड़कंप



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

हैदराबाद कस्बे में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति का शव फंदे से लटका मिला, वहीं पत्नी मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ी थी। एक ही परिवार में हुई दो मौतों से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया है। घटना के पीछे आत्महत्या है या सुनियोजित हत्या-इसको लेकर अब तक संशय बरकरार है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

घटना हैदराबाद की, जहां रहने वाले राज बहादुर मिश्रा (50) पुत्र छोटेलाल मिश्रा और उनकी पत्नी सुनीला देवी (47) रोज की तरह मंगलवार की रात घर में थे। बुधवार सुबह जब दोनों काफी देर तक बाहर नहीं निकले और ना ही किसी आवाज का जवाब मिला, तो उनके बड़े भाई रामबहादुर और भतीजे मोनू को चिंता हुई। उन्होंने आवाज दी, लेकिन जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो दरवाजा खोलकर भीतर दाखिल हुए। जैसे ही परिजनों ने घर के ऊपरी हिस्से में बने कमरे में प्रवेश किया, उन्होंने देखा कि राज बहादुर मिश्रा फांसी के फंदे से झूल रहे थे, जबकि उनकी पत्नी सुनीला देवी बिस्तर पर मृत पड़ी थीं। यह दृश्य देखकर परिजन चीख पड़े। घटना की सूचना तत्काल मोहल्ले के अन्य लोगों को दी गई। थोड़ी ही देर में घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई और पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार राज बहादुर दूध का व्यवसाय करते थे। उनके पास भैंसें थीं, जिन्हें वे रोजाना घर के भीतर ही बांधते थे। लेकिन घटना की रात भैंस को बाहर ही बांधकर रखा गया था, जो कि असामान्य बात है। इस छोटे से विवरण ने घटना को लेकर संदेह और भी गहरा कर दिया है। लोगों का कहना है कि कुछ तो ऐसा हुआ जो सामान्य दिनचर्या से अलग था। घटना की सूचना पाकर मृतका की मां रूपा देवी, निवासी पड़रिया मोड़ मोहम्मदी, भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने साफ शब्दों में आरोप लगाया कि उनकी बेटी और दामाद की हत्या की गई है। उनका कहना है कि दंपती के बीच किसी प्रकार का तनाव नहीं था और दोनों खुशहाल जीवन जी रहे थे। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने घर की गहन तलाशी ली है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से सरिया चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया युवक, एक फरार

**मैगलगंज (खीरी)।** औरंगाबाद से मोहम्मदी नेशनल हाईवे 730A पर स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से सरिया चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस की सतर्कता से एक युवक रंगेहाथ पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, पकड़े गए युवक की पहचान आशीष मशीह पुत्र पीटर सैमुअल निवासी औरंगाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से चोरी के औज़ार व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। औरंगाबाद चौकी इंचार्ज अनूप मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई और उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं, फरार साथी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## गोवंश रोड पर रात गुजारने को मजबूर, जिम्मेदार अधिकारी मौन

- राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने की कठोर कार्रवाई की मांग



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला नगर में इन दिनों गोवंश की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। नगर की सड़कों पर रात के अंधेरे में गोवंश खुले में घूमने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि तीन दिनों की लगातार बारिश के बावजूद भी इन बेसहारा गोवंशों को गौशालाओं में शरण नहीं मिल सकी। जिम्मेदार अधिकारी जहां मौन हैं, वहीं नगरवासी और सामाजिक संगठनों में आक्रोश पनप रहा है। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने इस गंभीर विषय पर जिलाधिकारी से कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि गौशालाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। पशुपालक सिर्फ दूध निकालकर गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। गुप्ता ने बताया कि अधिकांश पालतू गायों के कानों में टैग तक नहीं लगे हैं, जिससे यह प्रमाणित नहीं हो पाता कि यह पशु गौशाला से संबंधित हैं या किसी पशुपालक के। उन्होंने मांग की कि पशु चिकित्सा विभाग समय-समय पर टैगिंग अभियान चलाए, जिससे हर पशु की पहचान हो सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। रात के समय नगर की प्रमुख सड़कों पर गोवंशों की भीड़ रहने से वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी ही एक दुर्घटना की जानकारी अनूप गुप्ता को बीती रात 7:30 बजे मिली, जब खुटार रोड स्थित फूल बाबा आश्रम के पास एक अज्ञात सफेद वरना फोर व्हीलर ने एक गोवंश को टक्कर मार दी।

**घटना स्थल पर पहुंचकर कराया इलाज**

सूचना मिलते ही अनूप गुप्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलवाकर घायल गोवंश का इलाज करवाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस के दो सिपाही मौके पर पहुंचे। श्री गुप्ता ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन और आरोपी चालक की पहचान में जुटी है।

**जिलाधिकारी से की सख्त कार्रवाई की मांग**

श्री गुप्ता ने मांग की कि जिले में संचालित सभी गौशालाओं का निरीक्षण कराया जाए और जो गौशालाएं केवल कागजों में चल रही हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, ऐसे पशुपालकों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हो जो अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर छोड़ देते हैं।

## निघासन में लगा जनता दरबार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने सुनीं समस्याएं



**निघासन खीरी।** निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने बुधवार को ब्लॉक परिसर स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी शिकायतें रखीं। जनता दरबार में ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, पेयजल, राजस्व से जुड़े मामले और सामाजिक योजनाओं में आ रही दिक्कतों को सामने रखा। फरियाद सुनते ही अमनदीप सिंह ने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर निस्तारण कराने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता दरबार का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को समय पर न्याय और राहत दिलाना है। इस मौके पर राहुल कुमार, भिखारी निषाद, जय प्रकाश मौर्य, बाल गोविन्द निषाद, कमलदेव पाण्डेय, रामायण निषाद, भागवत निषाद सहित बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्तर पर बहन पृवृद्धि ने अर्जित किया तृतीय स्थान



**लखीमपुर खीरी।** दिनांक 2 सितम्बर 2025 को आर.एम. ज्ञान दायिनी इण्टर कॉलेज, राजाजीपुरम राजापुर, लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय हिन्दुस्तान ओलम्पियाड प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हुआ। इस परिणाम में विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा बहन पृवृद्धि ने राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने विजेता छात्रा को प्रशस्ति पत्र, मैडल और चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बहन पृवृद्धि ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दिए गए ज्ञान और सतत अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि सभी विषयों का निरंतर अभ्यास ही उनकी सफलता का प्रमुख कारण रहा है। प्रधानाचार्य श्री शुक्ला ने छात्रा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि पृवृद्धि आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट सफलता अर्जित करेगी। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## युवा संगठन की पहलः रूरा सुल्तानपुर में बाढ़ पीड़ितों को मिला सहारा

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



तराई में बाढ़ से जूझ रहे ग्रामीणों के बीच बुधवार को उम्मीद की किरण तब जगी, जब यूपी यूथ एसोसिएशन का युवा संगठन राहत लेकर रूरा सुल्तानपुर पहुंचा। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव घूमकर बाढ़ पीड़ित परिवारों तक भोजन पहुँचाया। आपदा की इस घड़ी में युवाओं की यह पहल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित हुई। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण घरों में कई दिनों से चूल्हे नहीं जले थे। ऐसे में संगठन की ओर से मिले पके हुए भोजन ने उन्हें न केवल तात्कालिक राहत दी, बल्कि मनोबल भी बढ़ाया। भोजन वितरण अभियान में संगठन के पदाधिकारी और सदस्य पूरे जोश के साथ शामिल रहे। इस दौरान विकास वर्मा, ऋषिकेश शर्मा, देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह रूरा, इसरार सर, बलराम राही, आनंद मंगल सिंह, ललित गुप्ता, प्रिंस वर्मा, इस्तियाक, जगदीश सर, उमेश शुक्ला, मंजीत श्रीवास्तव समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन के संस्थापक हृदयेश शंकर शुक्ला ने कहा, ÷आपदा की इस घड़ी में हमारा संगठन हर नागरिक की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। भोजन, दवा और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराने की कोशिशें लगातार जारी रहेंगी। वहीं मंडल उपाध्यक्ष विकास वर्मा ने कहा, प्राकृतिक आपदा में प्रशासनिक मदद का इंतजार करने के बजाय युवाओं को खुद आगे आना चाहिए। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है और हमारा संगठन हर हाल में पीड़ितों के साथ खड़ा रहेगा।

### ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर बालक झुलसा, एंबुलेंस सेवा घंटों तक नहीं मिली



**उचौलिया (खीरी)।** क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जमीन पर खुले रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर एक मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद घायल को तत्काल एंबुलेंस सुविधा नहीं मिल सकी और परिजनों को मजबूरी में निजी वाहन से अस्पताल ले जाना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धर्मेंद्र का बेटा सोहित सुबह पतंग उड़ा रहा था। पतंग का मांझा ट्रांसफार्मर में उलझ जाने पर वह चबूतरे पर चढ़ गया। इसी दौरान बिजली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह उसे ट्रांसफार्मर से अलग किया और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन एक घंटे बाद भी वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। अंततः पिता अपने झुलसे बेटे को ऑटो से सीएचसी पसगवां ले गए, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा विभागीय लापरवाही का नतीजा है। बिजली विभाग द्वारा यदि समय रहते ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग कर दी जाती, तो यह घटना टल सकती थी। क्षेत्र में दर्जनों खुले ट्रांसफार्मर पड़े हैं जिनमें सुरक्षा उपकरणों का कोई प्रबंध नहीं है। इससे पहले भी ऐसे हादसे कई बार हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली विभाग इस तरह की लापरवाहियों पर तत्काल रोक लगाए और खुले पड़े ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, ताकि आगे मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ न हो।

## तहसील परिसर में अधिवक्ताओं को बिजली-पानी, शौचालय कोसों दूर

**बीपी त्रिपाठी**










उतरौला ,बलरामपुर। तहसील मुख्यालय उतरौला तहसील परिसर में अधिवक्ताओं को सविधा दरकिनार अभी तक सरकार द्वारा बिजली, पानी व शौचालय की व्यवस्था नहीं है। शौच करने के लिए तय करना पड़ता है एक किलोमीटर की दूरी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बलरामपुर के सबसे पुरानी तहसील अभी तक सुविधाओं से वंचित है तहसील परिसर में न तो अधिवक्ताओं को बैठने की व्यस्था है तथा शौचालय, बिजली व पानी की भी व्यवस्था नहीं जिससे अधिवक्ताओं को शौच क्रिया के लिए नाकोचना चबाना पड़ता है। वरिष्ठ अधिकता अशोक कुमार दुबे का कहना है आजादी से ले करके आज तक सरकार द्वारा वकीलों के लिए कोई व्यवस्था नही मुहैया कराया गया तहसील परिसर में बिजली, पानी शौचालय की कोई व्यस्था नहीं है। अधिवक्ता अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहसील परिसर में सुविधाओं का टोटा है अधिवक्ता एवं वादकारियों को एक किलोमीटर शौच क्रिया करने लिए जाना पड़ता है। अधिवक्ता दीपक श्रीवास्तव का कहना है शौचालय बना है मगर बन्द पड़ा केवल कागजी घोड़ा चल रहा, कोई भी वकील या वादकारी शौच क्रिया नहीं कर सकता है। अधिवक्ता निराकार कोली ने बताया आज तक सरकार वकीलों के हिट कोई कार्य नही किया। तहसील में 300 अधिवक्ता की आमद है जिससे 500 वादकारियों का जमावड़ा होता है तहसील की स्थापना 1853 में बलरामपुर स्टेट कराया था उस समय उतरौला तहसील गोण्डा जनपद में था। तहसील परिसर बिजली, पानी, शौचालय की मांग अधिवक्ता मारुतिनंदन मिश्रा, ज्वाला प्रसाद, मार्कण्डेय मिश्रा, सिया राम मिश्रा, मारुतिनंदन गुप्ता, धर्म राज यादव सहित सैकड़ों वकील परिसर सविधाओं को न होना कड़ी निंदा की है। उधर उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह ने बताया कि पानी व शौचालय की व्यवस्था मौजूद है।

## गणेश पूजन महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गयी शोभायात्रा



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

श्रीगणेश पूजन महोत्सव सोमनाथ मंदिर से भगवान श्री गणेश महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों भक्तगण सम्मिलित हुए भक्तों ने डीजे के धुन पर नाचते थिरकते और खूब झूम कर भक्ति में सराबोर हुए महंत जितेन्द्र वन, अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद जायसवाल, योगेंद्र वन, धर्म प्रकाश पांडे, प्रेमनाथ, रामू जायसवाल, रमेश कौशल, अभय मोदनवाल, चमन, संजय श्रीवास्तव, नीरज यादव, अमन, गुलशन छोटू पाण्डेय, महेंद्र श्रीवास्तव, रामपाल वर्मा, मुकेश यादव, राहुल पासवान आदि लोग सम्मिलित हुए और मुख्य बाजार श्री दत्तगंज से होते हुए रासी तट बिजली पर में विसर्जन किया गया महंत ने सभी श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार प्रकट किया जिसमें मॉडर्न थाना श्री दत्तगंज सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद दिखी।

### गणेश चतुर्थी के अवसर पर खाकी दास मन्दिर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला स्थित खाकी दास बाबा मंदिर में गणेश चतुर्थी का विशेष आयोजन किया गया। श्री मनौतियों के राजा समिति की ओर से आर्यनगर में स्थित पंडाल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंगलवार की रात को विशेष नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। स्थानीय महिलाओं और बच्चों ने गणपति के भक्ति गीतों पर डांडिया और गरबा नृत्य किया। एकल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पंडाल में सुबह-शाम भक्तों का पूजन के लिए आना-जाना लगा रहता है। समिति के अध्यक्ष संतोष कसौधन, महंत दिलीप दास, विक्की गुप्ता, महेश गुप्ता, आशीष कसौधन, राजू गुप्ता, संतोष सोनी, मिंटू गुप्ता, जितेंद्र कुमार, पिंटू गुप्ता और गुड्डू कसौधन ने प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में किरन गुप्ता, दीपाली कसेरा, आरुषि, सालू गुप्ता, महक, प्रांजल, कुमकुम, जानवी, एंजल, माही, काजल, राधा, प्राची, ज्योति और दीपांजलि शामिल रहीं।

## जाफरपुर में दुर्गा माता मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन व शिलान्यास



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** ग्राम पंचायत जाफरपुर में दुर्गा माता मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर किया गया। पूजन-पाठ का आयोजन पंडित छेदी महाराज के द्वारा संपन्न कराया गया। धार्मिक माहौल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष विष्णु गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता बहरैची प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता राम अवध शर्मा (क्षेत्र पंचायत सदस्य), गंगाराम (बीडीसी), प्रकाश चन्द सिंह (प्रधानाचार्य), शिव करन सिंह, प्रभाकर सिंह, मनीष कुमार, जयराम सहित अनेक सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने मंदिर निर्माण को एक ऐतिहासिक व धार्मिक कार्य बताते हुए इसे सामाजिक एकता व श्रद्धा का प्रतीक बताया।

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से नया भारत गढ़ने की राह पर उत्तर प्रदेश

## प्रदेश की योगी सरकार के प्रयासों से 2017 के बाद से यूपी की शिक्षा व्यवस्था में आया आमूलचूल बदलाव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था लंबे समय तक बदहाल स्थिति में रही। 2017 से पहले विद्यालयों में शिक्षक तो थे, लेकिन प्रशिक्षण और संसाधनों की भारी कमी थी। अधिकांश विद्यालयों में न तो पुस्तकालय थे और न ही बच्चों के लिए खेलकूद या डिजिटल शिक्षा जैसी सुविधाएं।

ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में तो बच्चों को बुनियादी पठन-पाठन सामग्री तक उपलब्ध नहीं होती थी। विद्यालयों में पर्यवेक्षण की व्यवस्था लगभग निष्क्रिय थी और शिक्षकों को पढ़ाने के लिए आधुनिक संसाधन नहीं मिलते थे। परिणामस्वरूप साक्षरता दर और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रही थीं। वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद योगी सरकार ने शिक्षा सुधार को मिशन मोड में लेकर काम किया। पीएम श्री विद्यालय आधुनिक संसाधनों और शिक्षण पद्धतियों का मॉडल बन चुके हैं। इनमें लाइब्रेरी, खेलकूद सामग्री, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

### स्मार्ट क्लास से डिजिटल स्टूडियो तक शिक्षा का डिजिटलीकरण

पहले ज्यादातर विद्यालयों में ब्लैकबोर्ड ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम था। आज प्रदेश के 25,790 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित हो चुकी हैं। 4,688 विद्यालयों में आईसीटी लैब्स, 880 विकासखंडों में आईसीटी लैब्स और पीएम श्री योजना के तहत 1,129 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास व डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इतना ही नहीं, लखनऊ में 10 करोड़ रुपये की लागत से डिजिटल स्टूडियो बना है और विद्या समीक्षा केंद्र से डेटा आधारित मॉनिटरिंग की जा रही है। जहां पहले निरीक्षण का काम औपचारिकता मात्र रह गया था, वहीं अब सरकार ने एक संगठित तंत्र विकसित किया है। प्रत्येक विकासखंड में एआरपी, प्रत्येक जनपद में एसआरजी और डायट मेंटर्स नियमित रूप से विद्यालयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करते हैं। शिक्षक संकुल बैठकें मासिक एजेंडा आधारित होती हैं और इनमें बेस्ट प्रैक्टिस साझा की जाती हैं।

### मजबूत हो रही बच्चों की नींव

सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026-27 तक प्राथमिक स्तर पर सार्वभौमिक साक्षरता और संख्या ज्ञान सुनिश्चित करना है। अब तक 48,061 विद्यालय 'निपुण विद्यालय' घोषित किए जा चुके हैं। यह पहले की स्थिति से बिल्कुल अलग तस्वीर है, जब बच्चों की नींव कमजोर रह जाती थी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि एक शिक्षक की तरह उन्होंने कमजोर शैक्षिक व्यवस्था की नस को पकड़ा और 'निपुण भारत मिशन' से लेकर 'पीएम श्री विद्यालय', 'विद्या समीक्षा केंद्र' से लेकर 'डिजिटल स्टूडियो' तक ऐसी नई पहलों को शुरू किया जिसकी मदद से आज यूपी की शिक्षा व्यवस्था नए आयाम गढ़ रही है। योगी सरकार के प्रयासों ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में नई ऊर्जा और दिशा दी है। जहां पहले विद्यालय केवल पढ़ाई तक सीमित थे, वहीं अब वे डिजिटल नवाचार, विज्ञान, खेलकूद और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के केंद्र बन गए हैं।

# मनरेगा को और अधिक पारदर्शी बनाएगा युक्तधारा

समृद्धि न्यूज

**मनरेगा को गांवों में और कारगर बनाएगा पोर्टल युक्तधारा**

**लखनऊ ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता व निगरानी के लिए अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। व्यवस्था के बहुत ही सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर आ रहे हैं।मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए और मजदूरों के भुगतान में हेराफेरी न होने पाये, इस दिशा में अभिनव कार्य किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में 'युक्तधारा पोर्टल' लांच किया जा रहा है। युक्तधारा पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा को और भी पारदर्शी बनाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 से मनरेगा के सभी कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किये जाएंगे। इस पोर्टल पर हर कार्य की कार्ययोजना, स्थान, लागत और प्रगति का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें भौगोलिक सूचना प्रणाली जीआइएस आधारित योजना तैयार की जाएगी। यानी किस गांव में, किस जगह, कितने क्षेत्रफल में और कितनी लागत से कार्य होना है।

## खबरें एक नजर में

### दशलक्षण पर्व के सातवें दिन हुई उत्तम तप धर्म की पूजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जैन धर्म के सर्वोच्च पर्व दशलक्षण के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की पूजन सभी जैन मंदिरों मे की गई। जैन मान्यता के अनुसार प्रत्येक श्रावक के 6 आवश्यक कार्य बताए गए हैं। देव वंदना, गुरूपास्ती, स्वाध्याय, संयम, तप और दान। तप करना प्रत्येक श्रावक का मूल धर्म है। आज व्यक्ति चका दृ चौंध भरी इस दुनिया मे धर्म से दूर होता जा रहा है। पुराणों मे आचार्यों द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है की धर्म पर सच्चे श्रद्धान के बिना कल्याण होने वाला नहीं है। आज प्रातः इंदिरा नगर जैन मंदिर मे भगवान शांतिनाथ की विशेष पूजा की गई एवं अरविन्द जैन, आयुष जैन एवं डा आनंद जैन द्वारा भगवान को पंडुकशिला पर विराजमान कर अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया की आज उत्तम तप के पावन दिन पर उपस्थित धर्मावलंबियों द्वार मंदिर मे चल रहे धर्मार्थ औषधालय की व्यवस्था मे दान कर सहयोग प्रदान किया एवं यह संकल्प भी लिया की जरूरत मंद को हर संभव इलाज मुहैया कराने मे सहयोगी बनेंगे।

### छात्रों को न्याय दिलाने को लेकर सपा छात्र सभा का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में समाजवादी छात्र सभा ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। सपाइयों ने राजभवन का घेराव किया। पुलिस की गाड़ी पर चढ़ गए। प्रदेश सरकार और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस उन्हें घसीटकर और टांगकर गाड़ियों में बैठाया। उसके बाद ईको गार्डन धरना स्थल ले गई। सपाई राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन के दौरान छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर हुए लाठी चार्ज का विरोध कर रहे थे। सपाइयों ने कहा कि इस मामले में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ हैं। छात्रों के साथ किसी भी कीमत पर अन्याय नहीं होने देंगे। उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे। जरूरत पड़ी तो दिल्ली तक जाएंगे। प्रदर्शन कर रहे अमरेंद्र ने कहा कि हम लोग रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों के समर्थन में उतरे हैं। रामस्वरूप यूनिवर्सिटी को स्स्ठ की डिग्री देने की मान्यता नहीं है, फिर भी वह लोग फर्जी डिग्री दे रहे हैं। छात्रों के साथ अन्याय और अत्याचार कर रहे हैं। छात्रों के ऊपर अनावश्यक 500 का जुर्माना लगा रहे हैं। एबीवीपी के छात्रों पर जमकर लाठी बरसाई गई, हम लोग उसके खिलाफ हैं। पुलिस प्रशासन को आगे करके छात्रों के साथ अन्याय किया गया है।

### बाढ़ प्रभावितों को अपना एक माह का वेतन देंगे विधायक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी (रालोद) के विधायक व सांसद अपना एक माह का वेतन बाढ़ राहत कोष में देंगे। जिससे बाढ़ प्रभावित जनमानस की मदद की जा सके। यह निर्देश पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि देश के कई राज्य बाढ़ से लगातार प्रभावित हो रहे हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। कई-कई दिन से परिवार के परिवार बाढ़ की चपेट में आए हुए हैं। उनको राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की टीम लगातार सुरक्षित जगह पर पहुंचने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरा देश बाढ़ पीड़ितों के लिए जुट रहा है और उनके साथ खड़ा है। गौरतलब है कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई।

### खाद के लिए सपाइयों ने घेरा कलेक्ट्रेट, लेटकर प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सर पर यूरिया की बोरी रखकर और शरीर पर खाद की बोरी पहनकर 2 घण्टे तक जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ यूरिया खाद चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी, नेशनल स्पोक पर्सन जूही सिंह समेत बड़ी संख्या में यूथ बिर्गेड, महिला सभा और युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हंगामा और नारेबाजी किया। प्रदर्शन के दौरान खाद की बोरी ओढ़ कर कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए हंगामा और नारेबाजी करने लगे। सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है।

### हादसे में स्कूटी सवार की मौत, अमौसी स्टेशन रोड जाम की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में अमौसी स्टेशन रोड पर हादसा हो गया। इंडेन गैस के टैंकर ने एक स्कूटी सवार को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टैंकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान गोंडा निवासी अंकित कुमार (30) के रूप में हुई है। वह टीएस मिश्रा हॉस्पिटल में टीपीए एग्जीक्यूटिव पद पर तैनात था। अंकित अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ अस्पताल के सामने किराए के मकान में रहता था। हादसा दोपहर करीब 3 बजे नादरगंज तिराहे से अमौसी रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर कान्हा उपवन के पास हुआ। अंकित टैंकर के अगले पहिए की चपेट में आ गया था। स्थानीय लोगों ने शव रखकर नादरगंज-अमौसी रेलवे स्टेशन रोड जाम कर दी।

### धांगर जाति को एसटी की सूची में शामिल करे सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की धाँगर जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने तथा इसके सूची में वर्तमान नाम धंगड़ को संशोधित कर धाँगर करने के लिए आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी ने आज दो अनुस्मारक पत्र सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को भेजे हैं। पहले पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति की सूची के क्रमांक 27 पर हिंदी में 'धन्गड़' जाति का नाम अंकित है। यह धंगड (धाँगर) जाति मूलतः उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद में रहती है जिसके बारे में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2009-2010 और उसके बाद भी समय-समय पर सामाजिक, आर्थिक, नृजातीय सर्वेक्षण कराया गया। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह जाति मिर्जापुर के कैमूर रेंज के सोनभद्र जनपद में निवास करती है, जो आदिवासी 'उरांव' समूह की है और आदिवासी मूल की जाति है। अतः उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद में रहने वाली धंगड (धाँगर) जाति का नाम अनुसूचित जाति से हटा कर अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित किया जाए।

### गोमती नदी में मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे एक युवक का शव गोमती नदी में मिला। मृतक की पहचान हरदोई के संडीला निवासी नवीन कुमार (35) के रूप में हुई है। शव गोमती नदी में मिला है। नवीन पारा थाना क्षेत्र के सोनिया नगर में रह रहे थे। वह 28 अगस्त की शाम से लापता थे। नवीन ने हाल ही में हरियाणा विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए परीक्षा दी थी। चयन न होने के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। 28 अगस्त की शाम को वह बिना कुछ बताए घर से निकले और वापस नहीं लौटे। परिजनों ने देर रात तक तलाश किया। कोई सुराग न मिलने पर पारा कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार शाम मड़ियांव थाना क्षेत्र के घैला में गोमती नदी की झाड़ियों में उनका शव मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शव की पहचान के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर हरदोई चले गए। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण पता चलेगा।

### नायब तहसीलदार को मिल सकेगा तहसीलदार पद का प्रभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के नायब तहसीलदारों को अब तहसीलदार का प्रभार दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश में अब नायब तहसीलदारों को तहसीलदार दायित्व देकर राजस्व वाद निपटाया जाएगा। प्रदेश में 422 तहसीलदारों के पद खाली होने के बाद यह फैसला लिया गया है। इस बाबत राजस्व परिषद के सचिव आईएएस एसपीएस रंगाराव ने प्रदेश के मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश भेज दिया है।

**मुख्यमंत्री ने आईआईटी कानपुर में उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम समन्वय में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल**

# मानवता व देशहित में हो टेक्नोलॉजी का उपयोग

**सीएम पहुंचे आईआईटी कानपुर, 'समन्वय' कार्यक्रम में हुए शामिल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, टेक्नोलॉजी मनुष्य के लिए वरदान है। टेक्नोलॉजी का उपयोग मानवता व देशहित में होना चाहिए। आईआईटी कानपुर का गौरवशाली इतिहास रहा है। 6 दशकों में आईआईटी कानपुर ने देश में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

मुख्यमंत्री कानपुर नगर में आईआईटी कानपुर में उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम समन्वय में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स, साइबर सुरक्षा तथा सस्टेनिबिलिटी आदि महत्वपूर्ण विषयों से सम्बन्धित टेक्निकल सेशन आयोजित किये जाएंगे। सामान्य नागरिक, समाज, देश और दुनिया इन विषयों को लेकर संवेदनशील है। मुख्यमंत्री ने इण्डस्ट्री से जुड़े डेलीगेट्स व लीडर्स से कहा कि उन्हें अपने मुनाफे का बड़ा हिस्सा इनोवेशन, रिसर्च एण्ड डेवलपमेण्ट में उपयोग करना चाहिए। आईआईटी कानपुर भारत का पहला डीप टेक भारत-2025 विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करे। यहां डीप टेक भारत से सम्बन्धित अच्छी समिट होनी चाहिए। इस उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर में लैंड अलॉट की गयी है। आईआईटी कानपुर को इस क्षेत्र में लीड करना चाहिए। इस कार्य में डीआरडीओ, इसरो और अन्य संस्थाओं का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। उन्हें विगत दिनों नोएडा का ड्रोन टेक्नोलॉजी केन्द्र देखने का अवसर प्राप्त हुआ। वहां हमने देखा कि हमारा युवा किस प्रकार नये भारत की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला कर रहा है। आईआईटी कानपुर चुनौतियों का सामना करने में युवाओं को सक्षम बना रहा है। कानपुर में मेड टेक का सेंटर ऑफएक्सीलेंस बन रहा है। अगले वर्ष सेण्टर प्रदेश वासियों को उपलब्ध हो जाएगा। आज प्रतिस्पर्धा के समय में हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहने का प्रयास होना चाहिए, क्योंकि लोग अग्रिम पंक्ति में रहने वालों को ही याद रखते हैं। आज क्वॉण्टम कम्प्यूटिंग के क्षेत्र में आईआईटी कानपुर कार्य कर रहा है। विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। मैथमेटिक्स की कर्माकर थ्योरी भारत के गणितज्ञ ने दी है। गणितज्ञ कर्माकर जी को आईआईटी कानपुर के साथ जोड़ने का प्रयास चल रहा है। वह क्वॉण्टम कम्प्यूटर से भी बेहतर कम्प्यूटर देने का सामर्थ्य रखते हैं। वह इस दिशा में यहां के विद्यार्थियों का काफी सहयोग कर सकते हैं।

### छह लग्जरी गाड़ियों के काफिले में घूमता फर्जी आईएएस गिरफ्तार

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को पुलिस ने एक फर्जी आईएएस को गिरफ्तार किया है। वह यूपी सरकार के कई कार्यक्रमों में बतौर विशेष सचिव शामिल हो चुका है। इसके अलावा दूसरे राज्यों के सरकारी कार्यक्रमों में केंद्र सरकार का सचिव बनकर शामिल होता था। उसने यह बात पुलिस के सामने कबूल की है। फर्जी आईएएस की पहचान सौरभ त्रिपाठी के रूप में हुई है। वह खुद को अफसर बताकर पहले लोगों को रौब में लेता था, फिर उनको ठगता था। वजीरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चेकिंग के दौरान कारगिल शहीद पार्क के पास से सौरभ को पकड़ा गया। वह पुलिस पर रौब झाड़ने की कोशिश कर रहा था।

## बुद्धा पार्क में शिवालय निर्माण योजना रद्द, मायावती ने फैसले का किया स्वागत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित बुद्धा पार्क में प्रस्तावित शिवालय पार्क के निर्माण को लेकर उठा विवाद अब शांत होता नजर आ रहा है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना को रद्द किए जाने पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सरकार का आभार जताया है।

हाल के दिनों में खबर आई थी कि कानपुर के कल्याणपुर इलाके में स्थित प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क विकसित करने तथा 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियाँ स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया था। यह कदम बौद्ध समुदाय और डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों के विरोध के चलते विवाद का केंद्र बन गया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस निर्णय को सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में सही कदमष् बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान जारी कर कहा, बुद्धा पार्क बौद्ध धर्म और अम्बेडकरवादियों के लिए आस्था का केंद्र है। वहां किसी अन्य धर्म का पूजा स्थल प्रस्तावित करना अनुचित था। मैं इस प्रस्ताव को रद्द करने के लिए सरकार का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता की भावना के विपरीत हैं और समाज में अशांति का कारण बन सकते हैं।

### खरीफ फसलों का कीट और रोगों से करें बचाव

**लखनऊ ।** प्रदेश के किसानों के हित में कृषि विभाग द्वारा खरीफफसलों के बचाव के लिए विशेष परामर्श जारी किए गए हैं। इन दिनों खरीफ फसलों की बढ़वार का समय चल रहा है, इसी समय में मौसम में आर्द्रता एवं तापमान अधिक होने के कारण कीट एवं रोगों का प्रकोप भी किसानों की फसलों पर अधिक होता है स इस समय की मुख्य फसलें धान, मक्का, उर्द, मूंग, तिल, मूँगफली, अरहर आदि हैं, जिनमें कीट एवं रोगों का प्रकोप खेतों में देखने को मिलता है।इन दोनों धान में लगने वाले भूरा फुद्का कीट के प्रबंधन लिए खेत में रुके हुए पानी को निकाल दें। प्रारंभिक रोकथाम हेतु नीम का तेल 600 मिली प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बना के छिड़काव करें।

## विधि शिक्षा केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम न होकर है व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की यात्रा : शंभू नाथ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल, टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अपने नए विधि छात्रों के स्वागत हेतु एक प्रेरणादायी ओरिएंटेशन व्याख्यान का आयोजन किया, कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना तथा विधि की डिग्री से मिलने वाले विस्तृत करियर अवसरों के बारे में जानकारी देना था।

व्याख्यान शंभू नाथ मिश्र, अधिवक्ता एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के शिक्षण संकाय सदस्य द्वारा दिया गया। श्री मिश्र ने विधि शिक्षा को केवल एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम न मानते हुए उसे व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की यात्रा बताया। उन्होंने जोर दिया कि टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. करना एक विवेकपूर्ण निर्णय है, क्योंकि यह संस्थान केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण पर भी विशेष ध्यान देता है। विधि व्यवसाय में सफलता के लिए आवश्यक मूलभूत गुणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने पढ़ने, लिखने और बोलने की क्षमता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को बहस, मूट कोर्ट और विचार-विमर्श जैसी अतिरिक्त गतिविधियों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार, ये गतिविधियाँ अतिरिक्त नहीं बल्कि विधि शिक्षा की बुनियादी स्तंभ हैं। श्री मिश्र ने छात्रों को यह भी स्मरण कराया कि विधि हमारे दैनिक जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है।

## दीपोत्सव-2025 में दुनिया देखेगी भारत की समृद्ध संस्कृति व नवीन तकनीक : जयवीर

**अयोध्या में दीपोत्सव 19 अक्टूबर को, 1,000 से अधिक ड्रोन से होगा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश सरकार अयोध्या में दीपावली को यादगार बनाने के लिए 'दीपोत्सव 2025' का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा एक आकर्षक एरियल ड्रोन शो किया जाएगा।

रामनगरी के आसमान में 1,000 से अधिक रंग-बिरंगे ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर भक्ति, अध्यात्म और आधुनिकता का मनोरम झलक प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ड्रोन शो दीपोत्सव की आध्यात्मिक भव्यता को और भी आकर्षक बनाएगा। पिछले वर्ष से भव्य दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है। अयोध्या में 19 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामनगरी लाखों दीयों की रोशनी से आलोकित होगी। इस आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की पौराणिक स्मृतियों को जीवंत करना है। पूरे नगर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे दीपोत्सव में शोभायात्रा के साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक आयोजन भी होंगे, जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। अयोध्या में इस बार होने वाले दीपोत्सव में दर्शकों को मनोरंजन के साथ एरियल ड्रोन शो का दिव्य अनुभव मिलेगा। लगभग 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में 1,000 से अधिक मेड इन इंडिया ड्रोन मेला की पौराणिक, आध्यात्मिक गाथा को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करेंगे। ड्रोन शो में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की धनुर्धारी मुद्राओं का सजीव चित्रण होगा। ड्रोन शो को और आकर्षक बनाने के लिए लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर और संगीतमय नैरेशन का विशेष संयोजन किया जाएगा।

### प्रशिक्षण प्रदाताओं को ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन

**लखनऊ ।** लखनऊ स्थित कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में प्रशिक्षण प्रदाताओं हेतु ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में कौशल विकास कार्यक्रमों के सुचारु, पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण प्रदाताओं को मार्गदर्शन और दिशा निर्देश प्रदान करना था। मिशन निदेशक ने अभिभावक दिवस की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि अभिभावक दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा 25 युवाओं के साथ प्रशिक्षण बैचों की शुरुआत की गई है। प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकों को कौशल प्रशिक्षण की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य एवं संभावित लाभों से अवगत कराना अनिवार्य किया गया है।

## महिला आयोग की अध्यक्ष ने अवंतीबाई और क्विन मेरी अस्पताल में परखीं व्यवस्थाएं

समृद्धि न्यूज

**अस्पतालों में मरीजों की सहायता के लिए दिए सुझाव**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने बुधवार को लखनऊ के महिला अस्पतालों का निरीक्षण किया। पहले वो अवंति बाई महिला अस्पताल गईं। इसके बाद केजीएमयू के क्वीनमैरी अस्पताल में प्रसूताओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दोनों अस्पतालों में मरीजों की सहायता के लिए अपने सुझाव भी दिए।

सुबह साढ़े 11 बजे के करीब महिला आयोग की अध्यक्ष अवंति बाई हॉस्पिटल पहुंचीं। थोड़ी देर बाद उनका निरीक्षण शुरू हुआ। ओपीडी से लेकर ऑपरेशन थिएटर को उन्होंने देखा। यहां के मरीजों से भी मिली। इसके लेबर रूम और किचन की सुविधाओं को भी परखा। वॉर्ड में एडमिट मरीजों से उन्होंने पूछा कि आज सुबह से कोई डॉक्टर राउंड लेने नहीं आया क्या? इसके जवाब में महिला मरीजों ने कहा कि नहीं मैडम, राउंड हो गया। डॉक्टर आई थीं। इससे पहले ओपीडी में बैठी प्रसूताओं से भी उन्होंने पूछा कि कितने देर हुए यहां बैठी हैं, जिसके जवाब में मरीजों ने बताया कि अभी कुछ देर पहले आए हैं। कोई मरीज उन्हें परेशानी बताता नहीं दिखा। किचन में काम कर रही महिला वर्कर से उन्होंने पूछा कि आज खाने में क्या बना है? इस पर जवाब आया कि आलू लौकी की सब्जी। इसके बाद उन्होंने कहा कि रोजाना करीब कितने लोगों का खाना बनता है। उन्हें बताया गया कि करीब 160 से 170 मरीज भर्ती रहते हैं।

### नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत, शरीर में मिले चोट के निशान

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के एक नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई ने कहा है कि जब उसका भाई गया था तो एकदम स्वस्थ था। नशा मुक्ति केंद्र वालों ने उसे पीटकर मार डाला। कुछ दिन पहले जब डिस्चार्ज कराकर लाए थे तो भाई ने बताया था कि केंद्र वाले बहुत मारते हैं। डिस्चार्ज कराने के बाद मृतक फिर से नशा करने लगा। इस पर जब केंद्र वालों को बताया गया तो वे बोले कि 5 दिन के लिए फिर एडमिट कर दीजिए। इस बार सही कर दिया जाएगा। पैसे और न देने पर केंद्र वालों ने धमकी दी थी। पूरा मामला चिनहट के निश्चय अस्पताल एवं नशा मुक्ति केंद्र का है। मृतक के भाई निराला नगर अलीगंज निवासी रोहित यादव ने चिनहट थाने में तहरीर दी है।

**तैयारी** | **स्टेशनों पर एवं बसों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखें : दयाशंकर सिंह**

# पीईटी परीक्षा 6 व 7 को, बेहतर होगी परिवहन बस सेवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने 6 एवं 7 सितम्बर को होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी-2025 के संबंध में समुचित परिवहन बस सेवा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की संभावित संख्या के दृष्टिगत समुचित संख्या में अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाए। मार्ग पर पड़ने वाले बस स्टेशनों पर सुरक्षा की व्यवस्था की जाए, जिससे अभ्यर्थियों विशेषकर महिला अभ्यर्थी को कोई असुविधा न हो। परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में एमडी परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पीईटी परीक्षा दो दिवसों में चार पालियों में होनी है। प्रदेश के 48 जनपदों में 1479 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें 25 लाख अभ्यर्थियों के आवागमन की संभावना है। सबसे अधिक लखनऊ में 1 लाख 26 हजार 912 परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे। लखनऊ में परिवहन की अधिक व्यवस्था की आवश्यकता है। गाजियाबाद में भी लगभग 1 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे है। प्रदेश के 48 जनपदों में परीक्षार्थी विभिन्न जनपदों से परीक्षा देने आयेगे। परिवहन निगम की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। श्री सरवर ने क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अन्य जनपदों से जहां से अभ्यर्थी आएगे के क्षेत्रीय प्रबंधक आपस में वार्ताकर बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। अभ्यर्थी दो दिन पूर्व से प्रस्थान करना प्रारम्भ कर सकते हैं। ऐसे में सभी 48 जनपदों में स्थित निगम बस स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में बसें उपलब्ध रहें। उन जनपदों से टारगेट जनपद के लिए बसें एक निश्चित काउन्टर पर उपलब्ध रहें, की व्यवस्था भी कराये।

### 91 केंद्रों पर बैठेंगे 1.26 लाख पीईटी अभ्यर्थी

**लखनऊ।** यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुचारू रूप से कराने को लेकर बुधवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। इसमें परीक्षा केंद्रों से लेकर रेलवे और बस अड्डों तक की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि पीईटी-2025 का आयोजन 6 व 7 सितंबर को दो शिफ्टों में होगा। जनपद लखनऊ में 91 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1,26,912 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। मंडलायुक्त ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की सख्त मॉनिटरिंग कराने के निर्देश दिए। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कराने की स्पष्ट व्यवस्था करने को कहा। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी केंद्रों पर लाइट, पंखे, पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था हो।

# पांच हैक्टेयर उपजाऊ भूमि सरयू में समाहित





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** लगातार हुई बारिश के कारण सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के बौंडी गांव निवासी परशुराम पुत्र राम हरख का मकान समाहित हो गया।

बौंडी के ही सोहन, लवकुश, सोहन, कन्हैया, केशव राम, राम लाल, गुरुशरण, रामहित, कमला, कौशल, शत्रोहन, कृष्ण कुमार, केशव, भगवानदीन तथा महाराजदीन आदि एवं पसियनपुरवा के कैलाश, तिलकराम, बांकेलाल, नरेंद्र तथा अमरीश आदि का लगभग पांच हेक्टेयर जमीन सरयू नदी में समाहित हो गई है। फिलहाल अब सरयू नदी का जलस्तर धीरे धीरे कम हो रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार ने बताया कि रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है। कटान पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है।

## बरसात के बाद विकास की खुली पोल, ब्लाक परिसर बना तालाब

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में हुई बारिश के बाद शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय पर बाढ़ जैसे हालात,स्वतंत्रता सेनानी स्मारक के चारों तरफ जमा घुटनों तक पानी की खबर है कि मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे से शुरू हुई बारिश ने शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय के व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। मुख्यालय के सामने घुटनों पानी जमा है। कर्मचारी इसी पानी से होकर आते जाते हैं। सोचिए कि जब ब्लॉक मुख्यालय का यह हाल है। तो क्षेत्र के गांवों का क्या



हाल होगा। यहां के कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि इस प्रकार के हालत थोड़ी सी बारिश होते ही दिखाई देने

### स्वतंत्रता सेनानी स्मारक के चारों तरफ हुआ जमा घुटनों तक पानी

लगता है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बना स्मारक भी बारिश के पानी से गिरा हुआ दिखाई दे रहा है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि नालियां सकरी एवं चौक होने की वजह से आगे पानी का बहाव नहीं हो पता है। श्रमिकों को लगाकर पानी निकासी का प्रबंध किया जा रहा है।

## जमीनी विवाद में चटकी लाठियां, चले धारदार हथियार, पांच घायल, केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत दलजीत पुरवा ग्राम पंचायत के पंडितपुरवा में बुधवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होते होते लाठी डंडा और धारदार हथियार चलने लगे। मारपीट के दौरान पांच लोगों को चोटें आई।

गांव निवासी अब्बास 60 पुत्र भुसैली ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने गांव निवासी नक़छेद आदि से जमीन खरीदा है। उसी को लेकर गांव



निवासी जिमीदार आदि लोग गाली दे रहे थे। जिसका विरोध किया तो सभी एक साथ लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गए। बचाव में आए बेटे नजीर (40), ननकुन (30) तथा बब्बन 25 पर भी लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

अब्बास पैर से दिव्यांग है, जिसे भी हमलावरों ने नहीं बक्सा सिर पर गंभीर चोटें आई है। प्रभारी थानाध्यक्ष महंत शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हैं। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा व ऑनलाइन अध्ययन मे सहायक होगी योजना : विधायक



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में बुधवार को निःशुल्क स्मार्ट फोन/टैबलेट वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार की पहल पर तकनीकी शिक्षा को सुलभ व आधुनिक बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल एवं एमएलसी बहराइच-श्रावस्ती डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन/टैबलेट वितरित किए और कहा कि यह योजना विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।समारोह की अध्यक्षता चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रो0 संजय खत्री ने की। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी, उप-प्रधानाचार्य डॉ. मलिक, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. ईशान पराशर, अस्पताल प्रबंधक रिज़वान सहित अनेक संकाय सदस्य, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमामयी माहौल में हुआ तथा अंत में डॉ. राजेन्द्र शुक्ला ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी विद्यार्थी तकनीकी संसाधनों से वंचित न रहे। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## खबरें एक नजर में

### बारावफात को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आगामी बारावफात त्यौहार को लेकर थाने में क्षेत्र से आए विभिन्न गांवों के लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक बुधवार को हुई। इस दौरान मिहींपुरवा उप जिलाधिकारी प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी हर्षित तिवारी, थाना प्रभारी निरीक्षक आनन्द चौरसिया ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुए लोगों से अपील किया कि वे अपना त्योहार शांतिपूर्ण, भाईचारे, प्रेम एवं मानवता के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि वे किसी नए परंपरा की शुरुआत नहीं करें। पिछले समय से चली आ रही परंपराओं के अनुसार ही अपने त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। इस दौरान बैठक में उपनिरीक्षक अजय यादव, जालिमनगर चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सिंह, एसआई सुनील सिंह समेत विभिन्न गांवों के अन्य लोग मौजूद रहे।

### जमीन जालसाजों के यहां एसआईटी ने दी दबिश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में बड़े पैमाने पर जाली दस्तावेज तैयार करके जाल साजो ने जमीन का बैनामा कराया था। जिस में करीब चार दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए थे। जिस की जांच लखनऊ के एस आई टी कर रही है। जिले में फर्जी तरीके से जमीन बैनामा करने की बाढ आ गई थी। जिस की जांच एक पुलिस के उच्चाधिकारी के आदेश पर शुरू हुई थी। जिसे करीब चार दर्जन से अधिक मुकदमे एक अधिवक्ता से लेकर कई लोगों के खिलाफ में दर्ज कराया गया था। जिस में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर के जेल तक भेजा गया था। जेल में बंद रहने के दौरान ही दो लोगो की मौत भी हो चुकी है। इस भूमि जाल साज मामलों को लेकर पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया था। लखनऊ से आई इस आईटी टीम के प्रभारी मनोज तिवारी ने बताया कि दस मुकदमों की विवेचना खुद कर रहे है। उस के सिल सिले में गोंडा आया था। इस से जुड़े जाल साजो के यहां छापा मारा गया है।

### घर वापस लौट रही सपा नेत्री से मारपीट

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में खरहटिया ग्राम के पास मंगलवार की देर शाम स्कूटी से अपने घर आवास विकास लौट रही सपा नेता सुशीला गौतम को रवि सिंह सहित चार अज्ञात लोगों ने रोक कर मारा पीटा और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। तहरीर पर रवि सिंह पुत्र अमरेश बहादुर सिंह सहित चार अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराए है। सुशीला गौतम ने कहा है कि वह स्कूटी से धाने बाजार पार्टी के काम से गई थी। वही से वापस घर लौट रही थी तभी पहले से रंजिश रख रहे रवि सिंह ने घेर कर मारा पीट किया।कुछ स्थानीय लोगों ने उस को बचाया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर के कारवाही की जा रही है।

### जीआरपी सिपाही सम्मानित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) गोंडा में तैनात आरक्षी सुधाकर खरवार को उनके उत्कृष्ट कार्य पर अपर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी. ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। यह जानकारी देते हुए थाना जीआरपी के निरीक्षक बांकेलाल ने बताया कि आरक्षी सुधाकर ने मनकापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15209 के प्रस्थान के दौरान एक नाबालिक बालिका को गिरकर घायल होने से बचाया था। जिसकी लोगों द्वारा काफी सराहना की गई। आरक्षी के इस उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) लखनऊ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### बैनामे की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** परस पुर थाना क्षेत्र के ग्राम त्यौरासी निवासी राम पाल सिंह पुत्र हिम्मत सिंह ने परस पुर थाना पर तहरीर दिया कि उस की बैनामे की जमीन है जिस पर शिव नाथ सिंह प्रदीप सिंह भीम सिंह योगेश सिंह गुड्डू सिंह उस की भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते है। जिस का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। प्रदीप सिंह जमीन पर कब्जा करने के नीयत से उस पर साफ सफाई और टिल्लू का जबरन उपयोग कर रहे है। तहरीर पर प्रदीप सिंह के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किए गया है।

### तालाब में डूब कर किसान की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** परस पुर थाना क्षेत्र के डलाई पुरवा गांव के निवासी भल्लर यादव बुधवार की सुबह खेत की तरफ जा रहा था। तभी बसंत पुर नकटी टेपरा तलाब के पास अचानक पैर फिसल गया और गिर गया। गहरा पानी होने की वजह से पानी में ही डूब गया। काफी देर बाद जब घर नहीं लौटा तो घर वालो ने खोजबीन शुरू किया। तब उसकी डूबकर मरने की जानकारी हुई। गांव के तमाम लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया।

# पंचमरी मे महिला मंडल की बैठक का आयोजन

- बैठक में महिलाओं ने योजना की बारीकियों को समझा

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** अपराजिता द्वारा गठित दुर्गा नारी संघ परसेंडी के अंतर्गत पंचमरी महिला मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नारी संघ की महिलाएं, अपराजिता कार्यकर्ता, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। सभी ने समाज से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की और विशेष रूप से सरकारी योजनाओं की जानकारी पर ध्यान केंद्रित किया।

बैठक का मुख्य विषय सरकार द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना रही। इसमें विस्तार से बताया गया कि यह योजना 18 वर्ष तक के ऐसे पात्र बच्चों के लिए है जिनके अभिभावक दिवंगत हो गए हों, गंभीर बीमारी या अपंगता से जूझ रहे हों अथवा परिवार अत्यंत गरीबी की स्थिति में जीवनयापन कर रहा हो। ऐसे बच्चों को सरकार की ओर से 4,000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।योजना की पात्रता शर्तों पर भी चर्चा हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में वार्षिक आय सीमा 72,000 तथा शहरी क्षेत्रों में 96,000 निर्धारित है। बैठक में यह भी बताया गया कि आवेदन प्रक्रिया सरल है और योग्य परिवार इसका लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर संस्था की संस्थापक किरण बैस ने कहा की यह योजना सरकार की एक सराहनीय पहल है, लेकिन जागरूकता के अभाव में कई लोग इसका लाभ नहीं ले पाते। अपराजिता का प्रयास है कि जमीनी स्तर पर जाकर हर घर तक सही जानकारी पहुँचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार वंचित न रह सके। समाज की सच्ची प्रगति तभी संभव है जब हर वर्ग सशक्त हो और हर बच्चा शिक्षा व अवसर से जुड़ सके। अपराजिता इसी सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं ने न केवल योजना की बारीकियों को समझा बल्कि यह संकल्प भी लिया कि वे इस जानकारी को अधिक से अधिक ज़रूरतमंद परिवारों तक पहुँचाएंगी। बैठक का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि नारी संघ समाज में जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने में निरंतर सहयोग करता रहेगा।

## कैसरगंज में निकली गणेश विसर्जन शोभायात्रा



**बहराइच।** कैसरगंज में बुधवार को गणेश मूर्ति विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया। नगर पंचायत में दो स्थानों से मूर्तियां निकाली गईं। पहली मूर्ति हनुमान मंदिर से और दूसरी राजगद्दी मैदान पीपल वाली गली से निकाली गई। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तिगीतों की धुन पर लोग नाचते-गाते नजर आए। यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर मूर्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पुरुष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की। इनमें ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन, डॉक्टर अरविंद सिंह प्रमुख थे। गणपत पूजा कमेटी के दोनों अध्यक्ष पवन सिंह और महामंत्री सौरभ कौशल भी मौजूद रहे। विसर्जन यात्रा में अन्य श्रद्धालुओं की भी उपस्थिति रही।

# सीसीटीवी के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

- कैमरों को क्रियाशील बनाए रखने के दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा यातायात के दृष्टिगत नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा प्रमुख 09 स्थानों पर स्थापित किये गये 31 सीसीटीवी कैमरों तथा यातायात पुलिस द्वारा 28 प्रमुख स्थानों पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जलकल कार्यालय तथा पुलिस लाईन में स्थापित कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।

यातायात पुलिस द्वारा पुलिस लाईन में स्थापित सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान यातायात निरीक्षक राम प्रकाश ने जिलाधिकारी को कैमरों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। डीएम ने कहा कि कानून एवं शान्ति बनाये रखने में सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने निर्देश दिया कि यदि अन्य स्थानों पर भी कैमरों की आवश्यकता हो तो उसके लिए प्रस्ताव उपलब्ध करा दें।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सीसीटीवी कैमरों के लिए जलकल कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह ने डीएम श्री त्रिपाठी को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी। डीएम ने निर्देश दिया कि सतत निगरानी रखते हुए कैमरों की क्रियाशीलता को बनाये रखें।

# बाढ़ प्रभावित ग्राम बहादुरपुर में राहत सामग्री का किया गया वितरण



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार तहसील तरबगंज के अंतर्गत आने वाले बाढ़ प्रभावित ग्राम बहादुरपुर में आज बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। हाल ही में सरयू नदी के जलस्तर में कुछ वृद्धि के कारण क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

प्रशासन द्वारा समय रहते सक्रियता दिखाते हुए राहत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम बहादुरपुर में विशेष शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, पीने का पानी, दवाइयां, मच्छरदानी, सैनिटरी किट, जलरोधी तिरपाल व आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं। राहत सामग्री वितरण के दौरान उपजिलाधिकारी तरबगंज, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा राहत सामग्री के वितरण की मॉनिटरिंग स्वयं की गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर जरूरतमंद परिवार तक सहायता पहुँचे। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि प्रशासन बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति के साथ है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि ग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए।

## पुलिस के सामने भिड़े दो पक्ष, छह लोग हिरासत में

**बहराइच।** रूपईडीहा थाना क्षेत्र में स्थित बाबा कुट्टी इलाके में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मंगलवार शाम जमकर मारपीट हुई। घटना का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में लोग पुलिस की मौजूदगी में भी एक-दूसरे पर हमला करते दिख रहे हैं। सूचना मिलते ही बाबागंज चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी ने बताया कि शांति भंग की कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## शॉर्ट सर्किट से किराना दुकान में लगी आग

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मिहींपुरवा नगर पंचायत में दरोगा पुरवा चौराहे पर स्थित एक किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वार्ड नंबर-10 निवासी बजरंगी मौर्य की किराना दुकान में देर रात यह हादसा हुआ। आग बुझाने के प्रयास में दुकान मालिक बजरंगी मौर्य भी इसकी चपेट में आ गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। एसडीएम प्रकाश सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल विमलेश यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को किया गया जागरूक

- महिला कल्याण विभाग द्वारा दूसरे दिन भी आयोजित किया कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परसपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, सखी निवास, पीएम मातृत्व वंदना योजना जैसे सरकारी संसाधनों की जानकारी देना था।

डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। जागरूकता ही सबसे बड़ा अस्त्र है एवं सशक्तिकरण की शुरुआत जानकारी से होती है। सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि हर महिला को यह समझाना है कि वो इनसे कैसे लाभ उठा सकती है। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं महिलाओं के लिए चलाई जा रही हैं, जरूरत है उन्हें सही माध्यम से पहुंचाने की। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने कहा कि बेटियों को शुरू से ही अपने अधिकारों के प्रति सजग करना ज़रूरी है एवं 1098 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर को विषम परिस्थिति के लिए उपयोग में लाने के लिए अवगत कराया गया ताकि संकट के समय में सही उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन नीलम सिंह, सुषमा पाल, अंजू वर्मा, प्रिया सिंह, ज्योति कुमार, आरती, नीलम शुक्ला, इन्द्र वर्मा सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए 2 से 6 सितम्बर तक चलेगा मॉपअप राउंड

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 28.76 लाख लोगों के सापेक्ष्य 24.78 लाख यानि 86.2 फीसदी से अधिक लोग दवा सेवन कर चुके हैं। जो लोग अभियान के दौरान घर पर नहीं मिले या झिझक की वजह से दवा से वंचित रह गए। उनके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 2 से 6 सितम्बर तक मॉपअप राउंड चलाने का निर्णय लिया है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस लाइलाज बीमारी से बचाव के अवसर से वंचित न रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान कुछ लोग जैसे - मजदूर, किसान, व्यापारी और नौकरीपेशा लोग सुबह काम पर निकल जाते थे और देर शाम लौटते थे, ऐसे में वह दवा सेवन से छूट गए थे, या कुछ लोगों में दवा सेवन को लेकर संकोच था, अब वह सभी मॉपअप राउंड में दवा सेवन कर सकते हैं , आशा कार्यकर्ता पुनः उनके घर दवा सेवन कराने आएगी, इसके आलावा आशा कार्यकर्ता का घर भी डिपो बनाया गया है, जहां कोई भी अपने समयनुसार जाकर दवा सेवन कर सकता है। वेक्टर बॉर्न डिज़ीज़ नोडल अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा ने बताया कि देखा जा रहा है कि मौसम बदलने के कारण बुखार, शुगर, बीपी या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोग दवा खाने में संकोच कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया से बचाव की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। ऐसे सभी लोग निःसंकोच दवा खा सकते हैं। यह दवा सिर्फ दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और ऐसे गंभीर रोगियों को नहीं दी जाती है जो बिस्तर पर हैं। इनके अलावा हर व्यक्ति को यह दवा अवश्य खानी चाहिए।

### क्यों जरूरी है दवा सेवन

डॉ. सी.के. वर्मा ने कहा कि फाइलेरिया एक बार हो जाय तो जीवनभर हाथ-पैर में सूजन और विकलांगता का कारण बन जाती है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है।

आयोजन

## 13 सितंबर को 2025 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# ज्यादा से ज्यादा मामले चिन्हित करने पर जोर

- लोक अदालत को सफल बनाने की तैयारियां पूरी

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** माह के दूसरे शनिवार 13 सितंबर को वर्ष 2025 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों व सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक करके लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों को चिन्हित कराकर उनके निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के साथ साथ जिले की चारों तहसीलों में भी लोक अदालत का आयोजन होगा उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले, धारा 138 पराक्रम लिखत अधिनियम वाद आदि (लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन मामले) के साथ-साथ आवश्यकतानुरूप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, श्रम मामलों, मध्यस्थम प्रकरणों, नगरपालिका/नगर निगम टैक्स वसूली मामलों का निस्तारण पक्षकारों की सहमति से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, धारा 446 द0प्र0स0 सम्बन्धी मामले, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के उपयुक्त प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा/वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, ई-चालान, आर्बिटेशन के निष्पादन वाद, उत्तर प्रदेश एवं वाणिज्य अधिनियम के अन्तर्गत चालान, चलचित्र अधिनियम के अन्तर्गत, आबकारी अधिनियम सम्बन्धी वाद, गैम्बलिंग एक्ट के अन्तर्गत चालान, नगर निगम/नगर पालिका के अन्तर्गत चालान विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान मेड़बन्दी एवं दाखिल खारिज वाद, मोबाइल फोन एवं केबल नेटवर्क सम्बन्धी प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनरेगा प्रकरण, शिक्षा का अधिकार सम्बन्धी प्रकरण, राशन कार्ड/बीपीएल कार्ड/जाति एवं आय प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरण, एवं अन्य प्रकार के वादों/प्रकरणों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर तथा अर्थदण्ड अधिरोपित करके किया जायेगा।

# बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम से विकसित होंगे सीमावर्ती गांव, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** पंचायतों के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'पंचायत एडवॉसमेन्ट इंडेक्स की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से उत्थान ऑडिटोरियम बहराइच में कार्यक्रम के दौरान सीडीओ मुकेश चन्द्र ने बताया कि बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती ग्रामों में जीविकोपार्जन के लिए पलायन तथा विभिन्न प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों से शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाना तथा विभिन्न सुरक्षा एजेन्सियों के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में घटित होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाना है। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य उत्तरी सीमा से लगे सीमावर्ती गांवों का व्यापक विकास करना है, ताकि इन क्षेत्रों से लोगों का पलायन रुके और उन्हें स्थायी आजीविका के अवसर मिलें। इसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, ऊर्जा और टेलीकॉम कनेक्टिविटी में सुधार करना, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और पर्यटन व संस्कृति को बढ़ावा देना है। सीडीओ ने संबंधित अफसरों को निर्देश दिया कि भ्रमण कर विभागीय योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर लें। श्री चन्द्र ने अफसरों को निर्देश दिया कि कार्ययोजना तैयार करते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाय कि ग्रामवासियों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

## खबरें एक नजर में

### खंबे में उतरा करंट, भैंस की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** करंट की चपेट में आई भैंस हुई मौत महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुरवां बसकाटा में खंभे में करंट उतर रहा था जिसकी चपेट में भैंस आ गई और भैंस की दर्दनाक मौत हो गई ग्राम पंचायत निवासी भगवानदेई पत्नी बसंत लाल की भैंस गांव के ही एक खंभे में अपने आप को रगड़ रही थी और खंबे में करंट उतर रहा था जिसकी चपेट में आने से भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। भगवान देई ने बताया कि 60 से 70000 रुपए कीमत की भैंस रही होगी।

### आवारा सांड के दौड़ाने से युवक की मौत, दूसरा बाल-बाल बचा

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गुलाबगंज गांव में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार दो भाई अपने काम से कहीं जा रहे थे, तभी अचानक एक आवारा सांड ने उन्हें दौड़ा लिया। बचाव के दौरान दोनों भाई पास के एक पुराने कुएं में गिर गए। हादसे में छोटे भाई अरुण कुमार यादव पुत्र कन्हैया लाल उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गुलाब गंज मजरे खुरहटी थाना डीह की मौत हो गई। जबकि बड़े भाई अनुज कुमार यादव पुत्र कन्हैया लाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गुलाबगंज मजरे खुरहटी थाना डीह को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर सुनकर उनका मदद की और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीह थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है, वहीं पूरे गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### एसडीएम साहब! अभी मैं जिंदा हूं, मंत्री ने मुझे जीतेजी मार डाला: किशुनदुलारी

**महराजगंज, रायबरेली।** एसडीएम साहब! अभी मैं जिंदा हूं, मंत्री ने मुझे जीते जी मार डाला? जी हां यह शब्द और किसी के नहीं अपितु एक 68 वर्षीय वृद्ध विधवा महिला के हैं। जिसने उपजिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर उपजिला अधिकारी महाराजगंज को शिकायती पत्र देते हुए अपनी आप बीती बताई है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि तहसील क्षेत्र के विकासखंड शिवगढ़ के ग्राम कमालपुर आवाडीह मजरे बरियारपुर गांव की रहने वाली 68 वर्षीय वृद्ध विधवा महिला किशुनदुलारी पत्नी स्व. जग प्रसाद ने महाराजगंज तहसील पहुंचकर उपजिला अधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम सभा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी (मंत्री जी) ने उन्हें जीते जी मार डाला। जिसके कारण उनकी पेंशन रुक गई। उक्त वृद्ध महिला के बेटे की मानी जाए तो उसका कहना है कि वर्ष 2023 में ग्राम सभा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा मेरी माताजी को मृत घोषित कर दिया गया। जिसके कारण उनकी पेंशन रुक गई। हमें इसके पश्चात अभी तक काफी दौड़ भाग करनी पड़ी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि आज हम अपनी माता जी को लेकर एसडीएम साहब के पास आए हैं और उक्त ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध लिखित शिकायत दी है। ताकि एसडीएम साहब भी उक्त ग्राम विकास अधिकारी की लापरवाही के कारण मृत घोषित हुई मेरी माता जी को देख ले की वह अभी जिंदा है। इस संबंध में उपजिला अधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह ने उक्त प्रकरण में तत्काल प्रभाव से नायब तहसीलदार को जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कें निर्देश दिए हैं।

### अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार




**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त सरोज पुत्र स्व.खुशीराम नि.पट्टी मजरा सरैया महिपत सिंह थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे मौके से एक अदद तंमचा व एक अदद 12 बोर जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना स्थानीय संबंधित धारा पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

### जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कच्ची दीवार गिरने से दो बकरी, एक बछड़े की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत मंगलवार की रात को गांव पूरे रामनेवाज मजरे पूरब गौरा निवासी शिवपाल की पशुशाला की कच्ची दीवार बारिश के चलते गिर जाने से उनकी दो बकरियों तथा एक गाय के बछड़े की मौत हो गई। जिसके चलते शिवपाल को भारी पशुधन की क्षति हुई। लोगों ने स्थानीय प्रशासन को सूचित किया, सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने घटना स्थल का जायजा लेकर क्षति का आकलन करते हुए रिपोर्ट प्रशासनिक अधिकारियों को भेज दिया है।

### चोरी में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना गौरीगंज में वांछित अभियुक्त राजकुमार जाटव पुत्र उदयराज निवासी गुरुदत्तगंज मजरे जूठीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर सुपर स्पेलेण्डर यूपी 36 क्यू 6099 को बीते 18 जुलाई को संस्कार ग्लोबल स्कूल के पास से व सुपर स्पेलेण्डर बिना नम्बर प्लेट को 21 जुलाई को भटगवां बाजार के पास से चोरी किये थे। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा बीते 25 जुलाई को 2 अभियुक्तों प्रमोद लोधी एवं आशीष यादव को चोरी की दोनो मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय के राजीव गाँधी सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। जिसमें सभी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, फंटल संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में संगठन और जिम्मेदारी सर्वोपरि है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि हर कांग्रेसजन अपने आसपास की जनता के सुख-दु:ख से सीधा जुड़ा रहे और उनकी समस्याओं को सांसद कार्यालय तक पहुँचाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। श्री सिंघल ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मज़बूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे बूथ-बूथ तक पहुँचें और जनता से सीधे संवाद करें। मतदाता सूची पर भी नज़र रखें और बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि एक भी मतदाता, सूची से वंचित न रहे। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, सदस्यता विस्तार और संगठनात्मक कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक का संचालन शत्रुहन सिंह ने किया। अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राज नारायण यादव की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में परमानंद मिश्रा, प्रवक्ता अनिल सिंह, तुलसीराम पासी, अजहरुल हक, रामदत्त यादव, शकील इदरिशी, सर्वेश सिंह, अकमल, मतीन, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र मिश्र, किरन देवी, महिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय व युका अध्यक्ष शुभम सिंह, सेवा दल अध्यक्ष रामबरन कश्यप, वीरेंद्र सिंह राजा, सीमा भारती, कुलवंत सिंह, आशिफ छोटू, अवनीश मिश्र, राछस अध्यक्ष सुमित तिवारी, सुरेश श्रीवास्तव, श्रद्धा सिंह, सौरभ मिश्र आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

- जल भराव की समस्या के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सीएचसी प्रांगण में जल भराव की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए पहुंची जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने अव्यवस्थाओं को देख मौजूद अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए हैं। बुधवार दोपहर 1:00 बजे जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीक्षक कक्ष , सभागार व जच्चा बच्चा वार्ड को देखा। सबसे पहले उनकी नजर अधीक्षक कक्ष के सामने लगी इंटरलॉकिंग पर भरे पानी के ऊपर गई। तो उन्होंने जल भराव के बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षिका डॉक्टर अर्पिता श्रीवास्तव से पूछताछ की है। जिसको लेकर उन्होंने बताया की बारिश के चलते जलभराव हो जाता है। तब उन्होंने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए आला अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद सभागार का भी उन्होंने निरीक्षण किया और सभागार को दुरुस्त करने के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया, फिर वह जच्चा बच्चा वार्ड की ओर गई। जहां व्यवस्थाओं को उन्होंने बारीकी से परखा है। अस्पताल परिसर में साफ सफाई न होने से उन्होंने अधिकारियों को साफ सफाई के दिशा निर्देश दिये हैं। इस दौरान छोटेलाल लोधी भारतीय किसान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाए जाने की मांग उठाई है । इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल परिसर में एक ही कमरे में बैठकर दो डॉक्टर मरीजों का इलाज करते हैं । जिसके चलते भारी भीड़ और मरीजो की कतार लग जाती है । इसको भी व्यवस्थित करने के लिए कदम उठाए जाये । जिससे मरीजों को सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि सीएचसी में जलभराव की समस्या संज्ञान में आई थी। जिसको लेकर निरीक्षण किया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन चंद्रा, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, थाना प्रभारी बछरावां राजीव कुमार सिंह एवं अस्पताल का समस्त स्टाफ व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक अर्हता परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न



**रायबरेली।** आगामी 6 एवं 7 सितंबर को जनपद के 23 परीक्षा केंद्रो पर होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को लेकर मंगलवार देर शाम जिला अधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मौजूद आला अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि दो दिवसीय इस परीक्षा में जनपद में कुल 23 परीक्षा केंद्रो पर 39553 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रो पर सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल, लैपटॉप, कैलकुलेटर आदि पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। साथ-साथ उन्होंने परीक्षा केंद्रो पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को तैनात किए जाने की बात कही है। और परीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की भी बात कही है। बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने निर्विघ्न, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने की बात कही। इस मौके पर जनपद के सभी आला अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश से गिरे कच्चे आशियाने

- चंदापुर में तीन, डोमापुर में एक, अमावा के पहरेमऊ में ढहा गरीब का आशियाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



बारिश गरीबों और कच्चे मकानों के ऊपर आफत बनकर बरसीं है। रविवार रात्रि और सोमवार को हुई बारिश ने गरीबों के कच्चे आसियानों को खत्म कर दिया है। रानी का पुरवा मंज़रे चन्दापुर विकासखंड तहसील महराजगंज राम केवल पाल ने बताया कि हमारा पूरा कच्चा मकान है कुछ हिस्सा पहले गिर गया था और कुछ 2 दिन पूर्व हुई बारिश पूरा मकान ढह गया है केवल आगे का हिस्सा बचा है टीना के नीचे हम लोग किसी तरह निवास कर रहे हैं रहने के लिए जगह नहीं है। रानी का पुरवा गांव निवासी हरि नारायण जायसवाल पुत्र राम किशोर जायसवाल ने बताया कि 2 दिन पूर्व हुई बारिश में दीवार गिर गई है और काफी नुकसान हुआ है तो वही रानी का पुरवा गांव निवासी हरिद्वार ने बताया कि दो कच्ची कोठरी गिर गई है तथा गनीमत ये रही की जानवरों को पहले इधर-उधर बांध दिया था काफी कुछ नुकसान हुआ है। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के बाकी मंज़रे डोमापुर गांव मे रामपाल ने बताया कि हमारी कोठरी और छप्पर गिर जाने की वजह से काफी नुकसान हुआ है और हमारा नाती अंकित अपने परिवार के साथ उसी में रहता है आवास की सख्त आवश्यकता है। अमावा विकासखंड के पहरेमऊ ग्राम पंचायत के सुरेंद्र ने बताया कि मैं परिवार सहित आठ लोग कच्चे मकान में रहते हैं पूरा कच्चा मकान है तथा बारिश में कुछ हिस्सा गिर गया है ग्राम प्रधान द्वारा सर्वे करवाया गया है लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिली आवास की सख्त जरूरत है जब बारिश होने लगती है तो परिवार सहित घर के बाहर बैठना पड़ता है कि कब मकान गिर पड़े और कोई हादसा हो जाए हादसे का अंदेशा हमेशा बना रहता है।

## युवक का उसके ही दरवाजे पर संदिग्ध हालात में मिला शव

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बबुरिहा का पुरवा मजरे बंकागढ़ में संदिग्ध हालात में दिल्ली में काम करने वाले एक युवक का शव उसी के दरवाजे बुधवार सुबह पड़ा मिला, जिससे गाँव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। परिजनो ने गांव के ही एक व्यक्ति पर प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर शव फेंक कर चले जाने का आरोप लगाया और आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कह शव पुलिस को नहीं ले जाने दिया। थाना प्रभारी विंध्य विनय ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया और शव को पीएम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लगता है, किन्तु मौत की असली वजह पीएम रिपोर्ट आने पर ही पता चल पाएगी। घटनाक्रम के अनुसार बबुरिहा का पुरवा के रहने वाले दीपक उम्र 20 वर्ष पुत्र लालबहादुर का शव उसी के दरवाजे सुबह पांच बजे परिजनो को संदिग्ध हालत में पड़ा मिला, युवक के गले में एक पट्टी कसी हुई थी। जिसे उसकी बहन ने निकाला, शव के पास उसकी बाइक खड़ी थी, जिस पर उसका फोन और कुछ पैसे रखे थे द्य मृतक के गले में नीला स्याह का निशान साफ दिखाई दे रहा था। मृतक दीपक के पिता शिव बहादुर पासी और मां श्रीमती ने बताया कि उसका बेटा दीपक दिल्ली में नौकरी करता था, जो अभी पांच दिन पहले घर से गया था। वह मंगलवार को दिल्ली से चला था और बुधवार की सुबह घर के दरवाजे उसकी लाश संदिग्ध हालत में पड़ी मिली। मृतक दीपक के पिता लाल बहादुर और मां श्रीमती ने पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति पर प्रेम प्रसंग में उसके बेटे को दिल्ली से बुलाकर हत्या करने और शव दरवाजे फेंके जाने का आरोप लगाया है। इस बाबत शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लगता है, मौत की असली वजह तो पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग पाएगी। अभी तहरीर नही मिली है तहरीर और पीएम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## आवास विकास कॉलोनी हुई जलमग्न



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के कस्बा अमेठी से लगी हुई सुल्तानपुर रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी का बारिश के चलते बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की निगरानी में आने वाली इस कॉलोनी में सफाई कर्मी कभी नहीं दिखाई देते, जिसके चलते कॉलोनी से गंदे पानी को बाहर निकालने के लिए बनी हुई नालियां सब गंदगी से सट गई हैं। जिससे बारिश का पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है जिसके चलते आवास विकास कॉलोनी की स्थिति तालाब जैसी हो गई है। विदित हो कि इस कॉलोनी में प्रदेश के पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति सहित अधिकारी, व्यवसाई, नौकरी पेशा वालों सहित नेता भी निवास करते हैं। वर्तमान में पूर्व खनन मंत्री की पत्नी महाराजी देवी अमेठी से विधायक हैं। स्थानीय लोगों में अभिषेक तिवारी, अजय सिंह, अर्पित शुक्ला, अंकित सिंह आदि का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा हाउस टैक्स सहित अन्य सभी प्रकार के कर वसूले जाते हैं फिर भी सुविधाओं के नाम पर यही हाल है, यहां पर हल्की बारिश होने पर भी जलभराव हो जाता है। समस्या का समाधान जल्द न होने पर स्थानीय लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने लोगों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

## परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 को सुचितापूर्ण, सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 आगामी दिनांक 06 व 07 सितम्बर, 2025 को प्रत्येक दिन दो पालियों में (कुल 4 पालियों में) जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए जनपद में कुल 21600 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिए कि वह परीक्षा के सम्बन्ध में उपलब्ध कराई गयी बुकलेट में दिए गए दिशा निर्देशों एवं परीक्षा प्रक्रिया का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले सभी कक्ष निरीक्षकों का बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों नियमानुसार जांच की जाय। परीक्षा कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाय। परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित किए जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में शासन अत्यंत गंभीर है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं इसकी समीक्षा की गयी है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर में कोई भी लापरवाही न की जाय। ड्यूटी में तैनात किए गए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान सभी को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी, आयोग के समन्वीय पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्सीय कारणों से हुई थी किसान राकेश वर्मा की मौत

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी जानवर के हमले की पुष्टि नहीं हुई
- क्षेत्र में चारों तरफ बाघ के हमले में किसान की मौत की उड़ाई गई थी अफवाह

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया है कि सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के महोली रेंज के अंतर्गत ग्राम बसारा निवासी किसान राकेश वर्मा (आयु 50 वर्ष) का शव उनके खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग, स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और आवश्यक जाँच प्रारम्भ की गई । घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर द्वारा 29-08-2025 को दोपहर लगभग 3.00 बजे स्वयं घटनास्थल का दौरा किया। घटना स्थल का निकट से निरीक्षण करते हुए पाया गया कि मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के पंजे, दांत, नाखून या जंगली जानवर के हमले के निशान मौजूद नहीं थे। शव पर न तो गहरे घाव थे और न ही खरोंच के ऐसे साक्ष्य जो बाघ या किसी अन्य जंगली जानवर के हमले की पुष्टि करते हों। इस संदर्भ में जिला चिकित्सालय, सीतापुर में दिनॉक 30-08-2025 को मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि मृत्यु का कारण बाघ अथवा किसी अन्य जंगली जानवर का हमला नहीं है, बल्कि मृत्यु अन्य चिकित्सीय कारणों से हुई प्रतीत होती है। घटना के पश्चात वन विभाग की टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान किसी भी प्रकार के पगमार्क, बाल, खून के धब्बे या जंगली जानवर की गतिविधियों के प्रमाण नहीं मिले। क्षेत्र की और अधिक सटीक निगरानी हेतु वन विभाग ने घटनास्थल के आसपास दो कैमरा ट्रैप भी स्थापित किए हैं। अब तक की निगरानी में किसी भी बाघ या अन्य जंगली जानवर की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई है। ग्रामीणों को वन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा तथ्यों की जानकारी देते हुए यह समझाया गया कि मृत्यु का कारण जंगली जानवर का हमला नहीं है। साथ ही, उन्हें अफवाह न फैलाने की अपील की गई। एहतियात के तौर पर वन विभाग द्वारा क्षेत्र में संयुक्त पुलिस वन विभाग गश्त भी बढ़ाई गई है। प्रभाग के अन्तर्गत किसी प्रकार की मानव वन्य जीव संघर्ष व जनहानि को रोकने हेतु वन्य जीव प्रभावित क्षेत्र ग्राम-नरनी, ब्रहमावली, पसगवां, रघुवर दयालपुर, कोल्हापुर एवं कटघरा में बाघ के मूवमेंट पर निगरानी हेतु में 7 टीमों द्वारा ट्रैप कैमरा स्थापित कर नजर रखी जा रही है तथा ड्रोन कैमरे से प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी जा रही है।

## परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन/एलटी तार हटाए जाने के संबंध में बैठक आयोजित




**सीतापुर।** जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन / एल.टी.लाइन हटाये जाने के सम्बन्ध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्डों से प्राप्त सूचनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिफ्टिंग का कार्य नियमानुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाय। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेषित की गयी सूचनाओं के संबंध में प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्युत आपूर्ति की स्थिति, विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मानकों के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु समुचित प्रबन्ध किए जाये। विद्युत बिल सुधार से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाय। समय से विद्युत बिल जारी किये जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था सम्बंधी शिकायतों का भी प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाये। आई. जी. आर. एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। कोई भी शिकायत डिफॉल्ट श्रेणी में न जाये, यह भी सुनिश्चित किया जाये।

**बाल वाटिकाओं के संचालन के संबंध में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश:** शासन द्वारा बाल वाटिकाओं के संचालन के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाल वाटिकाओं में आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण किए जाय। बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर के साथ आकर्षक सजावट आदि का भी प्रबंध किया जाय। समुचित संसाधन भी उपलब्ध कराए जाय। मिड डे मील हेतु भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी डीएम ने दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत ललित कृष्ण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सहित सभी अधि. अभि., सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में बुधवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अमित मिश्रा उर्फ पुत्तम मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी ग्राम सैदापुर मजरे नुवांवा थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गयाहै। थाना अमेठी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की दर्दनाक मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद थाना क्षेत्र बाज़ार शुकुल के अंतर्गत बुधवार की सुबह करीब 3 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जिसमें तेज रफ्तार अनियंत्रित ब्रेजा कार कैंटीन की कट पर मुड़ रहे ट्रक में सीधे घुस गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ब्रेजा कार में सवार ड्राइवर सहित सभी तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को गाड़ी से निकलवा कर आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई। थानाध्यक्ष बाज़ार शुकुल अभिनेष कुमार ने बताया कि रात्रि लगभग 3 बजे के करीब यह हादसा हुआ है। जिसमें थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 60.1 किलोमीटर पर गाजीपुर से लखनऊ की तरफ जा रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार सामने कैंटीन की तरफ मुड़ रहे ट्रक में घुस गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दुर्घटनाग्रस्त कार से तीनों लोगों को निकाल कर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत् घोषित कर दिया। जांच के दौरान इन लोगों के प्राप्त पास प्राप्त आईडी से एक मृतक का नाम अर्पित विश्वकर्मा पुत्र बसंत लाल निवासी आई 1184 वर्ल्ड बैंक बर्रा जनपद कानपुर तथा दूसरे का नाम विमल पुत्र रामसुंदर पांडेय निवासी एलडी 113/114 ए सेक्टर एफ कानपुर रोड पराग डेयरी लखनऊ तथा तीसरे का नाम विनय दुबे पुत्र राम किशोर दुबे निवासी आई ब्लॉक 124 थाना बर्रा जनपद कानपुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने आगे बताया कि इन सभी मृतकों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को तत्काल हटवा दिया गया है। जिससे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बहाल है।

## उम्मीदों की चिप

भारत ने टेक क्रांति की तरफबढ़ते हुए पहला पूर्णत: स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित कर लिया है। इसरो की सेमीकंडक्टर लैब इस कामयाबी की साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। जिनमें से एक पंजाब के मोहाली में स्थित है। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है।

फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं।

दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वेदशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा।

# अमेरिकी टैरिफ, मजबूत भारत, इक्विटी बाजार की आत्मनिर्भरता व नए बाजार

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*




टैरिफ का असर वास्तव में कितना बड़ा है, इसे समझने के लिए आँकड़ों पर नजर डालना आवश्यक है। भारत का अमेरिकी निर्यात लगभग 81 अरब डॉलर का है, जो सकल घरेलू उत्पाद का करीब 2.1 प्रतिशत है। अतिरिक्त टैरिफ का असर जीडीपी वृद्धि पर लगभग 0.3 प्रतिशत अंक तक हो सकता है। यह निश्चित रूप से अप्रिय है लेकिन किसी बड़ी तबाही जैसा नहीं। इसका सबसे अधिक दबाव टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी और समुद्री उत्पाद जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर होगा। ये क्षेत्र न केवल निर्यातक हैं बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार भी प्रदान करते हैं। इसलिए वहाँ पर चिंताएँ अधिक गंभीर हैं। इसके विपरीत, फार्मा और स्मार्टफोन जैसे सेक्टर को छूट मिलने से यह स्पष्ट है कि अमेरिका की नीति पूरी तरह से व्यापक नहीं है, बल्कि सर्जिकल है, जहाँ दबाव डालना है वहाँ टैरिफ लगाया गया और जहाँ अमेरिका की अपनी सप्लाई-चेन निर्भर है, वहाँ राहत दी गई। यदि व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह पूरी स्थिति भारत के आर्थिक लचीलेपन को दर्शाती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की विकास दर 2025 और 2026 दोनों वर्षों के लिए 6.4 प्रतिशत आँकी है। विश्व बैंक ने भारत को ''सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था'' करार दिया है। मूडीज़ और एसएंडपी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भी भारत की साख को स्थिर बनाए रखा है। ये सभी टिप्पणियाँ इस बात का संकेत हैं कि वैश्विक संस्थाएँ भारत को अब एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य मानती हैं। भारतीय इक्विटी बाजार की तुलना अगर चीन से की जाए तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है। चीन का बाजार भी स्थानीय निवेशकों से संचालित है और वहाँ भी विदेशी भागीदारी सीमित है। लेकिन चीन की नीतिगत अपारदर्शिता और भू-राजनीतिक जोखिमों ने विदेशी निवेशकों को सतर्क बना दिया है। इसके विपरीत, भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, पारदर्शी नीतियाँ और आईटी तथा सेवाक्षेत्र की बढ़त उसे निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाती हैं। यही कारण है कि एचएसबीसी ने भी माना कि भारतीय और चीनी दोनों बाजार एक साथ अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन भारत की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत है।

अमेरिका द्वारा भारत से निर्यातित वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाए जाने की घोषणा वैश्विक स्तर पर एक बड़ी खबर रही। आम तौर पर ऐसे कदम किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था को गहरे स्तर पर प्रभावित कर सकते हैं। व्यापारिक रिश्तों में तनाव, कंपनियों की आय पर दबाव और विदेशी निवेशकों की सतर्कता, ये सभी ऐसे हालात में सामने आते हैं, किंतु भारतीय इक्विटी बाजार ने इस निर्णय पर जिस संतुलित और आत्मविश्वासी ढंग से प्रतिक्रिया दी है, वह आज की नई आर्थिक हकीकत को सामने लाती है।

इसे देखते हुए यही कहना होगा कि अब भारत केवल बाहरी कारकों पर निर्भर नहीं है, वह अपने भीतर ऐसी ताकतें पैदा कर चुका है जो उसे वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक हैं। यही बदलते भारत की कहानी है, एक ऐसा भारत जो निवेशकों के भरोसे से मजबूत है और अपनी घरेलू क्षमता से टिकाऊ वृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। वस्तुतः दो सितंबर 2025 को जारी एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में साफ कहा गया कि अमेरिकी टैरिफ का भारतीय इक्विटी बाजार पर कोई बड़ा असर नहीं होगा।

रिपोर्ट के अनुसार बीएसई-500 की सूचीबद्ध कंपनियों में से चार प्रतिशत से भी कम कंपनियाँ अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं। इसका मतलब है कि व्यापक स्तर पर भारतीय कॉरपोरेट जगत की कमाई पर इन टैरिफ का सीधा प्रभाव न के बराबर है। यही नहीं, फार्मास्यूटिकल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को इन टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे भारत की सबसे प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर पर सबसे मान्यता प्राप्त उद्योग शाखा सुरक्षित बनी हुई है। स्पष्ट है कि इस कदम से भारतीय बाजार को झटका भले लगा हो, लेकिन उसकी जड़ें हिलाने वाली स्थिति नहीं बनी।

असल में भारतीय इक्विटी बाजार की असली ताकत अब घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी है। पहले विदेशी संस्थागत निवेशक यानी एफआईआई भारतीय बाजार का मूड तय करते थे। उनकी भारी खरीद या बिकवाली से बाजार झूल जाता था। लेकिन बीते कुछ वर्षों में तस्वीर बदल गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगभग 71.6 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से करीब 55 अरब डॉलर सिर्फ म्यूचुअल फंड्स से आए।

दूसरी ओर, विदेशी निवेशकों ने इसी दौरान लगभग 15.6 अरब डॉलर की बिकवाली की। इसके बावजूद बाजार स्थिर बना रहा। जुलाई 2025 में घरेलू म्यूचुअल फंडों में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से 28,464 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ। यह आँकड़ा दर्शाता है कि भारतीय बचत और निवेश की धाराएँ अब देश के पूँजी बाजार को संभालने में सक्षम हो चुकी हैं। यही कारण है कि अमेरिकी टैरिफ या विदेशी निवेशकों की बिकवाली का असर सीमित रहा।

यहां रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारतीय बाजार के लिए नौ में से पाँच प्रमुख जोखिम कारकों में सुधार हो रहा है। इनमें मुद्रास्फीति का थमना, सरकारी कर प्रोत्साहन, उपभोग की संभावनाओं में बढ़ोत्तरी और वेतन वृद्धि की उम्मीदें शामिल हैं।

मुद्रास्फीति का थमना सबसे अहम है, क्योंकि यह सीधे उपभोक्ता की क्रय शक्ति को बढ़ाता है। जब रोजमर्रा की जरूरतों पर खर्च कम होता है, तो उपभोक्ता अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकता है। इससे खपत बढ़ती है और कंपनियों की बिक्री तथा मुनाफे पर सकारात्मक असर पड़ता है। हालाँकि एचएसबीसी ने यह भी चेतावनी दी है कि 2025 में आय वृद्धि घटकर 8-9 प्रतिशत रह सकती है, जबकि कैलेंडर वर्ष के लिए यह अनुमान 11 प्रतिशत का है। यह विरोधाभासी तस्वीर बताती है कि चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं।

टैरिफ का असर वास्तव में कितना बड़ा है, इसे समझने के लिए आँकड़ों पर नजर डालना आवश्यक है। भारत का अमेरिकी निर्यात लगभग 81 अरब डॉलर का है, जो सकल घरेलू उत्पाद का करीब 2.1 प्रतिशत है। अतिरिक्त टैरिफ का असर जीडीपी वृद्धि पर लगभग 0.3 प्रतिशत अंक तक हो सकता है। यह निश्चित रूप से अप्रिय है लेकिन किसी बड़ी तबाही जैसा नहीं। इसका सबसे अधिक दबाव टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी और समुद्री उत्पाद जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर होगा। ये क्षेत्र न केवल निर्यातक हैं बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार भी प्रदान करते हैं। इसलिए वहाँ पर चिंताएँ अधिक गंभीर हैं। इसके विपरीत, फार्मा और स्मार्टफोन जैसे सेक्टर को छूट मिलने से यह स्पष्ट है कि अमेरिका की नीति पूरी तरह से व्यापक नहीं है, बल्कि सर्जिकल है, जहाँ दबाव डालना है वहाँ टैरिफ लगाया गया और जहाँ अमेरिका की अपनी सप्लाई-चेन निर्भर है, वहाँ राहत दी गई। यदि व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह पूरी स्थिति भारत के आर्थिक लचीलेपन को दर्शाती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की विकास दर 2025 और 2026 दोनों वर्षों के लिए 6.4 प्रतिशत आँकी है। विश्व बैंक ने भारत को ''सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था'' करार दिया है। मूडीज़ और एसएंडपी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भी भारत की साख को स्थिर बनाए रखा है। ये सभी टिप्पणियाँ इस बात का संकेत हैं कि वैश्विक संस्थाएँ भारत को अब एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य मानती हैं।

भारतीय इक्विटी बाजार की तुलना अगर चीन से की जाए तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है। चीन का बाजार भी स्थानीय निवेशकों से संचालित है और वहाँ भी विदेशी भागीदारी सीमित है। लेकिन चीन की नीतिगत अपारदर्शिता और भू-राजनीतिक जोखिमों ने विदेशी निवेशकों को सतर्क बना दिया है। इसके विपरीत, भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, पारदर्शी नीतियाँ और आईटी तथा सेवाक्षेत्र की बढ़त उसे निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाती हैं। यही कारण है कि एचएसबीसी ने भी माना कि भारतीय और चीनी दोनों बाजार एक साथ अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन भारत की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत है। अमेरिकी टैरिफ या किसी भी बाहरी दबाव के बीच भारत की यह मजबूती केवल आर्थिक कहानी नहीं है। यह उस आत्मनिर्भरता की ओर इशारा है जिसकी चर्चा पिछले कुछ वर्षों से लगातार होती रही है। सरकार की प्रोत्साहन योजनाएँ, डिजिटल और हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम और घरेलू निवेशकों का भरोसा मिलकर भारत को एक नई आर्थिक स्थिरता दे रहे हैं। फिर भी आज की सच्चाई यही है कि भारतीय इक्विटी बाजार अब वैश्विक झटकों का केवल शिकार नहीं रहा।

वस्तुतः कहना होगा कि अमेरिकी टैरिफ इसका हालिया उदाहरण है। इस निर्णय ने भारत के बाजार को हिलाया नहीं, बल्कि उसकी लचीलापन और आत्मनिर्भरता को और उजागर किया है। निवेशकों का भरोसा, बचतों की मजबूत धारा और नीतिगत स्थिरता भारत को उस मुकाम पर पहुँचा रही है जहाँ वह वैश्विक ताकतों की चालों से डरने के बजाय अपने दम पर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही इस नई चुनौती का सामना करने के लिए मोदी सरकार ने विश्व के नए 40 बाजार और खोज लिए हैं, जल्द ही यहां भारतीय माल की खपत आरंभ कर दी जाएगी, स्वभाविक है कि इससे जो रोजगार पैदा होंगे वह वर्तमान से बहुत अधिक होंगे। वास्तव में यही ''मज़बूत भारत'' की असली झलक है, जो आने वाली चुनौतियों को एक अवसर के रूप में स्वीकार्य करता है।

विचार

# जंक फूड को ना, पोषण को कहें हां

*योगेश कुमार गोयल*

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 01 से 07 सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है।

दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से 01 से 07 सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है। पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है। अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्ट फूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है।

भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ये पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। ये आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें, मुख्य आहार के स्थान पर स्नैक्स का सेवन करने से बचें, चीनी और अस्वस्थ प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित मात्रा में करें, खाने से पहले फल-सब्जियों को अच्छी तरह से धोएं और यथासंभव कच्चे फल-सब्जियों का सेवन करें क्योंकि पकाने से कई पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, कम से कम प्रसंस्करण आहार के साथ ताजा भोजन अवश्य करें।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

साहित्य



## उसे क्या कहूँ

**दुष्यंत कुमार**

किन्तु जो तिमिर-पान
औ ज्योति-दान
करता करता बह गया
उसे क्या कहूँ
कि वह सस्पन्द नहीं था?
और जो मन की मूक कराह
ज़ख्म की आह
कठिन निर्वाह
व्यक्त करता करता रह गया
उसे क्या कहूँ
गीत का छन्द नहीं था?
पगों कि संज्ञा में है
गति का दृढ़ आभास,
किन्तु जो कभी नहीं चल सका
दीप सा कभी नहीं जल सका
कि यूँही खड़ा खड़ा ढह गया
उसे क्या कहूँ
जेल में बन्द नहीं था?





## राशिफल

**मेषः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**वृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**मीनः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# बारिश और बाढ़ के सामने लाचार व्यवस्था

*तारकेश्वर मिश्र*

देश के कुछ राज्य इन दिनों बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे हैं। इस स्थिति के चलते वहां का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। इस साल अगस्त महीने की बात करें तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश ने मानों जैसे कहर ही ढा रखा हो। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक बारिश की मार के शिकार हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं जिसमें हाल ही में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर आया भूस्खलन है वहीं उत्तरकाशी के धराली में भी इसने तबाही मचाई थी। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विनाशकारी बाढ़ की चपेट में हैं।

विनाशकारी बाढ़ ने व्यापक पैमाने पर फसलों को तबाह किया, घरों को तहस-नहस किया, पशु धन की बर्बादी हुई है और बाढ़ के पानी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इस आसमानी आफत के सामने लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं।

पंजाब में बाढ़ और भारी बारिश ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया है। फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला सहित 9 जिले पूरी तरह प्रभावित हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 1312 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लुधियाना में सड़कें और गलियां तालाब बन गई हैं, जबकि गुरदासपुर में NDRF टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। अजनाला, नंगला और आनंदपुर साहिब में बाढ़ ने जनजीवन को ठप कर दिया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी गुरदासपुर, होशियारपुर, पठानकोट, कपूरथला, नवांशहर, रूपनगर, मोहाली, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला और संगरूर सहित पंजाब के 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई दशकों की सबसे बड़ी विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे पंजाब में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। खेतों में खड़ी फसलें ही नष्ट नहीं हुई हैं बल्कि खेतों की उर्वरता की भी हानि हुई है। लेकिन जिस गति से उत्तर भारतीय राज्यों को बाढ़ ने अपनी चपेट में लिया है, उसको लेकर राहत की तत्काल प्रतिक्रिया केंद्र सरकार की तरफ से नजर नहीं आती। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में हिमाचल को आपदा प्रभावित राज्य घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं।

इसमें दो राय नहीं है कि पंजाब पहले ही कृषि संकट से जूझ रहा था। लेकिन बाढ़ की तबाही ने उसके बड़े उपजाऊ क्षेत्र के संकट को और गंभीर बना दिया है। किसानों को अब सामान्य स्थिति बहाल करने में सालों लग जाएंगे। इसी तरह हिमाचल लगातार दूसरे वर्ष भी अतिवृष्टि जनित व्यापक तबाही की मार झेल रहा है। आपदाग्रस्त हिमाचल में सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। राज्य अभी बीते वर्ष की आपदा के जख्मों से उबरा नहीं था कि इस साल अतिवृष्टि ने भयावह तबाही का मंजर पैदा कर दिया। तमाम इलाकों से भूस्खलन और तबाही की खबरें आ रही हैं। राज्य ढहे पुलों और फंसे पर्यटकों के संकट से जूझ रहा है। इससे इस संवेदनशील पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है। गंगा के मध्यम बेसिन पर लगभग पूरे अगस्त में भारी बारिश ने तबाही मचा दी। 12-13 अगस्त को राज्य के लगभग 10-12 जिलों जैसे पटना, भागलपुर, मुंगेर, सारण, सुपौल में लगभग 17-25 लाख लोग प्रभावित हुए। गंगा, कोसी, बागमती, पुनपुन और घाघरा नदियाँ अपने खतरे के स्तर से ऊपर बह रही थीं, जिनमें सबसे ज्यादा तबाही नेपाल से आने वाले पानी के कारण हुई। राज्य सरकार ने सीएम की अध्यक्षता में लगातार समीक्षा बैठकें कीं; राहत शिविर, सामुदायिक रसोई गृह और फसल हानि पर मुआवजे की प्रक्रिया तेज की जा रही है। दिल्ली में अगस्त के अंतिम पखवाड़े में यमुना ने बार-बार 205.33 मीटर के 'खतरे' अंक को पार किया।

19 अगस्त को जलस्तर 205.9-205.95 मीटर के आसपास पहुँच गया, जो निकासी के लिए निर्धारित 206 मीटर के निकटतम रहा। हथिनी कुंड बैराज से जारी पानी दिल्ली तक लगभग दो दिनों में पहुंचा, जिससे नदी कई बार उफान पर चली और उत्तर-पूर्व दिल्ली के यमुना बाजार जैसे कम ऊंचे इलाकों में जलभराव हुआ। पिछली सर्वाधिक ऊंची स्थिति 11 जुलाई, 2023 को 208.66 मीटर रही—तब उस आपातकालीन स्थिति को भारी सावधानी के साथ भोगा गया था। इसी तरह हरियाणा के अनेक गांव मुख्य भू-भाग से कट गए हैं। सड़कें नष्ट हुई हैं और मवेशी बह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाओं और बाढ़ ने व्यापक जन-धन की हानि की है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। जिसके चलते राज्य का नाजुक सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना बिगड़ गया है। केंद्र सरकार आपदा राहत की अनुग्रह राशि के चेक देकर और राहत से जुड़े बयानों तक सीमित नहीं रह सकती। इन राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए। इसके साथ ही जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत सीधा वित्तीय हस्तांतरण किया जाए। यदि समय रहते ऐसे कदम नहीं उठाए जाते तो जनाकांक्षाओं के साथ छल ही होगा। केंद्र सरकार को राज्य पर सिर्फ जिम्मेदारी थोपते हुए ऋण को केंद्रीयकृत करने की अपनी प्रवृत्ति को त्यागना होगा। बाढ़ से बेहाल हुए पंजाब को राहत देने के लिये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के बकाया साठ हजार करोड़ रुपये की मांग की है। निस्संदेह, जब पंजाब बाढ़ के गंभीर संकट से जूझ रहा है तो केंद्र से तत्काल सहायता पाना उसका हक बनता है। इसके साथ ही यहां यह भी जरूरी है कि केंद्र व राज्य सरकार आपस में संवादहीनता की स्थिति को खत्म करें।

दोनों सरकारें स्वीकार करें कि बाढ़ का संकट गंभीर है और लोगों को राहत पहुंचाना दोनों सरकारों की प्राथमिकता बने। इस संकट की घड़ी से उबरने के लिये राजनीतिक मतभेदों को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। नागरिक इस संकट के वक्त में शासन से जिस सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, उसके बजाय नौकरशाही की सुस्ती और नाममात्र की घोषणाओं ने उन्हें निराश किया है। निस्संदेह, केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिये तत्काल मदद के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करने की जरूरत है। बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास, शीघ्र जल निकासी और राज्य सरकार और गैर सरकारी संगठनों के मजबूत समन्वय के लिए तत्काल आर्थिक सहायता की जरूरत है। इस संकट की घड़ी का मुकाबला सभी पक्षों के तालमेल व ईमानदार प्रयासों से ही संभव हो सकेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों को मदद का भरोसा दिया है। उम्मीद है कि सरकार जान माल के नुकसान की भरपाई के साथ ही साथ तत्काल राहत के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई करेगी।

**लेखक उप्र राज्य मुख्यालय लखनऊ में मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

समृद्धि न्यूज़ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### एक्सीलेंट इन्नोवेटिव टीचर ऑफ इंडिया के अवार्ड से नवाजे जाएंगे आकाश गुप्ता



**हमीरपुर।** महर्षि विद्या मंदिर के इंग्लिश के अध्यापक आकाश गुप्ता को शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु एक्सीलेंट इन्नोवेटिव टीचर ऑफ़ इंडिया के अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। बता दे कि मुख्यालय के कुछेछा स्थित महर्षि विद्या मंदिर इंटर कालेज के अंग्रेजी के अध्यापक आकाश गुप्ता वर्ष 2022 से छात्रों को अंग्रेजी पढ़ा रहें है। इन तीन वर्षों में आकाश गुप्ता द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उनके उत्कृष्ट कर को देखते हुए भारत अयोध्या उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी 5 सितंबर को सागर कला भवन अयोध्या में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक्सीलेंट इन्नोवेटिव टीचर ऑफ इंडिया के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### टेढ़ा कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका को मिला सह महर्षि विश्वामित्र सम्मान

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर कंपोजिट विद्यालय टेढ़ा के सहायक अध्यापिका अफरोज जहां को बिहार प्रांत के बक्सर के डुमरांव में सह महर्षि विश्वामित्र सम्मान से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2025 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर टेढ़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट की सहायक अध्यापक अफरोज जहां को शिक्षा में बदलाव विषय पर एक विशेष सेमिनार में सह महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम बिहार प्रांत के बक्सर के डुमराव में आयोजित किया गया था। शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर प्रदान किया गया।उनके सम्मानित होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रेमवती वर्मा, शिक्षक इमामुद्दीन,हसीन फातिमा, रामविलास साहू,डॉ.ओम नारायण आदि ने हर्ष जताया है।

### कंपोजिट शराब की दुकान के सेल्समैन की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**राठ, हमीरपुर।** गिरवर गांव निवासी दलपत राजपूत ने बताया कि उसका 38 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र गांव में कंपोजिट शराब ठेके में बीते 5 माह से सेल्समैन का काम करता था। बताया कि मंगलवार दोपहर ठेकेदार, मुनीम और पुत्र वीरेंद्र के बीच दुकान के लेखाजोखा में विवाद हो गया। दलपत राजपूत ने बताया कि कुछ देर बाद पुत्र वीरेंद्र की हालत बिगड़ गई और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि पुत्र को जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। मृतक की मौत पर मां सुधा, भाई मुन्ना, पत्नी रेखा, पुत्र अनिकेत और पुत्री अंचल का रो रो कर बुरा हाल है। मझगवां थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जहरीले पदार्थ खिलाने का आरोप गलत है। अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को चेयरमैन ने पुरस्कार वितरित कर किया सम्मानित

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को चेयरमैन आशा रानी कबीर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।जिनमें कक्षा 8 के छात्र कोमल, सिमरन, कंचन, अनीता ज्योति, खुशबू, चाहत, दीक्षा, महक , रमा, व कक्षा 7 के श्रुति, साक्षी नंदिनी, मीना, शेजल,कक्षा 6की नैन्सी, मोनिका, सौम्या,उन्नति,सहित 26 छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक किरनलता गुप्ता, नाहीद हाशमी,राजीवकुमार, कमल किशोर मौजूद रहे।

### खाद न मिलने पर किसानों ने क्रय-विक्रय के बाहर काटा हंगामा

**राठ, हमीरपुर।** भीड़ अधिक होने पर किसानों ने संचालक द्वारा ताला डालकर भाग जाने आरोप लगाया है। क्रय विक्रय सहकारी समिति में खाद के लिए लाइन में खड़े सैकड़ों किसानों ने जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार मौके पर पहुंचे। जहां समिति में लेखपालों की ड्यूटी लगाकर किसानों को टोकन वितरण कराकर खाद बंटवाई गई। बुधवार को किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति में लाइन में लगे हुए थे। दोपहर बाद खाद समाप्त होने की बात कहकर संचालक ताला डालकर भाग गया। जिससे आक्रोशित सैकड़ो किसानों समिति के बाहर मुख्य मार्ग में जाम लगा दिया। किसानों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। जाम लगने से वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। 20 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को खाद दिलाए जाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया दिया। गल्हिया गांव निवासी रविंद्र, मंदाकिनी, मवई गांव निवासी ताहिद, नरेंद्र, कैलाश रानी, भैंसायें गांव निवासी मूलचंद्र, अतरौलिया मोहल्ला अशोक, अनुज, पवन, सोना औंता गांव निवासी अखिलेश कुमारी सहित सैकड़ों महिला, पुरुष किसानों ने आरोप लगाया कि सुबह से लाइन में लगे हुए हैं। समिति के लोगों ने अपने चाहतों को खाद का वितरण किया है और दोपहर बाद ताला डालकर संचालक भाग गए हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि भीड़ अधिक होने पर खाद का वितरण नहीं हो? पा रहा था।

### गणेश महोत्सव में गीत व नृत्य की रही धूम




**बांदा।** शहर के शास्त्री नगर गणेश भवन में चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम में गीत व नृत्य कि धूम रही स सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर सदर विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह महोत्सव केवल मनोरंजन नहीं वल्कि हिन्दू धर्म को जगाने का कार्य करता है देश की संस्कृति की पहचान बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गणेश महोत्सव के कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत गीत, संगीत, नृत्य भजन व नाटक के माध्यम से सभी श्रोताओं व दर्शकों में देश भक्ति, भारतीय संस्कृति व हिन्दू परम्परा की भावना जाग्रति होती है। साथ ही उदीयमान कलाकारों की प्रतिभा में निखार आता है स उन्होंने कलाकारों का हौंसला आफजाई करते हुए नूतन बाल समाज की ओर से उन्हें सम्मानित किया। बाल कलाकारों ने गणेश जी की वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। उनकी प्रस्तुति ने सभी को साथ साथ गाने को मजबूर कर दिया स कलाकारों ने कभी राधा कृष्ण तो कभी भगवान राम के रूप में गीत व नृत्य प्रस्तुत कर छटा बिखरने का कार्य किया स भजन के कलाकारों ने ढोल, मजीरा व वाद्ययँत्र के माध्यम में समा बाँध दी स कलाकारों द्वारा बहुत ही सुन्दर व मन मोहक प्रस्तुति देकर दर्शनार्थियों को बांधे रखा। पूरे समय तालियों की गणगणाहट से पूरा पंडाल गूँजता रहा स इस अवसर पर नूतन बाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को राम नाम पट्टा व माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता , क्विज प्रतियोगिता व मल खम्भ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू, अशोक अवस्थी, निखिल सक्सेना , राजेश गुप्ता रज्जन, नीरज त्रिपाठी, विद्यासागर द्विवेदी, राम प्रसाद सोनी आदि मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाकर बिना पैसे दिये सेल्समैन को चकमा देकर भागने वाले अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चिल्ला पुलिस द्वारा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाकर बिना पैसे दिये सेल्समैन को चकमा देकर भागने वाले शातिर अभियुक्त अतुल सिंह पुत्र शिव बहादुर को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि जनपद फतेहपुर थाना राधानगर क्षेत्र के रहने वाले सेल्समैन नीरज कुमार ने 29 अगस्त 25 को थाना चिल्ला पर सूचना दी कि अमन फिलिंग पेट्रोल पर 570 लीटर डीजल प्लास्टिक की केन व 38 लीटर पेट्रोल गाडी में डलवाकर अज्ञात लोग बिना पैसे दिए चकमा देकर भाग गए । जिसके सम्बन्ध में थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में आज दिनांक 2 सितंबर 25 को थाना चिल्ला पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाकर बिना पैसे दिए भागने वाला व्यक्ति फतेहपुर से बांदा की ओर आ रहा है और कहीं घटना करने की फिराक में है । सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मदनपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । मौके पर अभियुक्त के कब्जे से प्रयुक्त वाहन (स्विफ्ट कार) बरामद की गई, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी । अभियुक्त इन घटनाओं को अंजाम देने के लिए गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर पहचान छिपाता था । कड़ाई से पूंछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया की 28 अगस्त 25 को थाना चिल्ला क्षेत्र के अमन फिलिंग पेट्रोल पम्प पर 38 लीटर पेट्रोल, 570 लीटर डीजल, 16 अप्रैल 25 को जनपद हमीरपुर के थाना सुमेरपुर क्षेत्र में राम फिलिंग पेट्रोल पम्प तथा 31 अगस्त 25 को जनपद हमीरपुर के थाना लालपुर क्षेत्र के अखिल पेट्रोल पम्प से 560 लीटर डीजल व 26.5 लीटर पेट्रोल केनों व अपनी स्विफ्ट कार में भराकर बिना पैसा दिये सेल्समैन को चकमा देकर भाग गया था। जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो में अभियोग पंजीकृत है।

# सीडीओ को निरीक्षण में ब्लाक की समितियों में उपलब्ध मिली डीएपी यूरिया

**पचखुरा महान में नदारत मिली आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वेतन रोका**

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक निबंधक सहकारिता के साथ ब्लॉक क्षेत्र की सहकारी समिति हेलापुर, पचखुरा महान, सुमेरपुर का निरीक्षण करके डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने सुबह सहायक निबंधक सहकारिता के साथ मिलकर क्षेत्रीय सहकारी समिति हेलापुर, क्षेत्रीय सहकारी समिति सुमेरपुर, क्रय विक्रय सहकारी समिति सुमेरपुर, क्षेत्रीय सहकारी समिति पचखुरा महान पहुंचकर डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हेलापुर में 21 बोरी डीएपी एवं 86 बोरी यूरिया स्टाक में पाई गई। यहां पर कोई किसान मौजूद नहीं मिला। क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति में यूरिया 2.970 एमटी तथा डीएपी 19 एमटी उपलब्ध थी। क्रय विक्रय में यूरिया 17 बोरी तथा डीएपी पांच बोरी मौजूद थी। इसी तरह पचखुरा महान में 35 बोरी यूरिया, 5 बोरी डीएपी मौजूद मिली। इसके उपरांत सीडीओ ने राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण किया। यहां पर चिकित्साधिकारी डॉक्टर वंदना नदारत मिली। इस पर उन्होंने क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं युनानी को निर्देश दिए हैं कि वह एक दिन का वेतन रोकने का आदेश पारित करें।

## शौच के लिए गया वृद्ध ट्रेन की चपेट में आया, मौत



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वृद्ध सुबह रेलवे पटरी किनारे शौच के लिए गया हुआ था। तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी बाबू बाल्मीकि ने बताया कि उसके पिता नत्थू बाल्मीकि (70) सुबह करीब 7:00 बजे शौच के लिए रेलवे पटरी के किनारे गए थे।तभी वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गए। जिसकी ठोकर लगने से यह पटरी किनारे जाकर गिर गए और इससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पुत्र बाबू,बच्चू व गोरे को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## ईएमओ, चीफ फार्मासिस्ट सहित पांच लोगों का सितंबर माह का वेतन रोका

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बुखार से पीड़ित युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव गांव ले जाने के लिए परिजन शव वाहन की तलाश करते रहे। लेकिन शव वाहन न मिलने पर परिजन उसे टैंपों में लादकर गांव ले गए। इस मामले की खबरे जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुई डीएम ने तल्काल संज्ञान लेते हुए सीएमएस को कार्रवाई के निर्देश दिए। देर शाम सीएमएस ने ईएमओ, चीफ फार्मासिस्ट सहित पांच स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए सितंबर माह का वेतन रोकने के आदेश जारी किए है। जनपद जालौन के थाना

**शव वाहन न मिलने के मामले में डीएम के आदेश पर सीएमएस ने की कार्रवाई**

कदौरा के चंदरसी गांव निवासी रामसेवक (40) स्वामीदीन दिल्ली में फैक्टरी में काम करता है। दिल्ली में रहते हुए उसे कई दिनों से बुखार आ रहा था। मामा लल्लू ने बताया कि सोमवार को रामसेवक दिल्ली से गांव लौटा था और मंगलवार की सुबह उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई तो एंबुलेंस को फोन किया। लेकिन एंबुलेंस न पहुंचने पर प्राइवेट साधन से उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रामसेवक की मौत के बाद उसके शव को गांव ले जाने को लेकर वह लोग शव वाहन के लिए इधर उधर दौड़-भाग करने लगे। लेकिन यहां से भी शव वाहन की कोई व्यवस्था नहीं हुई। जिसके चलते मजबूरी में शव को टैंपों में रखकर गांव को रवाना हो गए। शव को टैंपों में ले जाने की खबर को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। साथ ही खबर सोशल मीडिया में भी वायरल होने लगी। जिसके बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने सीएमएस से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। देर रात सीएमएस ने इस प्रकरण में ईएमओ डॉ.महेंद्र कुमार सिंह, चीफ फामासिस्ट स्नेहलाता, स्टाफ नर्स धर्म सिंह, सत्येंद, अंकित (ओटी) से स्पष्टीकरण मांगने के साथ माह सितंबर का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है।

## मोटरसाइकिल सवार युवकों ने दुकानदार से की टप्पेबाजी



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के रामलीला मैदान मार्ग में सौंदर्य प्रसाधन की दुकान से दो बाइक सवार युवक करीब पांच हजार रुपए की सामग्री लेकर दुकानदार को चकमा देकर रफूचक्कर हो गए पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। व्यापार मंडल अध्यक्ष की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी खंगाल कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। रामलीला मैदान मार्ग में लोटन प्रसाद गुप्ता की सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकान है। मंगलवार को शाम करीब 5:30 बजे दो युवक बाइक से दुकान में आए और ब्रांडेड कंपनियों के क्रीम, पाउडर लिपस्टिक आदि पैक कराकर पर्चा बनवाया। पर्चा बनवाने के बाद उन्होंने दो पाउडर और मांगे जब दुकानदार अंदर पाउडर लेने चला गया। इसी बीच युवक सामान का गत्ता उठाकर बाइक से फरार हो गए पाउडर लेकर बाहर आए दुकानदार युवकों गायब देखकर भौचक रह गया। बुधवार को सुबह सूचना पाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार से घटना की जानकारी लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर टप्पेबाज युवकों की तलाश शुरू की है।

### भटकी दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने किया चाइल्ड लाइन के सुपुर्द

**हमीरपुर।** अयोध्या से मुख्यालय अपने जीजा के घर जा रही किशोरियों के भटकने पर यातायात पुलिस ने उन्हें चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया। चाइल्ड लाइन ने दोनों किशोरियों को मेडिकल के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। अयोध्या जनपद के थाना रौनाही के सौहावल गांव निवासी 15 वर्षीय खुशी व बहन पांच वर्षीय खुशबू पुत्री जगजीवन मंगलवार की दोपहर ट्रेन में सवार होकर कानपुर पहुंची। वहां से उन्होंने बस पकड़कर बुधवार को मुख्यालय पहुंची। यहां उन्होंने अपने जीजा को फोन लगाया। लेकिन फोन न लगने पर दोनों बस स्टैंड के साथ स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के बाहर बैठकर रो रहीं थीं। इस दौरान बैंक में तैनात गार्ड ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोगी पीआरडी जवान सुरेश चंद्र को बच्चियों के रोने की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पीआरडी जवान दोनों लड़कियों को लेकर ट्रैफिक पुलिस के सिपाही धर्मेंद्र कुमार के पास पहुंचा। उसके बाद सिपाही ने चाइल्ड लाइन यूनिट को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। चाइल्ड लाइन यूनिट की सुपरवाइजर शिखा सोनी दोनों बच्चियों को लेकर सेंटर पहुंची। भटकी खुशी ने बताया कि उसके मां की बीमारी के चलते मौत हो गई थी और पिता का भी देहांत हो चुका है। दोनों बहनें गांव में अकेली रहती हैं। उसकी बड़ी बहन की शादी हमीरपुर में एक वर्ष पहले हुई थी। जीजा समीर के कहने पर वह दोनों यहां आई हैं। सुपरवाइजर शिखा सोनी ने खुशी द्वारा बताए गए नंबरों पर फोन लगाया लेकिन फोन नहीं लगा। कोतवाली पुलिस को बुलाकर दोनों बच्चियों का मेडिकल कराया गया है। इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि दोनों किशोरियों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी में रखा गया है। वहीं बांदा निवासी जिस जीजा के यहां जा रही थी उसे भी बुला लिया गया है।

## 12वीं शरीफ के अवसर पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**शहर कमेटी मर्दान नाका द्वारा किया गया रक्तदान**



**बांदा।** शहर कमेटी मर्दन नाका बांदा के तत्वाधान में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय बांदा में किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा, अपर सीएमओ डा अजय कुमार, सीएमएस पुरुष चिकित्सालय बांदा डॉ किशुन कुमार ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ के अवसर पर जेड सोनू शुक्ला इम्तियाज मनीष आदि लोगों ने रक्तदान कर आगामी पैगंबर साहब के जन्म दिवस के अवसर पर शबाब हासिल किया। रक्तदान के समय शहर कमेटी मर्दन नाका के संस्थापक अबरार सिद्दीकी (मुन्ना), महासचिव मोहम्मद अलीम, अध्यक्ष हाजी गुफरान कमर, सलाहकार जुल्फिकार सिद्दीकी, जीशान उल हक, सेर्वर्स ऑफ़ लाइफ से अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार/ मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, इरशाद हुसैन, पीआरओ ब्लड बैंक प्रमोद द्विवेदी, प्रमोद यादव, आसिम, रमन आदि समस्त ब्लड बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

## संध्या वर्मा ने बिल्हौर विधायक को भगवान बुद्ध की स्मृति चिन्ह भेंट कर किया स्वागत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बुधवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण की अध्यक्षता में भाजपा अनुसूचित मोर्चा की जिला संगठनात्मक गोष्ठी का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर रहें। मुख्य अतिथि को भाजपा अनुसूचित मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संध्या वर्मा ने बुके व भगवान बुद्ध का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संध्या वर्मा ने अपने गांव बिल्हौर के डिब्बा नेवादा के प्रवेश द्वार पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. धनीराम कमल के नाम व सड़क का निर्माण कराने के लिये ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बताया बाबा डा भीम राव अम्बेडकर का जो सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया वह किसी ने नही दिया। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब के पंचशील का निर्माण कराया और भारत रत्न से सम्मानित किया और पार्टी को आगे बढ़ाने की बात कही की गांव मुहल्लों में जाकर लोगो को जोड़ने का काम काम करना और अनुसूचित लोगो को सरकार की उपलब्धियों को बताना और मोर्चे को मजबूत बनाना है। इस बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने अपने विचारों में कहा सभी को एकजुट होकर मोर्चे को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम के प्रभारी लक्ष्मी रतन शाहू रहे। इस बैठक में रामविलास जिला उपाध्यक्ष, अनीश जिला महा मंत्री, मण्डल अध्यक्ष विकाश वर्मा आदि मोर्चे के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में एचआईवी एड्स के बारे में किया गया जागरूक

**सीएमओ ने किया कार्यशाला का शुभारंभ**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद बौदा में एचआईवी एक्ट 2017 के अन्तर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ब्रिजेन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एचआईवी/ एड्स के कारण, बचाव, इलाज एवं एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में विस्तार से बताया गया। एचआईवी एक्ट 2017 के अन्तर्गत सरकारी व निजी क्षेत्र के चिकित्सकों, पैरामेडिकल कर्मियों के लिए एचआईवी एक्ट 2017 अधिनियम एवं बेसिक ऑफ एचआईवी/एड्स एण्ड एसटीआई/आरटीआई के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में अनुराग तिवारी सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि एचआईवी एक्ट के प्राविधानों में एचआईवी ग्रसित लोंगों को समान संरक्षा सुरक्षा एवं अधिकार प्राप्त है। इस एक्ट का उद्देश्य एचआईवी/एड्स से लोंगों का बचाव एवं इसके विस्तार को रोकना है। इस एक्ट के अन्तर्गत एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को बिना भेदभाव के आवश्यक उपचार देखभाल आदि सेवायें प्रदान करने एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकारों को भी संरक्षित करने तथा इससे जुडी शिकायतों के निवारण के लिए समस्त मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ को एचआईवी एड्स अधिनियम में प्राविधानों एवं बेसिक ऑफ एचआईवी/एड्स एण्ड एसटीआई/आरटीआई के लिए संवेदीकृत किया जाता है इसी तरह जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डा अजय कुमार ने एड्स के फैलाव व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में बेसिक ऑफ एचआईवी/एड्स एण्ड एसटीआई/आरटीआई एवं जनरल सेफ्टी गाइडलाइन को डा देवेश माथुर, उप जिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से बताया गया। जिला एड्स कार्यक्रम प्रबन्धक बृजेन्द्र कुमार ने बताया कि टोल फ्री नम्बर 1097 पर किसी भी समय सहायता प्राप्त कर सकते है। एवं भेदभाव एवं लांछन के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में मुन्नालाल प्रजापति, डा. विजय केशरवानी, डा. नरेन्द्र विश्वकर्मा, डा. देव तिवारी, डा. ऋषिकेश सिंह, समस्त एमओआईसी, स्टॉफ नर्स, एएनएम, सहित मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, टीबी क्लीनिक के मेडिकल, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं वार्ड ब्यॉय आदि उपस्थित रहे।

## तिलहन उत्पादन को बढावा देकर किसानों की आय में सुधार करें: डीएम

**बांदा।** डीएम जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अन्तर्गत आत्मा अधिशासी निकाय एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन अन्तर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अधिशासी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अन्तर्गत प्रस्तावित परिव्यय पर विचार विमर्श किया, जिसमें आत्मा कार्मिकों के मानदेय, कृषक प्रशिक्षण एवं कृषि निवेश पर अनुदान तथा किसान मेला एवं शेष कृषक पुरस्कार के अन्तर्गत वर्ष-2025-26 हेतु विचार किया गया तथा वर्ष 2024-25 में कराये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत जैविक खेती हेतु जनपद स्तर पर गठित आठ विकास खण्डों में संचालित किये जाने का प्रस्ताव पर विचार किया गया। नेशन मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना तिलहन कार्यक्रम के अन्तर्गत तिलहनी फसलों तिल, मूंगफली, सोयाबीन, राई, सरसो, अलसी के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ खाद्य तेलों में निर्भरता को कम करने और घेरेलू तिलहन उत्पादन को बढावा देकर किसानों की आय में सुधार करके आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है, जिसके अन्तर्गत उन्नत बीजों की उपलब्धत बढाना, बाजार पहुंच में वृद्धि, कलस्टर प्रदर्शन हेतु प्रमाणित बीज वितरण किये जाने के साथ मृदा स्वास्थ्य परीक्षण सहायत, कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम किये जाएंगे।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व सीएम कमलापति त्रिपाठी की जयंती




**बांदा।** कांग्रेस पार्टी कार्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पंडित कमलापति त्रिपाठी पूर्व मुख्यमंत्री/पूर्व रेल मंत्री जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में उन्हें याद किया गया, उनके चित्र पर अफसाना शाह व उपस्थित कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अफसाना शाह ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी एक भारतीय राजनेता, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। वह संविधान सभा के सदस्य रहे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा भारत के रेल मंत्री रहे। पंडित जी का जन्म 3 सितंबर 1905 में हुआ था। इनके पिता का नाम नारायण पति त्रिपाठी था। असहयोग आंदोलन में उन्होंने भाग लिया, वह सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी सक्रिय भागीदार थे जिसके लिए वह जेल गए, 1942 में भी उन्हें 3 साल के लिए जेल भेजा गया, उन्होंने हार नहीं मानी। वह संस्कृत वह हिंदी के विद्वान थे, उन्होंने ग्रंथ लिखे, समाचार पत्रों का संपादन किया, गांधी दर्शन से संबद्ध पुस्तक पर उन्हें मंगलाप्रसाद पारितोषिक प्रदान किया गया।

## परम्परागतढंग से त्यौहार मनाए जाएं : जिलाधिकारी

**डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाराबफात एवं गणेश चतुर्थी, नवरात्र व अन्य त्यौहारों को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिये कि परम्परागतढंग से त्यौहार मनाये जायें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने जुलूस वाले मार्ग को सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये जाने तथा आवश्यक सड़क मरम्मत, विद्युत तारों को ठीक करने तथा मार्गो में प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान एवं जल निगम को जलापूर्ति एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहारों में डीजे तेज आवाज के साथ संचालित न किये जायें। उन्होंने एम्बुलेन्स एवं फायर बिग्रेड की भी आवश्यकतानुसार व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ शान्तिपूर्वक रूप से मनायें। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि जुलूस मार्ग का आज ही निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें देख लें। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहारों के दौरान माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी दशा में तेज गति से डीजे न बजाये जायें यदि ऐसा करते हुए पाया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में शान्ति समिति के सदस्यों से सुझाव/समस्यायें भी आमंत्रित करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा कुमार धर्मेन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला समस्त उप जिलाधिकारीगण एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित शान्ति समिति के सदस्यगण एवं सम्भ्रान्त लोग तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना की जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में बीते सोमवार को हुए एबीवीपी के छात्रों पर लाठीचार्ज मामले में अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए कमिश्नर राजेश कुमार और आईजी प्रवीण कुमार की एक टीम गठित करके मामले की जांच रिपोर्ट 24 घण्टे के अंदर मुख्यमंत्री को सौंपने का आदेश दिया था। आईजी और कमिश्नर ने पुलिस लाइन में और रामस्वरूप विवि

▸ प्रशासनिक अधिकारियों की जगह न्यायिक अधिकारियों से होनी चाहिए जांच : राजनाथ शर्मा



में पहुंचकर घटना की जांच की और रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेजी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाई होनी है। एबीवीपी सूत्रों की माने तो प्रथम दृष्टया उन पांच लोगों पर कार्यवाई हो सकती है जिन्होंने मारपीट की शुरुआत की थी जो रामस्वरूप यूनिवर्सिटी के कर्मचारी हैं अथवा बाहरी व्यक्ति हैं। फिलहाल जिस प्रकार से विद्यार्थियों के साथ रामस्वरूप यूनिवर्सिटी ने फ्रॉड किया है यह सत्ता के रसूख के बिना नही हो सकता है। श्री रामस्वरूप यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट का सत्ता में व ब्यूरोक्रेसी में मजबूत पकड़ है, इससे यह इस सवाल को और बल मिल रहा है कि कार्यवाई के नाम पर खानापूरी हो सकती है। गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के प्रमुख राजनाथ शर्मा ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर यह बर्बरता भाजपा सरकार में लालफीताशाही की तानाशाही का प्रमाण है। ये अधिकारी पूरी तरह से बेलगाम और भ्रष्ट हो गए है। जनप्रतिनिधियों और राजनैतिक व्यक्तियों का दबाव खत्म हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार इस पूरी घटनाक्रम की जांच किसी पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी से कराए जाने के बजाए, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति से कराए ताकि पुलिस और कॉलेज प्रबंधन की साठगांठ जग जाहिर हो सके। उन्होंने मांग की है कि दोषियों को तुरंत दंडित करें, इसमें विलंब करने से जो जांच होगी उसमें लचीलापन आएगा।

## बीमा का पैसा हड़पने का लगाया आरोप

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** एलआईसी एजेंट के पुत्र पर किश्त के पैसे हड़पने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने जैदपुर थाने मे शिकायत की है।जबकि मामले की जानकारी होते ही जैदपुर पुलिस ने जालसाजी करने वाले आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शहनाज बानो पत्नी मो अली ग्राम-देवपुरा थाना जैदपुर ने जैदपुर थाने मे जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित व घर गाँव के लोगो मे जनाका पत्नी चन्द्रिका प्रसाद,सुन्दारा पत्नी विजय बहादुर, आसमा बानो पत्नी शराफत अली, शराफत अली पिता इरशाद अली, इन्साफ अली पुत्र इरसाद अली, शबीना बानों पति नसरुद्दीन, उसमान अली पुत्र इन्साफ अली ने एलआईसी का बीमा करा रखा था। बीमा करने वाले एजेन्ट का नाम मिथलेश कुमार मिश्रा ग्राम व पोस्ट बीबीपुर थाना जैदपुर जिसकी मृत्यु 2021 में हो गई थी। मृत्यु के बाद उसका लड़का रविकांत मिश्रा पीड़ित व उपरोक्त व्यक्तियों को गुमराह करके किस्त जमा करने का बहाना बताकर लाखों रूपये कई बार में ले गया और किसी की भी किशत नहीं जमा किया।पीड़ित व गाँव के व्यक्तियों द्वारा एलआईसी आफिस जाकर पता करने पर फाड होने का मामला सामने आया।उक्त प्रकरण में जैदपुर ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### यूपीयूएमएस में रिप्लेसमेंट थेरेपी का शुभारंभ



**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में आज माननीय कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कंटीन्यूअस रिनल रिप्लेसमेंट थेरेपी सीआरआरटी यूनिट का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कहा कि सीआरआरटी एक जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जो गंभीर रूप से बीमार एवं गुर्दे की समस्या से जूझ रहे मरीजों को धीमी डायलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से बेहतर उपचार प्रदान करेगी। जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह मशीन विशेष रूप से उन रोगियों के लिए डिज़ाइन की गई है जिनका रक्तचाप एवं हृदय की स्थिति स्थिर नहीं रहती। यह रक्त को फ़िल्टर कर विषैले तत्वों को हटाने में मदद करती है और गंभीर मरीजों के उपचार प्रबंधन की अहम कड़ी है। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ एसपी सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### ईद-ए-मिलादुन्नबी का जुलूस पांच को



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बारह रविउलअव्वल शरीफके मुबारक मौके पर उर्दू मोहल्ला जुलूस ईद मिलादुन्नबी कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमेटी के सदर कुँवर रफत अली खान ने ऐलान किया कि इस साल 5 सितंबर, दिन जुमा को नमाज़-ए-असर के बाद बड़ी मस्जिद चौक, उर्दू मोहल्ला से उल्माए इकराम की कयादत में जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम अपनी पारंपरिक रिवायत के साथ निकाला जाएगा। सदर कुँवर रफ्त अली खान ने जोर देकर कहा कि जुलूस में सभी शरीक अदब और इहतिराम के साथ नात शरीफऔर दुरूद-ए-पाक पढ़ते हुए चलें। उन्होंने निर्देश दिए कि साऊंड कम आवाज़ में बजाएं और डीजे का बिल्कुल भी इस्तेमाल न करें, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा, लिहाज़ा, तमाम हज़रात से गुज़ारिश है कि वे अपने-अपने घरों और दुकानों को रोशनी और फूलों से सजाएं। शहर की तमाम अंजुमन और कमेटियों से अनुरोध है कि वे अपनी-अपनी झांकियाँ और चौकियाँ सजाकर जुलूस में शामिल हों और इस पवित्र अवसर पर सवाब हासिल करें। बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, झंडा सरपरस्त सैय्यद नईम उल्ला और सदर कुँवर रफत अली खान ने साजिद अली अशरफी, अज़हर फरीदी और फैज इलियास को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और कमेटी में नई जिम्मेदारियाँ सौंपकर उन्हें नवाजा। इस अहम बैठक में कारी शहबाज अनवर कादरी, डॉक्टर शमशुद्दीन, जमीर हसन झम्मन, सगीर उल्ला राशिद बरकाती, कमेटी के मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान, रहमत अली मन्नू, हाजी जुहैब फैय्याज और अदनान खान सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### परशुराम समिति ने जताया शोक

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा.सुशील सम्राट, संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित, जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी आदि पदाधिकारियों ने परशुराम सेवा समिति इटावा के युवा जिलाध्यक्ष शिवम शुक्ला के भाई चंदन शुक्ला के निधन पर उनके आवास लखना पहुँचकर शोक जताया। एचकेएसडी इंटर कालेज नगला भग्गी के प्रबन्धक राघवेंद्र तिवारी, श्याम मोहन तिवारी के पिताजी विजय कृष्ण तिवारी के निधन पर उनके आवास रीतौर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### बारिश के पानी निकास को अवरुद्ध कर रहा दबंग

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के गौरी गांव में एक दबंग द्वारा बरसाती पानी के निकास में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। इस संबंध में गांव निवासी सोनू विश्वकर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है। बताया कि अभी तक गांव के सभी घरों का पानी नाले से होकर तालाब में गिरता था परंतु अब गांव निवासी अटल बिहारी द्वारा पानी का निकास रोक दिया गया है जिसके चलते ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज करने के अलावा एससी एसटी एक्ट के तहत ग्रामीणों को फसाने की धमकी देते है।

### ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन के लिए काम कर रही मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लि0 कम्पनी की बाइक बुधवार की सुबह ऑफिस के बाहर से चोरी चली गई चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कंपनी के लिए काम करने वाले रमेश कुमार पांडे पुत्र हरिशंकर पांडे ने बताया कि कम्पनी का ऑफिस कस्बा हैदरगढ़ की सुबेहा रोड पर उड़ान ई रिक्शा के निकट स्थित है। आज सुबह कंपनी की मोटरसाइकिल ऑफिस के बाहर खड़ी थी जहां से बुधवार सुबह 9 से 9:15 बजे के बीच चोरी चली गई हैं। ऑफिस में लगे सीसीटीवी में खोज करने पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ले जाते हुए कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। रमेश पांडे की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### कचेहरी सड़क हादसे में घायलों को बेहतर इलाज के लिए प्राइवेट हास्पिटल में किया भर्ती



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विगत दिवस शहर के कचहरी ओवर ब्रिज पर हुए सड़क हादसे में इलाज के लिए भर्ती घायलों के इलाज के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता प्रवीण मिश्रा भानू ने हॉस्पिटल पहुँचकर घायलों के प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था कराई। भाजपा नेता ने घायलों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करा यह सुनिश्चित किया कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हों और उनका उपचार पूरी गंभीरता व तत्परता के साथ करने के लिए चिकित्सकों से वार्ता कर घायलों के इलाज के लिए किसी प्रकार की कमी ना हो इस सम्बन्ध में चिकित्सकों से वार्ता की। इलाज के बाद दुर्घटना में घायल दो युवक पूर्णतः स्वस्थ होकर आज घर पहुंच जायेंगे। इस कठिन समय में सहयोग और संवेदनशीलता के साथ खड़े रहने वाले प्रत्येक क्षेत्रीयजन और शुभचिंतकों का नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता ने आभार व्यक्त किया। भाजपा नेता ने कहा कि दुर्घटना को आधार बनाकर राजनीति करने अथवा षड्यंत्र रचने वालों को भी धन्यवाद देना चाहूँगा कि कम-से-कम इस बहाने उन्होंने भी घायलों की सुध ली। हम सबका कर्तव्य यही है कि किसी भी विपत्ति की घड़ी में एक-दूसरे का साथ दें और मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता दें।

## ब्लॉक दिवस में एडीओ पंचायत ने सुनी समस्याएं, दिये निर्देश



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने किया।इस दौरान कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। दो शिकायतें परिवार रजिस्टर की नकल से संबंधित थीं, जिनका तत्काल निस्तारण कर दिया गया। तीसरी शिकायत मोहम्मदपुर बांहू निवासी राजेंद्र पुत्र नौमीलाल की थी, जो आवास आवंटन से जुड़ी थी। इस मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी आशीष कुमार यादव को दिव्यांग राजेंद्र की पात्रता की जांच कर आवास सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए गए।खंड विकास अधिकारी गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो, ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार न आना पड़े।कार्यक्रम में सतीश वर्मा, अखिलेश वर्मा, राजेश कुमार रावत, रवि रावत, तेजभान, ज्योति चौहान, मनीष शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, गजराज वर्मा और एपीओ मनरेगा रेनू रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ताबड़तोड़ चोरियों के खुलासे से अपराधियों व चोरो के हौसले पस्त

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नवागत थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह की धमाकेदार आधा दर्जन से अधिक चोरियो के खुलासे से अपराधियों एव चोरो मे खलबली मच गयी है। थाने का चार्ज लेने के 24 घंटे के अंदर ही तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की 2 अदद मोटर साइकिल,एक अदद मोबाइल,एक अदद सीएनजी सिलेण्डर सहित भारी मात्रा मे जेवरात व 81 सौ रूपये की नगदी बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे नवागत प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने स्वाट, एव सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान शहावपुर नहर पुलिया से बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम बरौलिया निवासी अमित वर्मा पुत्र सहजराम वर्मा,रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भरसवा निवासी रामराज पुत्र पुत्तीलाल अमेठी जनपद थाना शुक्लई के ग्राम शुक्लनपुरवा, हाल पता दुबग्गा बाजार लखनऊ निवासी कैलाश पुत्र रामप्रसाद को गिरफ्तार कर चोरी की बाईक नम्बर यूपी 41 एएक्स 9720 व यूपी 41 एडब्लू 8881 बरामद की।अभियुक्तों की निशानदेही एव जमातलासी मे 81 सौ की नगदी, चोरी का मोबाइल फोन, सीएनजी गैस सिलेण्डर, जेवरात बरामद किया।



### अभियुक्तों के पास से हुई बरामदगी

स्वाट,सर्विलास एव मसौली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के पास से चोरी की स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल नम्बर युोई 41 एएक्स 9720 व यूपी 41 एडब्लू 8881 मोबाइल फोन सीएनजी गैस सिलेण्डर सीने की माला,सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी,सोने की नथ,सोने ओम लॉकेट,सोने की बाली, सोने की माँगबेदी,चांदी की 14 जोड़ बिछिया,8 जोड़ पायल,एक कमरपेटी व 81 सौ रूपये की नगदी बरामद हुई।

### जेल मे हुई दोस्ती फिर ताबड़तोड़ चोरी की हुई घटनाएं

पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्तों ने बताया कि जिला कारागार बाराबंकी में बंद अभियुक्त अमित की मुलाकात रामराज और मो अफजल से हुई।जेल से रिहा होने के बाद मिलकर आसपास के क्षेत्रों में रेकी करनी शुरु कर दी। जिसमे सुनसान घरो को निशाना बना कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।रक्षाबंधन को मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी जयकरण के घर को निशाना बनाते हुए घर मे रखी 10 हजार की नगदी सहित सोने की पाजेब एक जोड़ी,सोने का माला,नथुनी,अंगूठी, बिछिया,सोने का ओम,एक मोबाइल फोन और 10 हजार की नगदी चोरी कर ले गये।शुभकरन के घर से सोने के झुमके,मांग टीका, बिंदी,करधनी, तीन इंडिया का माला, सिंगल पाजेब,चार अंगूठियां,एक नथुनी और 20 हजार रुपये की नगदी चोरी की थी जिसके आलावा ग्राम चौधरीपुरवा मे चोरी घटना को अंजाम दिया था। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर कटरा व जलालपुर घरों से मोबाइल, जेवरात व नगदी चोरी किए थे। 16 अगस्त को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर व मोहाटी पुलिया के पास स्थित घरों से जेवरात व नगदी चोरी किए थे।इसके आलावा नगर कोतवाली क्षेत्र नाका सतरिख से करीब 8 माह पूर्व हीरो स्पेलण्डर मोटरसाइकिल यूपी 41 ए डब्लू 8881 व एक माह पूर्व पल्हरी टेम्पो स्टैण्ड से अपाचे मोटर साइकिल यूपी 41 एवी 9345 चोरी किया था।जो फरार चल रहे अभियुक्त मो अफजल के पास मौजूद है। 3 माह पूर्व रामनगर थाना क्षेत्र से स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल यूपी 41 एएक्स 9720 चोरी किया था। 2 माह पूर्व नगर कोतवाली क्षेत्र के पैसार नाके से एक अल्टो कार 800 कार यूपी 32 एएम 7132 चोरी की थी।जिसे जनपद लखनऊ में निवासी कबाड़ी कैलाश को काटने के लिए बेच दिया था तथा सीएनजी सिलेण्डर निकलवाकर वापस ले लिया था।इसके आलावा गैंग का सरगना अमित ने उन्नाव से एक पिकअप चोरी किया था, जिससे थाना बदोसराय क्षेत्रान्तर्गत चोरी करते समय आस-पास के लोगों के देखे जाने पर पिकअप छोड़कर भाग गए थे। उक्त पिकअप थाना बदोसराय मे खड़ी है।

### बड़ी कामयाबी पर अपर पुलिस अधीक्षक ने दी शाबाशी

थाना मसौली के नवागत प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह अपने सहयोगी वरिष्ठ उपनीरीक्षक शमशाद अली, उपनिरीक्षक राज करन सिंह,अभय गुप्ता,आरक्षी सुरेन्द्र यादव, रत्नेश पाण्डेय, संजय विश्वकर्मा स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक ब्रजकिशोर सिंह, निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अजीजुल हसन, हेड कांस्टेबल सत्यप्रकाश यादव, बलवन्त सिंह, अंगद गौड़, जितेन्द्र बहादुर सरोज, मुकेश यादव जरनैल सिंह, अभय कुमार अंकित तोमर, अभिषेक राजवंशी, नितिन कुमार व सर्विलांस टीम के प्रभारी अजय सिंह उपनिरीक्षक दौमित्र सेन रावत हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मजहर अहमद, चन्द्रभान प्रवीण शुक्ल, शैलेन्द्र कुमार,अंकुर, रवीन्द्र कुमार, महिला सुनिधि पाण्डेय, स्वाती अवस्थी की कामयाबी पर अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने सराहना की।

## भाकियू ने सौंपा नायब तहसीलदार को ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन ने नायब तहसीलदार अन्नू सिंह को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बुधवार को बैठक थाना सफदरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत आगेहरा मजरे बिरौली में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में जिला मीडिया प्रभारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर करीम बख्श, धर्मराज वर्मा, रोशन लाल वर्मा, अंतिम वर्मा, कौशल किशोर वर्मा, मोहम्मद असगर, उस्मान अली और शमशाद अली सहित कई किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी तिलक राम गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू यादव, जिला सचिव अनुज श्रीवास्तव और युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष सिरौली गौसपुर मोहम्मद शोएब उपस्थित रहे। बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## देवराज की स्मृति में निःशुल्क ओपीडी आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की ओर से जनपद के कीर्तिशेष पूर्व सांसद चौ. रघुराज सिंह के पुत्र स्व. देवराज चौधरी की पुण्यतिथि पर बुधवार को श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में सभी लोगों के लिए समस्त जांचों सहित ओपीडी निशुल्क रखी गई, जिसमें 65 मरीजों ने लाभ उठाया।

चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि चौधरी रघुराज सिंह संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे के विशेष आग्रह एवं सहयोग से पूर्व सांसद के दिवंगत युवा पुत्र देवराज चौधरी की पुण्य स्मृति में चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीजों के लिए समस्त जांचों समेत ओपीडी निःशुल्क रखी गई। संस्थान की ओर से इन सभी को चाय और बिस्किट तथा अस्पताल स्टाफ को फल एवं मिठाई का वितरण भी किया गया।

भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, घनश्याम तिवारी, केके त्रिपाठी, सुधीर मिश्र, महेश चंद्र तिवारी समेत अस्पताल के कुशल चिकित्सक डा. आदर्श राजौरे, डा. प्रभाकर कटियार, अवधेश पचौरी, विशाल, शिवेंद्र यादव, उमाकांत पाठक एवं समस्त स्टाफ का उपचार व्यवस्था बनाने में विशेष सहयोग रहा। संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे ने इस सेवा सहयोग के लिए चिकित्सालय प्रबंधन, धर्मार्थ सेवा शाखा एवं स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डीएम ने ओटीडी सेल की बैठक कर दिये सुधार के निर्देश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ अंडे व मछली की बड़ी मंडी के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का दिया निर्देश



आज जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी जी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में माह सितंबर 2025 की जिला ओटीडी सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राथमिक क्षेत्र कृषि में फसलें वर्ष वार क्षेत्रफल, उत्पादन, उत्पादकता उद्यान विभाग कि फसलें क्षेत्रफल उत्पादन और उत्पादकता, पशु जन्य पदार्थ मत्स्य/टिंबर के उत्पादन, बन प्रभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की स्वाट एनालिसिस के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मक्का उत्पादन का क्षेत्रफल कम है इसको अधिक से अधिक प्रमोट करने के लिए कार्यशाला आयोजित कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करें और क्षेत्रफल बढ़ायें। इसी प्रकार मत्स्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मत्स्य और अंडे की बड़ी मंडी बनाए जाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजना भेजा जाए इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने बन प्रभाग की स्वाट एनालिसिस के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि आरा मशीनों सूची तैयार किया जाए साथ ही आरा मशीन के संचालकों के साथ बैठक कर यह जानकारी लिया जाए की किस तरह की लकड़ी वह ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं फर्नीचर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किस तरह के पेड़ लगाया जाए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ओ टी डी सेल से संबंधित अन्य विभागों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी विभाग में लापरवाही न बरती जाए गंभीरता के साथ ओ टी डी से संबंधित बिंदुओं पर प्राथमिकता से कार्यवाही कर प्रगति सुधारी जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज परियोजना निदेशक जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी उपनिदेशक कृषि जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## 32वें स्थापना दिवस पर व्यापारी सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 32 वें स्थापना दिवस पर व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन साई मंदिर पक्का तालाब पर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने की एवं संचालन जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने किया।

मुख्यअतिथि नगर क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय, राजकुमार सिंह तहसीलदार सदर, अति विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व विशिष्ट अतिथि यशवंत सिंह शहर कोतवाल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में जनपद के वरिष्ठ व्यापारियों को व्यापारी सेवा सम्मान से सम्मानित किया सम्मानित होने वाले व्यापारियों में पंकज तिवारी बबलू महिंद्रा संतोष पटेल मनोज जैन डॉ. हरिशंकर पटेल राहुल गुप्ता विनोद यादव जसवन्तनगर यामीन रिंकू चौधरी को व्यापारी सेवा सम्मान प्रतीक चिन्ह पगड़ी फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान विशेष रूप से व्यापारियों ने 3 सितंबर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए स्वदेशी के तहत स्वदेशी अपनाओ एक राष्ट्र एक चुनाव जीएसटी में आमूल चूल परिवर्तन भ्रष्टाचार पर नियंत्रण अंग्रेजों के समय में बने कानून में परिवर्तन कराए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को जिला संरक्षक राजीव यादव, इकरार अहमद हरिओम गुप्ता अर्चना कुशवाहा मनोज अग्रवाल रंजीत कुशवाहा ने संबोधित किया। इस अवसर पर सर्वेश चौहान रणवीर सिंह चौहान अशोक कुमार कुशवाहा सत्येंद्र कुमार कुशवाहा लल्लू वारसी आकाश वर्मा हाजी गुड्डू मंसूरी जैनुलाब्दीन सुदर्शन जैन राधे राजावत राघवेंद्र सिंह राहुल अवस्थी वरुणराज संजय वर्मा शिवम गुप्ता ऋषि पोरवाल संतोष पटेल पूजा श्रीवास्तव मोहम्मद वसीम राईन विकास बाबू शाक्य सुशीला राजावत वर्षा दुबे विपिन दुबे सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## अनियतता व गलत रिपोर्ट देने के आरोप में अल्ट्रासाउंड सेंटर सील



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मियागंज अस्पताल के सामने संचालित वैष्णवी आल्ट्रासाउंड सेंटर की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी कि सेंटर पर अनियमितताएं बरती जा रही है और गलत रिपोर्ट थमा दी जाती है जिसको संज्ञान में लेते हुए बुधवार की दोपहर एसडीएम हसनगंज द्वारा नामित नायब तहसीलदार दीपक कुमार एवं नोडल अधिकारी डाक्टर मनीष मिश्रा द्वारा उक्त केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां अधिकारियों के आने की भनक लगने पर संचालक द्वारा सेंटर का शटर बंद कर दिया गया जिस पर सेंटर को सील कर दिया गया और अग्रिम आदेशों तक सेंटर का संचालन बंद करा दिया।

## एमएलसी व विधायक ने खाद समस्या को लेकर डीएम से की भेंट व वार्ता

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



एमएलसी अरुण पाठक ने विधायक पंकज गुप्ता के साथ जिलाधिकारी से भेंट कर जनपद में खाद की समस्या सहित किसानों को हो रही परेशानी पर चर्चा की। खाद की काला बाजारी रोकने तथा किसानों को प्रति हेक्टेयर लिमिट का शासनादेश का हवाला बता गुमराह किये जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि इसी बात का फायदा प्राइवेट दुकानदार उठा रहे। किसानों को मन माफिक दामों में खाद की बिक्री करने के साथ जिंक और सल्फर जबरन खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है, जिससे बाजार में जहां किसानों आर्थिक नुकसान हो रहा तो वहीं खाद की कालाबाजारी बढ़ रही है।जिलाधिकारी उन्नाव से मुलाकात के दौरान एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि जनपद में संचालित सभी सोसाइटियों में से एक साथ खाद दिवस के रूप में मना खाद का वितरण करा दिया जाए तो समस्या का त्वरित समाधान के इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। उन्नाव कहा कि जनपद में करीब 158 सोसायटी संचालित हैं और उनके संचालन के 73 सचिव नियुक्त है। ऐसे में कर्मचारियों की विसंगति दूर करने के लिए जिला स्तर पर सक्षम अधिकारियों व कर्मियों की अस्थाई नियुक्ति सोसायटी संचालन हेतु कर खाद का वितरण कराया जाए। एलएलसी अरुण पाठक के उक्त सुझाव से जिलाधिकारी सहमत दिखे। विधायक पंकज गुप्ता ने भी किसानों की बिजली समस्या बताई, उन्होंने कहा कि निर्धारित शेड्यूल में कटौती होने से किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही। इस दौरान प्रमुख रूप से संजीव त्रिवेदी अध्यक्ष सहकारी ग्राम विकास बैंक उन्नाव आदि मौजूद रहे।

## नर सेवा नारायण सेवा ने निकाली श्री गणेश विसर्जन यात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आज नर सेवा नारायण सेवा/हिन्दू जागरण मंच द्वारा श्री गणेश चतुर्थी पर स्थापित लोक नगर के महराजा श्री गणेश जी की विशाल विसर्जन यात्रा सैकड़ो वाहनों, हजारों भक्तो व झाकियो के साथ पूरी भव्यता से निकाली गयी। संस्था के संस्थापक व हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बताया कि गत माह 27 सितम्बर को श्री गणेश चतुर्थी लोक नगर मे हिन्दू जागरण मंच के सह संयोजक राकेश राजपूत के आवास पर श्री गणेश जी की स्थापना की गयी जिसका विसर्जन आज पूरी भव्यता व हजारों भक्तो व झाकियो के साथ किया गया विसर्जन से पूर्व 151 कन्यायो का कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया व पूर्व संध्या पर विशाल जागरण का आयोजन किया गया था। विसर्जन यात्रा लोकनगर चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय के पास से गंगा बैराज तक निकाली गयी जिसमे राधा कृष्ण व भोले नाथ की झांकीया रही मुख्य आकर्षण का केंद्र। यात्रा का शुभारम्भ नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी व प्रदेश अध्यक्ष अनीता विमल द्विवेदी व कार्यक्रम का संयोजन हिन्दू जागरण मंच के सह संयोजक राकेश राजपूत व हिन्दू जागरण मंच की वीरांगना वाहनी अध्यक्ष ज्योति राजपूत ने किया।

## शिक्षक एक ऐसा व्यक्तित्व है, जो राष्ट्र के नौनिहालों को संस्कारवान शिक्षा की ओर अग्रसर करता है

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक दिवस पर विशेष



शिक्षक एक ऐसा व्यक्तित्व है, जो राष्ट्र के नौनिहालों को संस्कारवान शिक्षा की ओर अग्रसर करता है और यही दीपक रूपी छात्र-छात्रायें अपने अलौकिक प्रकाश से सम्पूर्ण जगत को जगमग करके अपने परिवार, गुरूजनों सहित क्षेत्र को गौरवान्वित करते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षा जगत में अपने-अपने विचार रखे।

कन्या प्रा.वि. पुराना भरथना में प्र.अ. सन्तोष कुमारी का कहना है कि बच्चों में अनुशासित व संस्कारित शिक्षा का समावेश कराना ही हमारा मूल उद्देश्य है। शिक्षक होना मेरे लिए केवल जीविकोपार्जन का साधन ही नहीं, अपितु गौरवान्वित विषय है कि हमें नौनिहालों को शिक्षित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। विद्यालय व बच्चों के प्रति मैं व मेरा पूरा विद्यालय परिवार छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समय-समय पर अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी, महापुरूषों की जयन्ती व पुण्यतिथि, विभिन्न दिवसों, राष्ट्रीय पर्वो पर सांस्कृतिक, सामाजिक मंचन आदि सभी गतिविधियां एक सकारात्मक मुहिम के साथ करवाते हैं। उ.प्रा.वि. कन्धेसी पचार में स.अ. सपना यादव का कहना है कि प्रायः आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे ही परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत रहते हैं। हमारी प्राथमिकता रहती है कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ऐसी संस्कारित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें, कि वे स्वतः ही अन्य बच्चों को हमारे विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करें। शिक्षण कार्य के साथ-साथ अन्य प्रकार की प्रतिभाओं मेंहदी, चित्रकला, रंगोली, खेलकूद, शैक्षिक भ्रमण, दैनिक जीवन की क्रियाकलाप, सामाजिक तौर तरीके में बच्चे अग्रणी रहें, इसके लिए सदैव प्रयासरत रहती हूँ। होली प्वाइण्ट एकेडमी शिक्षक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक दिवस की सार्थकता तभी है, जब शिक्षक व छात्र दोनों एक-दूसरे के प्रति सम्मान व अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन करें। क्योंकि जब शिक्षक-छात्र दोनों ही सजग होगें, तभी समाज को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना सम्भव हो सकेगा। उ.प्रा.वि. न. गुदे के इं.प्र.अ. दीपक यादव विक्की ने कहा कि आज आधुनिकता के इस युग में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक संसाधनों की बहुतायत है। ऐसे में शिक्षक की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने छात्र को सकारात्मकता की ओर उन्मुख करे और छात्र भी शिक्षक के बताये गये सदमार्ग पर चलकर उच्च शिखर को स्पर्श करने के लिए संकल्पबद्ध रहे।

**कार्यालय राजकीय कन्या इंटर कॉलेज निघासन-खीरी।**

पत्रांक मेमो/ निविदा सूचना — दिनांक:- 01.09.2025 — विद्यालय कोड-1054

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संघ द्वारा चयनित महिला शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

1 :- टीजीटी विज्ञान
2 :- टीजीटी अंग्रेजी
3 :- टीजीटी गणित
4 :- कंप्यूटर ऑपरेटर

आवेदन की अंतिम तिथि 05.09.2025 आवेदनकर्ता आवेदन फॉर्म/रेज्यूम के साथ विद्यालय कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करे। किसी भी जानकारी के लिए 7466000989/ 8400447670 पर संपर्क करने का कष्ट करें।

मीनाक्षी रानी
प्रधानाचार्या
राजकीय कन्या इंटर कॉलेज
निघासन खीरी

# जिला जज ने किया पुस्तकालय व कांफ्रेंस हॉल का लोकार्पण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिला जज चंद्रोदय कुमार और बार काउंसिल उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने तहसील में पुस्तकालय भवन व कांफ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया। बार एसोसिएशन की वेबसाइट लॉन्च के साथ 25 नए वकीलों को सीओपी कार्ड वितरित किए गए। तहसील में पोस्ट ऑफिस, बैंक, एटीएम और चिकित्सीय सुविधा की मांग को भी मंजूरी दी गई।

जिला जज चंद्रोदय कुमार और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने तहसील परिसर में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन और कांफ्रेंस हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर छिबरामऊ बार एसोसिएशन की वेबसाइट का शुभारंभ भी जिला जज ने बटन दबाकर किया। उन्होंने कहा कि छिबरामऊ बार एसोसिएशन ने आसपास के जनपदों में पहली बार अपनी वेबसाइट बनाकर एक मिसाल कायम की है। साथ ही, उन्होंने जनपद स्तर पर भी वेबसाइट बनाने का सुझाव दिया। वकीलों की मांग पर जिला जज ने तहसील परिसर में पोस्ट ऑफिस, बैंक, एटीएम और चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिसकी जिम्मेदारी सीजेएम श्रद्धा भारती को सौंपी गई। बार काउंसिल उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने पुस्तकालय के लिए निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने की घोषणा की और जिला जज से वकीलों के निजी मामलों में नरमी बरतने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिना बार एसोसिएशन के वकालतनामे के नए मुकदमे दर्ज न हों। वकीलों के चेंबर के लिए हाईकोर्ट से बजट दिलवाने का भरोसा भी दिया। कार्यक्रम में जिला जज ने 25 नए वकीलों को सीओपी कार्ड वितरित किए। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह ने जिला जज, सीजेएम, एसीजेएम अनुपम कुशवाह, सिविल जज नंदनी उपाध्याय, अपर सिविल जज अंकुश श्रीवास्तव और एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन छिबरामऊ बार एसोसिएशन के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ।



बार एसोसिएशन की वेबसाइट शुरू

# ककरारी तालाब में होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, काली नदी में प्रतिबंध

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



इस वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन सौरिख रोड स्थित प्राचीन ककरारी तालाब में किया जाएगा। प्रशासन ने नगर से 5 किलोमीटर दूर बहने वाली काली नदी में विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि नदी में इन दिनों बाढ़ की स्थिति है।

नगर में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के दिन 31 स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। इनमें से अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन 6 सितंबर, शनिवार को ककरारी तालाब में होगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने ककरारी तालाब का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब में समुचित सफाई और विसर्जन के लिए पर्याप्त जल की उपलब्धता पाई गई। उन्होंने बताया कि विसर्जन प्रक्रिया को सुचारू और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से ककरारी तालाब में ही विसर्जन करने और काली नदी में विसर्जन से बचने की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में राहुल का शानदार प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के एक छोटे से गांव भौंराजपुर निवासी राहुल कुमार ने जयपुर में आयोजित 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर दिया। 495 अंकों की क्वालीफिकेशन सीमा को पार करते हुए राहुल ने 516 अंक हासिल कर न केवल क्वालीफाई किया, बल्कि जिले और गांव का नाम भी रोशन किया। उनके कोच अनिल कुमार पाल और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज गुरु जी का मार्गदर्शन उनके इस सफर में अहम रहा। इस उपलब्धि के साथ राहुल का चयन भोपाल में होने वाली अगली प्रतियोगिता के लिए हुआ। छोटे से गांव से निकलकर राहुल ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से सभी को गौरवान्वित किया है।



# श्री गणेश महोत्सव में हुआ भव्य सुंदरकांड पाठ



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में जय बालाजी सेवा समिति के सौजन्य से श्री गणेश महोत्सव में बुढ़वा मंगल पर भव्य सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नेहा त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य ने भगवान श्री गणेश जी की आरती की। जय बालाजी सेवा समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों ने सुंदरकांड पाठ का भव्य मंचन किया।

इसमें भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता जी तथा हनुमान जी की जीवंत झांकी ने सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। राम के स्वरूप में सजे आयांश, सीता जी बनी पलक तथा देवांश ने लक्ष्मण का स्वरूप धारण किया। हनुमान जी के स्वरूप में सजी यशिका रानी तिवारी ने खूब वाहवाही लूटी। राम जी मिले ना हनुमान के बिना...कीजौ केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम... संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं... आदि कई भजनों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम के संयोजक सर्वेश कुमार तिवारी के साथ प्रशांत त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, हिरदेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, मीना मिश्रा, गीता कश्यप, शशि चौहान, मिथिलेश शर्मा, रजनी सक्सेना व शीला गुप्ता आदि ने सुंदरकांड पाठ किया कार्यक्रम में आशू शाक्य, स्पर्श तिवारी, यश तिवारी, रीना गुप्ता, प्रवेश, शिवा, अमन शर्मा, विपिन शर्मा, श्याम ठाकुर, दिनेश चंद्र शुक्ला, सुंदर, बबलू सविता, जितेंद्र मोहन पांडे, आयूष आदि का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

6 दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर कीरत निगोह निवासी संगीता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि बीते गुरुवार को उनके पति राजीव कुमार मोटर साइकिल से घिलोई से बापस घर आ रहे थे, तभी लता कोल्ड से आगे ग्राम महमूदपुर कीरत (आम नगला) रोड पर उनकी बाइक के आगे अचानक आवारा सांड के आ जाने से उससे टकराकर घायल हो गए। बेहोशी की हालत में उन्हें छिबरामऊ के एक निजी अस्पताल ले गये वहाँ पर आराम न मिलने के कारण वहां से कानपुर (कल्यानपुर) के एक निजी अस्पताल में ले कर गए। वहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव घर आते ही परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छा गया।

# बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचे 10 का हुआ चालान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दोपहिया वाहन चालकों में जागरूकता लाने के लिए नगर में भी नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान की शुरुआत हो चुकी है। टीएसआई अरशद अली ने बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचे 10 बाइक चालकों का चालान कर दिया।

यह अभियान 01 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक पूरे जिले में चलेगा इस दौरान बिना हेलमेट आने वाले किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात और प्रभारी यातायात के पर्यवेक्षण में बुधवार को अभियान के तीसरे दिन टीएसआई अरशद अली ने नगर के कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभियान की गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले 10 वाहनों के चालान किए गए। मौके पर ही पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया कि बिना हेलमेट आने वाले किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल ना दें। अभियान का उद्देश्य टीएसआई अरशद ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बिना हेलमेट चलना सड़क हादसों में गंभीर चोट और मौत की बड़ी वजह बनती है। टीएसआई अरशद ने आम जनता से अपील की है कि सड़क पर निकलते समय हमेशा हेलमेट पहनें। यह नियम सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है।

# मौजा बड़ेरा में भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों ने जताया विरोध

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को उरई विकास प्राधिकरण द्वारा बड़ेरा मौजा में 100 एकड़ उपजाऊ जमीन का आवासीय योजना में अधिग्रहण करने के विरोध में अनेकों किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि यदि जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव रद्द न किया गया तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जायेगा।

किसानों का कहना था कि जिस जमीन का ओडीए अधिग्रहण कर रहा है वहां पर पहले से ही कई किसानों के आवासीय मकान भी बने हैं। इतना ही वहां पर कई लोगों ने आवासीय भवन बनाने के लिये प्लाट भी खरीदे जा चुके हैं। जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे दीप्ति गुप्ता, अर्चना गुप्ता, राजकुमारी, शिवाकांत तिवारी, अनूप चौरसिया, सचिन राज, माखन, फूल सिंह, बृहमोहन, प्रेमनारायण, लल्लू, संतोष कुमार, ज्ञान सिंह पाल, लालता प्रसाद, राम ढकेली, संजू, राजकुमार, विवेक कुमार आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये ज्ञापन में कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि उरई विकास प्राधिकरण द्वारा एक आवासीय योजना के अंतर्गत मौजा बड़ेरा रोड पर करीब 100 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किये जाने का प्रस्ताव हैं उक्त् संबंध में हम किसानों के सामने खेतों के अधिकृत अन्य कोई जीविका का साधन नहीं हैं और न ही इसके अलावा अन्य किसी मौजा में भूमि है हम लोगों ने जो प्लाट खरीदे है जो उनके अलावा कोई प्लाट भी नहीं है। इस क्षेत्र के आसपास बहुत किसानों ने अपने आवासीय मकान भी बनाये है।

यदि ओडीए द्वारा हम किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया तो हम किसानों को आर्थिक क्षति पहुंचेगी। किसानों ने ओडीए की आवासीय योजना को रद्द करने की मांग करते हुये कहा कि यदि उनकी मांग को नहीं माना गया तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे।

किसानों का कहना था कि ओडीए जिन गाटा नंबरों का अधिग्रहण करना चाहता है वहां पर पहले से ही प्लाटिंग हो चुकी है जिसका रकवा 16.6360 यानी लगभग 41 एकड़ से अधिक है।



जमीन अधिग्रहण के विरोध में डीएम से मिलने जाते बड़ेरा के किसान।

## बड़ेरा और बड़ागांव में होगी नई टाउनशिप विकसित

उरई (जालौन)। उरई विकास प्राधिकरण शहर के विस्तार और सुनियोजित विकास के लिए नई टाउनशिप बसाने जा रहा है। इस टाउनशिप में बडेरा और बड़ागांव गांव को शामिल किया गया है। सचिव परमानंद यादव ने बताया कि इस परियोजना से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित टाउनशिप में सुनियोजित पार्क, चौड़ी सड़कों एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा.। भूमि अधिग्रहण के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की सहमति और आपसी समझौते के आधार पर ही जमीन ली जाएगी, जिससे किसी प्रकार का विवाद न हो। सचिव ने विश्वास जताया कि इस पहल से अब तक विकास से वंचित रहे गांवों में भी खुशहाली आएगी और विकास एवं रोजगार के नए अवसर बनेंगे एवं लोगों को सुनियोजित आवासीय व्यवस्था सुलभ हो सकेगी।

# गोपूजन कर खिलाया गुड़-चना अर्पित की फूलों की माला

## गो-आश्रय स्थल अनौगी का निरीक्षण कर मंत्री ने व्यवस्थाओं को परखा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बुधवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित गो- आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने परंपरागत विधि से गोपूजन कर उन्हें गुड़, चना व फूलों की माला अर्पित की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत तीन गोवंश सुपुर्द किए गए। निरीक्षण में आश्रय स्थल परिसर में एकत्रित कीचड़ वाले स्थान पर खड़जा बिछाने के निर्देश दिए। साथ ही वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने का निर्देश खंड विकास अधिकारी जलालाबाद को दिया। आश्रय स्थल में कुल 131 गोवंश संरक्षित पाए गए। मंत्री ने गोवंशों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए दिन में तीन केयर टेकर व रात में एक चौकीदार की नियमित ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। मौके पर 80 क्विंटल भूसा व 8 क्विंटल पशु आहार उपलब्ध मिला। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार, पशु चिकित्साधिकारी जलालाबाद, खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान रहे।



गोपूजन करते मंत्री असीम अरुण

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध दर्ज की एफआईआर

**कालपी,जालौन।** पुलिस ने अदालत के आदेश पर युवक के खिलाफ मारपीट कर बलात्कार का मामला दर्ज किया है। घटना ढाई माह पुरानी बताई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी निवासी महिला ने गत 23 जून को शिकायत की थी कि वह शाम को खेतो की तरफ शौचक्रिया के लिए गयी थी इसी दौरान गांव निवासी मनोज पुत्र हरीशंकर ने उसको झाड़ियों में खीच कर मारपीट की थी और जबरन बलात्कार किया था हालांकि पुलिस ने घटना को मनगढ़ंत बताकर मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया था जिसपर महिला ने मामले की शिकायत अदालत में की थी और अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जाँच करने के आदेश दिए थे।

# दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले माल सहित गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिनों परचून की दुकान में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने बाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से 4670 रुपए की नगदी व पान मसाला बरामद किया। किया है। सदर थाना कोतवाली क्षेत्र के रात ग्राम उदैतापुर में बीते 04 अप्रैल व 15 जुलाई 2025 को एक परचून की दुकान का शटर व ताला तोड़कर सामान व नगद रुपये चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में थाना कोतवाली कन्नौज पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुखबिर खास की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक आलोक कुमार, कांस्टेबल धीरज पुलिस टीम ने अर्जुन उर्फ मोनू (26) पुत्र रामशंकर, सूरज उर्फ विकास (30) पुत्र रामशंकर निवासीगण ग्राम तेजापूर्वा कन्नौज को गिरफ्तार कर कब्जे से नगदी व पान मसाला बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।



## नगर में निर्धारित रूटों से निकाला जाये चिरागा व जुलूस मोहम्मदी

**कालपी,जालौन।** मोमिनों के प्रमुख पर्व ईद-उल मिलादुनवी बारह वफ़ात को दृष्टिगत रखकर कार्यक्रमों के आयोजक की मौजूदगी में कोतवाल परमहंस तिवारी की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई वहीं त्यौहार को लेकर इबादतगाहों खानकाहों घर तथा वस्तियों में सजावट रोशनी गई है। कोतवाली में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने कहा की निर्धारित रूटों से ही रात में चिरागा जुलूस तथा जुलूस मोहम्मदी निकाला जाए वहीं झंडों की ऊंचाई से निर्धारित रखी जाए जुलूस के आयोजक सैय्यद सिवतैंन मियां ने कहा कि जुलूस में चलने वाले छोटे-छोटे वाहन तथा अकीदत मंद अनुशासित तरीके से चलेंगे।

## 16 परीक्षा केंद्रों में पीईटी परीक्षा में शामिल होंगे में 26,888 अभ्यर्थी, डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**उरई ,जालौन।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) को नकलविहीन एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, एसआर पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीटिंग प्लान, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पीईटी-2025 परीक्षा 6 एवं 7 सितम्बर 2025 को आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक। जनपद के कुल 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 26,888 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में औसतन 6,672 परीक्षार्थी बैठेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लाना प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से हो सके। साथ ही नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी को निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं तथा बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए होटल आदि में ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु केंद्रों के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है।



पीईटी परीक्षा के लिये बनाये गये केंद्र का निरीक्षण करते डीएम।

# बुढ़वा मंगल पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई आरती



बाबा का भव्य श्रृंगार व दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बुढ़वा मंगल पर हनुमान जी के मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुँचकर भोग व प्रसाद वितरित किया और बाबा का गुणगान किया। कस्बा स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर भव्य बुढ़वा मंगल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बजरंग सेवा समिति के द्वारा कार्यक्रम को भव्यता दी गयी। शाम होते ही दिन मंगलवार को महाआरती आयोजन हुआ, जिसमें भारी मात्रा में लोग प्रांगण में पहुँचे। प्राँगण में पहुँचे भक्तों ने बाबा का भजन कीर्तन कर उनका गुणगान कर मनोकामना पूर्ण हो इसके लिए माथा टेक आराधना की। मंदिर परिसर के साज सज्जा का विशेष ध्यान रखते हुए परिसर को काफी सुंदर ढंग से सजाया गया था। महाआरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। देर रात जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें कीर्तनकारो के द्वारा कीर्तन से भक्तों का मन उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने पर भी कार्यक्रम चलता रहा और भक्त बाबा के गुणगान बरसात में भी सुनते रहे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी, विवेक पाठक, कमलकांत कटियार, अमित मिश्रा, पीयूष द्विवेदी, ऋषभ शुक्ला, शुभम त्रिपाठी, राहुल सैनी सहित आदि लोग रहे। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरसहायगंज कोतवाली व जसोदा चौकी पुलिस तैनात रही।

### भक्तों ने पहुँच कर लगाए जय श्री राम के नारे

## जबाबी कीर्तन सुनने को बारिश में बैठे रहे श्रोता

जलालाबाद। महाआरती के बाद श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर जबाबी कीर्तन का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान रिमझिम बारिश होने के बावजूद भी प्रांगण में लोग मौजूद बने रहे। कीर्तन कार सुशील दिनकर (प्रयागराज) व रिंकी तिवारी (कानपुर) ने संकट मोचन हनुमान का गुणगान किया और भक्ति गीतों की प्रस्तुत देकर जवाबी भजन कीर्तन किया। जिसे सुनने के लिए पहुँचे हजारों भक्तों ने रात भर तालियां बजाकर जयकारे लगा उत्साहवर्धन किया। रात भर चले कार्यक्रम में दोनों कीर्तनकारों के बीच जबाबी मुकाबला बराबरी का रहा। समिति ने दोनों को समान पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जनपद कन्नौज

पत्रांक-832/DA-04/CO-01/निर्माण/Tender Notice/2025-26 दिनांक- 03.09.2025

## (अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ वित्तीय वर्ष 2024-25 में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in. द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्तें किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 06.09.2025 | 04:00 PM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 06.09.2025 | 04:00 PM |
| 3 | Seck Clarification Start Date | - | - |
| 4 | Seck Clarification End Date | - | - |
| 5 | Pre Bid Meeting Date | - | - |
| 6 | Bid Submission Start Date | 06.09.2025 | 04:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 15.09.2025 | 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening | 16.09.2025 11:30 AM से | |
| 9 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

रविराज कौशल
अवर अभियन्ता (सिविल)
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।

सुनील कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।

मनोज दुबे
अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर झूली, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने पर परिजनों ने पुलिस व मायके वालों को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

नगर के मोहल्ला बगिया पहलवान बाबा प्रेम नगर निवासी राजू मिश्रा वैद्य की पुत्रवधू किरन देवी उम्र 26 वर्षीय पत्नी विट्ठल का शव आज सुबह 4 बजे कमरे में रोशनदान में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। जिसे देख परिवार में कोहराम मच गया। चीख पुकार सुन पड़ोसियों की भीड़ लग गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अनुराग मिश्रा ने फॉरेंसिंक टीम को बुलवाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल कमरे का निरीक्षण कर किरन के शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका किरन के भाई हर्षित निवासी दरियावगंज ने बताया कि किरन की शादी जनवरी 2020 को विठ्ठल के साथ हुई थी। उसके एक पुत्र सूर्यांश है। ससुराल वाले उसे आए दिन प्रताड़ित करते थे। बुधवार सुबह 5 बजे मोबाइल से सूचना मिली कि किरन ने फांसी लगा ली है तुम लोग आ जाओ। पिता वेद प्रकाश उर्फ करू मिश्रा व अन्य रिश्तेदारों के साथ पहुंचे, तो देखा पुत्री किरन का शव लटक रहा था पैर जमीन पर मुड़े हुए थे। यह देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।


मृतका का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

## गैंगेस्टर के मामले में आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अवैध गतिविधियों व समाज में भय व्याप्त कर अवैध धन अर्जित करने के मामले में कोतवाली कायमगंज के तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय सिंह यादव ने सर्वेश पुत्र मेवाराम निवासी ग्राम मदारपुर कायमगंज की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने सर्वेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन का कठोर कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# बिजली विभाग की लापरवाही एक फिर आयी सामने, दो घोड़ों की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो घोड़ों की मौत हो गयी। बचाने के प्रयास में युवक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार याकूतगंज सब स्टेशन के अंतर्गत ग्राम चौसपुर में दिनांक 02.09.2025 को शाम 11 हजार की लाइन जो की खम्बे से टूटकर नीचे खेत में झूल रही थी। दिनांक 03.09.2025 समय लगभग सुबह 10 बजे सुभाष का पुत्र राहुल निवासी ग्राम चौसपुर थाना कमालगंज अपने दो घोड़े खेत में चरा रहा था। उसी समय 11 हजार लाइन की चपेट में आने से उसके दो घोड़ों की दर्दनाक मौत हो गई और घोड़ों को बचाने के चकर में वह बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों का कहना है की इसकी जानकारी बिजली विभाग को थी की दरियागंज ब याकूतगंज रोड से 50 मीटर पर 11 हजार लाइन टूटकर झूल रही है। कल शाम को लाइनमैन भी इस लाइन को देखकर गया था और गाँव वालों का कहना है की सुबह-सुबह याकूतगंज सब स्टेशन के जेई अजीत राजपूत को फोन किया, तो जेई ने फोन नहीं उठाया। फिर गाँव वालों ने 112 पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर आई।


हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मरे घोड़े

# सवारियों से भरा टेंपो तालाब में गिरा, सभी बाल-बाल बचे


तालाब में गिरा टेंपो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड पर सवारी से भरा टेंपो तालाब में जा गिरा। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर जब तक पुलिस पहुंचती, तब तक चालक तथा सवारी मौके से फरार हो गये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्राम शुकरुल्लापुर ओवरब्रिज से टेंपो फर्रुखाबाद से तेज गति से आ रहा था। जैसे ही वह ओवर ब्रिज से नीचे उतरा, वैसे ही टेंपो अनियंत्रित हो गया और एक तालाब में जा गिरा। जिससे टेंपो में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई और मौके की ओर लोग दौड़े।

तब जाकर सभी सवारियों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाला तथा इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। थाना पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही चालक मौके से फरार हो गया और वहीं ग्रामीणों के मुताबिक सभी पांचों सवारियां अपने-अपने गंतव्य के लिए चली गईं। जब इस बाबत हल्का के दरोगा अभिलेख सिंह से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि हम पुलिस वाले के साथ सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे थे, लेकिन वहां से चालक फरार हो गया था और सवारियों को ग्रामीणों ने निकालकर सुरक्षित बाहर कर दिया था जिससे सभी सवारियां अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। ग्रामीणों ने बताया की सवारी का कहना था कि वह किसी पुलिस प्रक्रिया में नहीं पड़ेंगे इसलिए सभी अपने-अपने घर जा रहे हैं।

## गैंगेस्टर के मामले में आरोपी को छः वर्ष की सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने भग्गू उर्फ भगवानदीन पुत्र मिथौरी निवासी महरूपुर रावी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। जानकारी के अनुसार बीते 28 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज के तत्कालीन थानाध्यक्ष सुरेशचंद्र ओमहरे ने 19 अप्रैल 1997 को जुबानी सूचना दी थी कि भगवानदीन उर्फभग्गू निवासी जगतपुर इंदरगढ़ जनपद कन्नौज हाल निवासी महरूपुर रावी अपने साथी रामनरायन व अपने अन्य साथियों के साथ अनुचित रुप से आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए आपराधिक क्रियाकलाप से जनता में भय व्याप्त कर समाजविरोधी कार्य करते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने भग्गू उर्फ भगवानदीन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया


जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

**दस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित**

# खेत में पकड़ा गया संदिग्ध युवक निकला गांजे का तस्कर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात ग्रामीणों द्वारा धान के खेत में पकड़ा गया संदिग्ध युवक निकला गांजे का तस्कर। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज मंजना रोड पर बीती रात ग्रामीणों ने संदिग्ध अवस्था में धान के खेत में बैठे एक युवक को पकड़ लिया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल थाना पुलिस को दी थी। जिस पर मौके पर इंस्पेक्टर अवध नारायण पांडे तथा दरोगा रमाशंकर पांचाल पहुंचे थे, लेकिन वहां मामला और ही कुछ निकला। पकड़े गए युवक के पास गमछे में बंधी पोटली में गांजा निकला। जिस पर थाना पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में लिया और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास नशीला गांजा मिलने पर थाना पुलिस उसको हिरासत में लेकर थाने चली गई और वहां जाकर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम बंटी पुत्र रामनिवास कश्यप बताया। पुलिस ने मिले नशीले पदार्थ को तौलकर देखा तो नशीला पदार्थ गांजा 1 किलो 600 ग्राम निकला। जिस पर दरोगा रमाशंकर पांचाल ने अपनी तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर जेल भेज दिया। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि गांव नगला बारंग के ग्रामीणों ने संदिग्ध युवक को पकड़ा था। संदिग्ध का नशीले पदार्थ एनडीपीएस की धारा में चालान कर जेल भेजा गया है।


पुलिस हिरासत में पकड़ा गया तस्कर


छापेमारी के दौरान तम्बाकू गोदाम में पसरा सन्नाटा

## एसआईबी टीमों ने तम्बाकू गोदामों पर की छापेमारी, कारोबारिए हुए फरार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को इटावा और फर्रुखाबाद की एसआईबी टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया। टीमों ने बाईपास मार्ग स्थित राघव इंटरनेशनल और मानसी उद्योग के गोदामों का निरीक्षण किया। छापेमारी के दौरान टीमों ने गोदामों के फाटक बंद कर जांच शुरू की। इसके साथ ही कंपिल रोड पर स्थित जानकी इंटरप्राइजेज की भी जांच की गई। एसआईबी की कार्रवाई से तंबाकू कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कारोबारियों ने अपने गोदामों में ताला लगाकर मौके से दूरी बना ली। यह एक सप्ताह में दूसरी बार की गई छापेमारी है। वर्तमान में बारिश के कारण तंबाकू का कारोबार पहले से ही प्रभावित है। एसआईबी की लगातार छापेमारी से कारोबारियों की परेशानी बढ़ गई है। अधिकारी देर शाम तक जांच में जुटे रहे।

# धूमधाम से मना अखिल भारतीय उद्योग व्यापार का स्थापना दिवस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस 3 सितंबर को धूमधाम से कृषि उत्पादन मंडी समिति कायमगंज में नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर मनाया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा ने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आए दिन जीएसटी अधिकारी तंबाकू व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं, जो अब सीमा से बर्दाश्त है। जीएसटी के नाम पर लाखों रुपए की रिश्वत तंबाकू व्यापारियों से वसूल की जा रही है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। इसके बाद भी जीएसटी के अधिकारी नहीं सुधरे तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

स्थापना दिवस के अवसर पर 15 व्यापारियों का अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के विधानसभा अध्यक्ष बालक शर्मा, तंबाकू ट्रेड महामंत्री संजीव अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आबिद भाई, युवा जिला अध्यक्ष रोहित गुप्ता, जिला मंत्री बृजकिशोर दुबे, युवा नगर अध्यक्ष मयंक दुबे, संतोष गुप्ता, अजय गुप्ता, राधेश्याम कौशल, प्रवीन यादव, धर्मवीर यादव, अंकुर महेश्वरी, नगर महामंत्री प्रवीण वर्मा, अंकुर मिश्रा, महेंद्र राजपूत, रवि राठौर, राकेश राठौर, शाहिद सहित तमाम व्यापारीकरण उपस्थित रहे।


स्थापना दिवस पर सम्मानित होते पदाधिकारी

# आगामी 10 सितंबर को होने वाली बैठक में लाखों के विकास कार्यों पर लगेगी मोहर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 10 सितंबर को विकास खंड कार्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक होगी। जिसमें लाखों रुपए के विकास कार्यों पर मोहर लगेगी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन के द्वारा 10 सितंबर को क्षेत्र पंचायत की बैठक का एजेंडा पास किया गया है। जिसमें समस्त ग्राम प्रधानों व समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सूचना दी गई है। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वर्ष 2025-26, लेबर बजट कार्य योजना पर विचार, जल समस्या खराब पड़े हैंडपंपों की स्थिति पर विचार, ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम पर विचार किया जाएगा। पेंशन योजना, दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धावस्था पर विचार किया जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना राज्य वित्त केंद्रीय वित्त योजना के अंतर्गत कार्यों की कार्य योजना पर विचार किया जाएगा। वृक्षारोपण के कार्यक्रम सहित अन्य कई योजनाओं पर विचार किया जाएगा। यह जानकारी विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा एकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह ने दी।

# खेत पर कब्जा करने के प्रयास में महिला ने न्यायालय में दिया प्रार्थना पत्र

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन से कब्जा न छोड़ने पर पीड़ित महिला ने थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता सुमन गुप्ता पत्नी राकेश गुप्ता निवासी सुभाष नगर थाना कमालगंज ने न्यायालय में 173(4) बी.एन.एस.एस. के तहत दी गयी तहरीर में कहा है कि वह अपने परिवार सहित दिल्ली में निवास कर रही है। पीड़िता के पति राकेश गुप्ता के नाम कृषि भूमि गाटा संख्या 723 क्षेत्रफल 0.5580 हे0 स्थित ग्राम शेखपुर रुस्तमपुर परगना भोजपुर थाना कमालगंज में स्थित है। पीड़िता व उसका परिवार जनपद से बाहर रहने के कारण अपनी उक्त भूमि अपने पति राकेश गुप्ता के चचेरे भाई के लड़के सौरभ गुप्ता व गौरव गुप्ता पुत्रगण रावेन्द्र कुमार निवासीगण अम्बेडकर थाना कमालगंज जो कि दबंग भूमाफिया किस्म के व्यक्ति हैं, को उगाही पर दे रखी है। उक्त लोग पीड़िता को तय कीमत से कम धनराशि देते थे। पीड़िता को जब उगाही पर दी जाने वाली जमीन की सही कीमत के बारे में जानकारी हुई, तब पीड़िता दिनांक 31.07.2025 की सुबह समय करीब 7.30 बजे अपने मूल निवास सुभाष नगर थाना कमालगंज लौटकर आई और उक्त लोगों से कहा कि वह पीड़िता की कृषि भूमि की कीमत उगाही पर अच्छी नहीं दे रहे हैं। इसलिए वह भूमि छोड़ दें। पीड़िता किसी अन्य व्यक्ति को उगाही पर अपनी खेती देगी। जिस पर उक्त सौरभ गुप्ता व गौरव गुप्ता आगबबूला हो गए और गालियां देते हुए कहने लगे कि वह उसकी भूमि किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे और उसे यदि अपनी खेती वापस चाहिए तो वह उसे कम से कम 5 लाख रुपया दे, तभी खेती छोड़ेंगे। पीड़िता ने उक्त लोगों की बात का विरोध किया, तो दोनों लोग पीड़िता के साथ गाली गलौज कर अभद्रता करने लगे। पीड़िता इस घटना का वीडियो बना रही थी, तो उक्त गौरव ने पीड़िता का मोबाइल छीनकर तोड़ने का प्रयास किया तथा पीड़िता के साथ बदतमीजी की। मौके पर पास पड़ोस के लोग इकट्ठे होने लगे। जिस पर उपरोक्त लोग भविष्य में पीड़िता की जमीन पर कब्जा करने तथा हस्तक्षेप करने पर जान मार की धमकी दी और यह भी धमकी दी कि दोबारा फर्रुखाबाद लौटकर आई तो जान से मार देंगे। उक्त लोग पीड़िता की ही भूमि से जबरन पीड़िता से धन उगाही करना चाहते है। पीड़िता की थाने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। तब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को स्वंय उपस्थित होकर एवं दिनांक 02.08.2025 को जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, परन्तु आज तक प्रार्थिनी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस कारण पीड़िता न्यायालय में यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रही है।

# लघु आपराधिक एवं 138 एक्ट के मामले से संबंधित लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 के सम्बन्ध में तैयारी बैठक नीरज कुमार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में लघु आपराधिक मामले एवं धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित द्वितीय तैयारी बैठक अभिनीतम उपाध्याय अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एडीआर भवन में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन संजय कुमार अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

तैयारी बैठक में अध्यक्ष द्वारा लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 में चिन्हित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये तथा चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है। धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित अब तक कुल 36 मामले चिन्हित एवं लघु आपराधिक मामलों से सम्बन्धित अब तक कुल 1388 मामले चिन्हित किये जा चुके हैं। बैठक में धनश्याम शुक्ला मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज सी.डि., ज्ञानेन्द्र कुमार अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, जयवीर सिंह सिविल जज सी.डि./एफटीसी, युगुल शम्भू सिविल जज व.प्र./एफटीसी, ओमश्री चौरसिया सिविल जज सिटी, सुबुक मुस्कान जेएम सदर, प्रशांत कौशिक जेएम हवाली, हिमाशु नौटियाल अपर सिविल जज जू.डि., गुलफ्सा अपर सिविल जज कक्ष संख्या 02, स्वेता कश्यप सिविल जज जू.डि. कक्ष संख्या 03, शोभा रानी सिविल जज जू.डि., दीपिका रानी अपर सिविल जज जू.डि., अनामिका अपर सिविल जज कक्ष संख्या 04, ज्योति सागर सिविल जज/एफटीसी 02, शिवानी सिंह सिविल जज एफटीसी 01 एवं बलवीर सिंह यादव विशेष जेएम आदि न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में लेते अपर जिला जज व मौजूद न्यायिक अधिकारीगण

# धोखाधड़ी कर खेत विक्रय के नाम पर हड़पे 25 लाख रुपये

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत का बैनामा करने के लिये 25 लाख लेकर बैनामा ना करने पर रुपये वापस मांगने पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना पुलिस व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।

जानकारी के अनुसार अखिल गुप्ता आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व0 घनश्यामदास गुप्ता निवासी मोहल्ला गांधी नगर थाना कमालगंज का निवासी है। पीड़ित ने 173(4) बी.एन.एस.एस. के तहत न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र कहा कि उसकी गल्ला की आढ़त अमित ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से मंडी समिति में है। पीड़ित की आढ़त पर रामभरोसे, सुखलाल, शम्भूदयाल पुत्रगण इतवारी, रक्षपाल, भूरेलाल पुत्रगण भजनलाल, हरिओम पुत्र बृजलाल, हरदेवी पत्नी स्व0 बृजलाल निवासीगण ग्राम नगला मिर्जा थाना कमालगंज फसलें विक्रय करने के लिए आते जाते रहते हैं। इस कारण पीड़ित की उपरोक्त लोगों से अच्छी जान पहचान हो गयी थी। उपरोक्त लोगों ने मई 2015 में पीड़िता से कहा कि उनका व अन्य परिवारीजनों का खेत विक्रय हेतु है। उन्हें 25 लाख रूपयों की आवश्यकता है। जिस पर पीड़ित ने कहा कि वह खेत खरीद लेगा, लेकिन वह 25 लाख रुपया इकट्ठा नहीं दे पायेगा। यदि तीन किस्तों में रूपया ले लो, तो वह तुम्हारा व तुम्हारे परिवारीजनों का खैत बैनामा करवा लेगा। तब पीड़ित ने उपरोक्त लोगों से 25 लाख रुपये में सौदा कर लिया। तब पीड़ित ने मु0 25 लाख रूपया तीन किस्तों में दिनांक 11.05.2015 को मु0 6,00,000/-, दिनांक 06.07.2015 को मु0 11,00,000/-, दिनांक 03.10.2015 को शेष 8,00,000/- रुपया नकद इन लोगों को दे दिये थे। दिनांक 03.10.2015 को उपरोक्त रामभरोसे आदि ने तहसील फर्रुकाबाद में कुल 25,00,000/- लाख रुपये की रसीद समरपाल सिंह पुत्र शैतान सिंह निवासी शास्त्रीनगर कमालगंज व आदेश कुमार पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी मोहल्ला आजाद नगर कमालगंज के सामने अपने-अपने हस्ताक्षर व फोटो 100/- रुपये के स्टाम्प पर लगाकर नोटेरी से सत्यापित करवाकर प्रार्थी को दी। उसके बाद उपरोक्त रामभरोसे आदि की नियत में फर्क आ गया। पीड़ित से 25 लाख रूपया नकद प्राप्त करके बैनामा करने हेतु हीलाहवाली करते हुए खेत का बैनामा नहीं किया। तब पीड़ित ने दिनांक 08.02.2016 को पंचायत डलवाई गई। तब उपरोक्त रामभरोसे आदि पीड़ित को अपने खेत बैनामा करने हेतु दिखाने के लिए मिर्जा नगला रोड पर गए और पीड़ित को खेत दिखाया, तो पीड़ित ने राममरोसे आदि से कहा कि उक्त गाटा संख्या 125 की आराजी इन्द्रेश पथरिया, अभिषेक पथरिया व अवधेश पथरिया की थी। जिनके नाम इन्तखाब खतौनी में दर्ज है। उक्त गाटा संख्या 125 की आराजी का बैनामा पीड़ित दिनांक 28.04.2015 व दिनांक 17.08.2015 को उपरोक्त अभिषेक पथरिया आदि से करा चुका है तथा पीड़ित के नाम दाखिल खारिज हो चुका है। जिस पर कब्जा व दखल पीड़ित का है। तब पीड़ित ने उक्त सभी लोगों से कहा कि उन लोगों ने पीड़ित के साथ धोखाधड़ी व छल करके यह जानते हुए कि उक्त खेत उनके स्वामित्व व अध्यासन में नहीं है और पीड़ित से बेईमानी करके मु0 25 लाख रूपए ठग लिए हैं। पीड़ित ने रामभरोसे आदि से अपने 25 लाख रुपया वापस करने हेतु सैकड़ों बार तकादा कर चुका है, परंतु वह लोग पीड़ित का रूपया नहीं दे रहे हैं। पीड़ित दिनांक 11.06.2025 को निहाल व समरपाल के साथ रामभरोसे आदि उपरोक्त लोगों के घर ग्राम मिर्जा नगला गया और पीड़ित ने इन लोगों से कहा कि पीड़ित का 25 लाख रूपया वापस करो अन्यथा अपने खेत स्थित राजेपुर व गौसपुर वाले का बैनामा तहसील चलकर कर दो। इस पर उपरोक्त लोग गाली-गलौज करने लगे तथा कहा कि खेत का बैनामा भी नहीं करेंगे और कहा कि अगर दोबारा रुपयों का तकादा किया, तो जान से मार देंगे। पीड़ित थाना कमालगंज गया, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। तब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिनांक 08.08.2025 को रजिस्टर्ड प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दे रहा है।

**पुलिस ने नहीं की कोई कार्यवाही, न्यायालय में दिया प्रार्थना पत्र**


बैठक लेते जिलाधिकारी

## अंत्येष्टि स्थल बनाये जाने के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फर्रुखाबाद में अंत्येष्टि स्थल बनाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद में चिन्हित अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण का प्रस्ताव बनाकर सभी प्रधान उपलब्ध कराए। सोता बहादुरपुर में सभी सुविधाओं से युक्त अंत्येष्टि स्थल बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पी.डी. डी.आर.डी.ए., सभी खंड विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी व प्रधान मौजूद रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव न लड़ने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- सुनवाई में 51 पंजीकृत राजनैतिक दलों में से 17 राजनैतिक दल रहे उपस्थित
- पंजीकृत राजनैतिक दल अपना ईमेल, मोबाइल नंबर तथा वर्तमान पता अपडेट रखे: मुख्य निर्वाचन अधिकारी



बैठक लेते मुख्य निर्वाचन अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत छः वर्षों से प्रत्यक्ष रूप से लोक सभा एवं विधान सभा के चुनाव में प्रतिभाग नहीं कर रहें थे, उनके प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सुनवाई की।

उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसे दलों के प्रतिनिधियों को अपना प्रत्यावेदन, शपथपत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ सुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। उन्होने सुनवाई के लिए प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था। इसमें से 03 सितम्बर को 51 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था। जिसमें से 17 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुनवाई में प्रतिभाग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 02 एवं 03 सितम्बर को की गयी सुनवाई में 121 राजनैतिक दलों में से 55 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दल को प्रतिवर्ष 30 सितम्बर तक अपनी अंशदान रिपोर्ट तथा 31 अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की आडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में अपने आय व्यय का ब्योरा भी देना है।

प्रत्येक दल को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपए से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट देनी है। उन्होंने कहा कि सभी दलों के प्रतिनिधियों को अपनी पार्टी का ईमेल, मोबाइल नंबर तथा वर्तमान पता को अपडेट रखना होगा। जिससे आयोग के निर्देशों व अन्य तथ्यों की जानकारी को समय से उपलब्ध कराया जा सके। बुधवार को हुई सुनवाई में गदर पार्टी प्रतापगढ़, नवचेतना पार्टी मैनपुरी, नवीन समाजवादी दल प्रयागराज, निःस्वार्थ सेवा राष्ट्र सेवा पार्टी प्रयागराज, पूर्वांचल क्रांति पार्टी जौनपुर, राष्ट्रवादी इंसान पार्टी प्रयागराज, राष्ट्रवादी समाज पार्टी कानपुर नगर, राष्ट्रीय बंधुत्व पार्टी प्रयागराज, आम जन क्रांति पार्टी इटावा,राष्ट्रीय लोकतंत्र दल हापुड़, राष्ट्रीय मानव विकास पार्टी अमरोहा, सामूहिक एकता पार्टी कानपुर नगर, सर्वप्रिय समाज पार्टी इटावा, सत्य शिखर पार्टी अयोध्या, यूथ सोशलिस्ट पार्टी मुरादाबाद, युवा अनुभव पार्टी गोरखपुर, भारतीय युवा स्वाभिमान पार्टी औरैया जिले में पंजीकृत राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व महासचिव उपस्थित रहे। यह जानकारी फर्रुखाबाद प्रभारी जिला सूचना अधिकारी द्वारा दी गई।

## जिला जज व डीएम ने राजकीय संप्रेषण गृह का किया औचक निरीक्षण




निरीक्षण के दौरान जिला जज व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व मुख्य विकास अधिकारी ने राजकीय संप्रेषण गृह, किशोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था का वातावरण स्वच्छ पाया गया। किशोरों हेतु खेलकूद का स्थान, शयन कक्ष तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया। उचित स्थानों पर वेंटिलेशन एडजेस्ट फैन लगे होने या न होने की स्थिति की भी जांच की। जो संतोषजनक पाई गई। जिला अधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को संस्था के अनुरक्षण एवं लघु निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# फर्रुखाबाद विकास मंच ने बाढ़ पीड़ितों को बांटा भोजन व दवाइयां



लंच पैकेट वितरित करते भइयन मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए समाजसेवी फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र एवं उनकी टीम लगातार लोगों की हर सम्भव मदद करने में जी जान से लगी हुई है। बुधवार को बाढ़ से अत्याधिक प्रभावित क्षेत्र कटरी गंगपुर, बड़ी गुलरिया, पहाडपुर, पृथ्वीपुर, कटरी धर्मपुर में जाकर लोगों को लंच पैकेट तथा दवाओं का वितरण किया।

कुछ गांवो में न तो कोई सरकारी मदद और न ही किसी भी प्रकार की सहायता किसी के द्वारा पहुंची, हालात बहुत खराब है। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र ने कहा कि मुसीबत के समय मेरी पूरी टीम हर प्रकार से लोगों की मदद और सहायता कर रही है। किसी गरीब बाढ पीड़ित के गम्भीर रूप से तबियत खराब होने पर उनका इलाज बजरिया स्थित एक हास्पिटल में निःशुल्क कराया जा रहा है। भीषण बाढ़ के समय जो भी मदद हो जायेगी उससे लोगों को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर कोमल पाण्डेय, प्रशांत यादव, डॉ. पंकज राठौर, डॉ. जयवीर वर्मा, मोहित खन्ना, प्रदीप यादव, राजीव वर्मा, साधु सिंह यादव, कुलदीप सिंह, अलवर सिंह, आकाश गुप्ता, सनी, सुमित गुप्ता, वीरेलाल वर्मा, आलोक मिश्रा भूरे, राजीव वर्मा, हेमत शाक्य, अशोक शाक्य, गौरव कुशवाह आदि मौजूद रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करती शकुंतला देवी

## कांग्रेसियों ने मनायी पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने मासिक बैठक बुलाई और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनायी। भोलेपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनकी जयंती पर किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान शिवाशीष तिवारी, हिलाल शफीकी, अम्मार अली, जीशान कुरैशी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# योग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का मण्डल के लिए हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मेडल के साथ विजेता छात्र-छात्रायें

जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी इंटर कालेज रजलामई में आयोजन हुआ। अंडर-14, 17, 19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने वर्ग के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। प्रधानाचार्य सुलभ कुमार गंगवार ने सभी का स्वागत कर प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार गंगवार, नेहा भारद्वाज, मोहम्मद तैयब खां, मनीष गंगवार, भुवनेश्वर कुमार, श्रीकृष्ण मौजूद रहे। निर्णायक मण्डल में धनश्याम, केशव गंगवार, अनिकेत भारद्वाज, धनंजय पटेल, सुरेश कुमार, विमल कुमार आदि लोग मौजूद रहे। अंडर-14 योग प्रतियोगिता में आरती प्रथम, पूजा द्वितीय, आंचल तृतीय रही। अंडर-17 में मानसी दुबे प्रथम, प्रियंका द्वितीय, अंशिका तृतीय स्थान पर रही। अंडर-19 में आकांक्षा प्रथम, लवली द्वितीय, कंचन तृतीय रही। अंडर-14 बालक वर्ग में नितिन कुमार प्रथम, रितिका व संकल्प द्वितीय, आदर्श तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 में अंशू प्रथम, नितिन द्वितीय, कृपाराम तृतीय रहे। अंडर-19 में प्रियांश प्रथम, हर्ष शर्मा द्वितीय, आशुतोष तृतीय रहे।

## खबरें एक नजर में

### गौशालाओं में हरे चारे की बुआई करने के डीएम ने दिये निर्देश



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

> जिलाधिकारी ने गौवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गौवंश आश्रय स्थलों के नोडल अधिकारियो के साथ गौवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी सभी सूचनाएं 35 बिंदु के नए फार्मेट पर उपलब्ध कराये। सभी निरीक्षण आख्याएं पोर्टल पर दर्ज करें, मृत गौवंश की सूचनाएं पोर्टल पर दर्ज करे, शासनादेश के अनुसार सभी 06 रजिस्टर में जानकारी दर्ज करें। सभी गौशालाओं में हरे चारे की बुआई कराये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आईजीआरएस शिकायतों का समय से निस्तारण करें व ई0 ऑफिस पर प्रतिदिन लॉगिन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व सभी गौशालाओं के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

### सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, डीएम ने रिपोर्ट की तलब



मंदिर का निरीक्षण करते विकास खंड अधिकारी, सचिव तथा प्रधान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में 100 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए शासन से मांगी गई रिपोर्ट पर विकास खंड अधिकारी तथा सचिव ने मंदिर पहुंचकर जांच की। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाटासा में बने 100 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर का शासन के आदेश के अनुसार जीर्णोद्धार करने के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। जिस पर जिला अधिकारी ने शासनादेश के अनुसार विकास खंड अधिकारी से मंदिर की रिपोर्ट तलब की थी। जिसमें आज विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान के के साथ ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार गांव भटासा स्थित शिव मंदिर पर पहुंचे तथा मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मंदिर का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा बताया गया है कि उच्च अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी। मंदिर के जीर्णोंद्धार के लिए लगभग 50 लख रुपए की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान गोविंद सिंह गंगवार तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## बुढ़वा मंगल पर विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

छठवां बुढ़वा मंगल पर विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। बाला जी श्याम प्रेमी, खाटू श्याम बाली जी ग्रुप एवं भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकित कुमार गुप्ता ने अपने निवास पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया। पूरे दिन भण्डारा आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने हवन पूजन में भाग लिया और प्रसाद चखा। गंगा नगर स्थित अंकित गुप्ता के निवास पर भव्य भण्डारा सम्पन्न हुआ। महाप्रसादी में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भण्डारे में आये हुए संभ्रांत नागरिकों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रविकांत गुप्ता, मनोज कुमार सक्सेना, दीपक गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, कमल किशोर गुप्ता, अजीत गुप्ता, रुपेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, विकास गुप्ता, विजय सक्सेना, विजय गुप्ता, बंटू दुबे, अभिषेक वर्मा, प्रवेश गुप्ता, मंगल राठौर, अभिषेक गुप्ता, आकाश गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नवाचार महोत्सव में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




नवाचार महोत्सव में मौजूद बीएसए व शिक्षक आदि

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई में दो दिवसीय नवाचार महोत्सव का आयोजन हुआ। प्रथम दिन डायट संकाय सदस्य एवं प्राथमिक स्तर व द्वितीय दिवस पर माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर नवाचार महोत्सव का आयोजन डायट रजलामई में सम्पन्न हुआ। डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी की देखरेख में सम्पन्न हुए नवाचार महोत्सव में उन्होंने शिक्षण व्यवस्था पर जोर दिया। नवाचार द्वारा उपलब्ध करायी गई। जानकारी में शिक्षकों को बेस्ट प्रैक्टिस व्यवहारिक, शून्य निवेश, निपुण लक्ष्य संबंधी लर्निंग आउटकम परिवेश में उपलब्ध संसाधनों को उपलब्ध कराते हुए नवाचार माडल के सात शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बेसिक शिक्षाधिकारी डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने कहा कि यह टीएलएम सिर्फ डायट तक सीमित न रहकर हर विद्यालय में बच्चों के हितों में प्रयोग किया जाये। शिक्षकों के नवीतम प्रयासों की प्रशंसा की गई। साथ ही शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। डायट प्रवक्ता कमल किशोर द्विवेदी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### कंचन बनी यादव समाज सेवा विकास ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यादव समाज सेवा विकास ट्रस्ट की महिला बिग की प्रदेश अध्यक्ष दीप शिखा यादव ने जनपद फर्रुखाबाद निवासी सुभाष चन्द्र यादव की पुत्री कंचन यादव को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यादव समाजसेवा विकास ट्रस्ट की महिला बिग की प्रदेश अध्यक्ष दीप शिखा यादव ने कंचन यादव पर विश्वास रखते हुए दो वर्ष के लिए उन्हें जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। वह यादव सेवा ट्रस्ट के कार्यों में अपना योगदान देकर तन, मन, धन से सहयोग करते हुए संगठन को मजबूत करेंगी। कंचन यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर यादव समाज व अधिवक्ताओं ने भी उन्हें बधाई दी है।



कंचन यादव

# पांच सितम्बर को पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षक व कर्मचारी करेंगे उपवास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञानप्रकाश व नरेन्द्र सिंह

शिक्षक दिवस पर पुरानी पेंशन की मांग पर गुरुजन उपवास रखेगें। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर शिक्षक, कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग रखते हुए एक दिन का उपवास रखेंगे। अटेवा के संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस पर लाखों शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी पुरानी पेंशन बहाल की मांग को लेकर उपवास रखेंगे। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आवाह्न पर घर में, कॉलेज, कार्यालय में रहकर एक दिन का उपवास रखा जायेगा। इस कार्यक्रम को देश भर में सादगी के साथ गंभीरता से बनाया जायेगा। सरकार को नींद से जगाने के लिए संवैधानिक अधिकार को मनमाने के लिए पुरानी पेंशन बहाली की मांग रखी जायेगी और उपवास रखकर अपने मकसद को अंजाम देते हुए खुलकर विरोध किया जायेगा। अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने बताया कि सभी शिक्षक, कर्मचारी हाथों में लिखी स्लोगन की तख्तियां लेकर टोपी लगाकर ओपीएस की बहाली के लिए उपवास रखकर कार्यक्रम जनपद में विभिन्न स्थानों व कॉलेजों एवं विद्यालयों व घर में मनाया जायेगा। एनपीएस और यूपीएस कर्मचारियों को मंजूर नहीं है। जिसका खुलकर विरोध किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट मामले में कार्रवाई की मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- भाजपा आईटी सेल ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से लगातार आपत्तिजनक ट्वीट किए जा रहे हैं, जिनका देशभर में विरोध हो रहा है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए भाजपा आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय और उपाध्यक्ष श्याम दुबे ने एसपी विनोद कुमार से मुलाकात कर कांग्रेस के ट्विटर हैंडल के खिलाफ तहरीर सौंपी और कठोर कार्रवाई की मांग की। आईटी सेल पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणियां न केवल प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि देश की जनता की भावनाओं को भी आहत करती हैं। ऐसे ट्वीट्स समाज में वैमनस्य फैलाने वाले हैं और कानून के तहत इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।इस संबंध में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, विधायक अर्चना पाण्डेय, विधायक कैलाश राजपूत और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने भी पुलिस अधीक्षक से बातचीत कर मामले में उचित कदम उठाने की मांग की है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सिंधौली, कमालगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं.सिं/नी.सू./2025.26 — दिनांक 02/09/2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंधौली ब्लाक कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद उ.प्र. में संचालित ग्राम सिंधौली में गोशाला में निराश्रित गोवंशों से उत्पन्न अपशिष्ट (गोबर) की नीलामी दिनांक 08.09.2025 अपरान्ह को 02 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत सिंधौली में की जायेगी। नीलामी कार्यवाही/बोली लगाने से पूर्व बोलीदाताओं को जमानत धनराशि 04 हजार अग्रिम प्रत्येक बोलीदाता को जमा करना अनिवार्य होगा। सर्वोच्च बोलीदाता को बोली की कुल धनराशि तत्समय जमा करना अनिवार्य होगा एवं अपशिष्ट गोबर को 3 दिन में उठाना अनिवार्य होगा। बोली से पूर्व बोलीदाता उपलब्ध गोबर का आंकलन करे लें। संतोषजनक बोली न होने पर अधोहस्ताक्षरी/समिति द्वारा नीलामी निरस्त की जा सकती है। शर्तों की जानकारी कार्य दिवसों में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

सचिव, ग्रा0पं0 सिंधौली, कमालगंज, फर्रु0 — प्रधान, ग्रा0पं0 सिंधौली, कमालगंज, फर्रु0

**कार्यालय ग्रा0पं0 बेग विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 03/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 04/09/2025 से 10/09/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 10/09/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्याम बाबू के घर से राजीव के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 1.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 2 माह |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( रमेश सिंह) — ग्रा0पं0 बेग, नवाबगंज — सचिव (आकांक्षा सक्सेना )

**कार्यालय ग्रा0पं0 परतापुर कला वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 03/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत ग्राम पंचायत परतापुर कला की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 04/09/2025 से दिनांक 17/09/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 17/09/2025 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर की दुकान व जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | मनरेगा/ पंचायती राज विभाग | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 8.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-रामदेवी, — ग्रा0पं0 परतापुर कला, — सचिव- नौशाद अहमद

# इस्कॉन क्रिएटर्स समिट द्वारा शिवम मिश्रा किये गये सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सम्मानित होते शिवम मिश्रा

इस्कॉन क्रिएटर्स समिट 2025 में फर्रुखाबाद के शिवम् मिश्रा को टूरिज्म और कल्चर को प्रमोट करने के लिए सम्मनित किया गया।

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस्कॉन क्रिएटर्स समिट 2025 में जनपद के शिवम मिश्रा को टूरिज्म और कल्चर को प्रमोट करने के विषय में इस्कॉन ने सम्मानित किया। शिवम मिश्रा फर्रुखाबाद मेरी जान के नाम से इंस्टाग्राम पर चैनल चलाते है। जिसमें जनपद की सांस्कृतिक कार्यों को बढ़ावा देने का कार्य करते है। कार्यक्रम में देश के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रही। उन्होंने सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर सोनू शर्मा, विवेक बिंद्रा, खान सर आदि मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत

- मृतक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पर दिया प्रार्थना पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




थाने में खड़ी डिजायर कार

थाना मऊदरवाजा पुलिस को मृतक के भाई ने प्रार्थना पत्र देकर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कौशलेन्द्र कुमार पुत्र स्व. रामप्रकाश निवासी ग्राम नगला समाधान थाना मऊदरवाजा का मूल निवासी है। दिनांक 02.09.2025 को समय करीब शाम 4 बजे के लगभग मेरा भाई सुधीर पुत्र स्व0 रामप्रकाश की तरफ से अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.76एएम 3349 हीरो एच.एफ. डीलक्स से अपने घर जा रहे थे, तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौन से 100 कदम आगे कायमगंज रोड पर कायमगंजे की तरफ से आ रही सफेद रंग की डिजायर कार नम्बर.यू.पी.74वी4245 के चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाकर पीड़ित के भाई की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। पास पड़ोस के लोगों द्वारा सूचना मिलने पर मैं तथा मेरा भाई दिलीप व अन्य लोग मौके पर पहुंचे, तो पुलिस वहां से पीड़ित के घायल भाई को एम्बूलेन्स द्वारा बरौन अस्पताल लेकर जा चुकी थी। वहां से हालत गम्भीर होने की वजह से मेरे घायल भाई को पुलिस एंबूलेन्स से लोहिया अस्पताल लेकर चली गयी थी तथा दोनों वाहन घटनास्थल पर ही खड़े थे तथा डिजायर गाड़ी का चालक मौके से फरार हो चुका था। मैं व मेरा भाई दिलीप अन्य लोगो के साथ घटना स्थल से लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां पीड़ित के घायल भाई की हालत गम्भीर होने पर डाक्टरों द्वारा सैफई हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया था, परन्तु हालत गम्भीर देखकर मैं व मेरे परिवारीजनों द्वारा उनको सिटी हास्पिटल फर्रुखाबाद में भर्ती करा दिया था। जहां पर उनकी इलाज के दौरान आज दिनांक 03.09.2025 को समय प्रातः 4 बजे के लगभग मृत्यु हो गयी।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### तेज बारिश के कारण कच्चा मकान गिरा



**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** खोराडीह मे कच्चा मकान तेज बारिश के कारण गिर गया। हालांकि मकान मे रहने वालो को कोई दिक्कत नही हुई। मकान का आधा हिस्सा जब गिरा तभी सभी लोग मकान से बाहर निकल गए। मकान मे रहने वाले प्रवीण कुमार पुत्र जोखान सिंह ने बताया की मेरे पास सिर्फयही मकान है। अब हम लोग तिरपाल लगा कर रह रहे है। ग्राम प्रधान महेश कोल ने कहा की हम जल्द से जल्द इनको आवास दिलवाने का काम करेगे।

### गैस चूल्हे पर बन रही सब्जी पर गिरकर बालक झूलसा, रेफर



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाँव राजा गांव में मंगलवार की देर शाम घर में घर में गैस चूल्हा में बन रहे सब्जी में गिरकर बालक गंभीर रूप से झूलस गया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने बालक को आनन फानन में उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बालक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया एम्बुलेंस सेवा वाहन के इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन संतोष भारतीया वा पायलट देवांश कुमार बालक को उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाँव राजा गांव निवासी दिनेश कुमार के (9) वर्षीय पुत्र आर्यन का मंगलवार को जन्मदिन था। परिवार के लोग बालक के जन्मदिन के अवसर पर घर में गैस चूल्हा पर सब्जी बना रहे थे और बालक भी जन्मदिन की खुशी में उत्साहित होकर घूम रहा था की घर में बन रही सब्जी में बालक आर्यन गिरकर गंभीर रूप से झूलस गया। बालक के चीखने चिल्लाने पर घर में जन्मदिन की पार्टी फिंकी पड़ गई। बालक के परिजनों द्वारा तत्काल एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया गया जिस पर मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीया ने सूझ बुझ का परिचय देते हुए बालक का एम्बुलेंस सेवा वाहन में ही प्राथमिक उपचार करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आए।जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार करने के बाद बालक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया बालक के परिजन एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से मंडलीय चिकित्सालय बालक को उपचार के लिए लेकर चले गए बालक प्राथमिक विद्यालय का कक्षा तीन का छात्र बताया जा रहा है।

### विद्यालय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एसडीएम को सौंपा पत्रक



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका क्षेत्र के दरगाह शरीफस्थित विद्यालय कि भूमि पर कब्जा करने के मामले में पालिका सभासद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर विद्यालय कि भूमि को कब्जा मुक्त कराने कि मांग किया है। नगर पालिका क्षेत्र के दरगाह शरीफदक्षिणी में स्थित पालिका प्राथमिक विद्यालय नंबर 4 के आराजी संख्या 116, 13विश्वा 6 धुर हैं। जिसमें विद्यालय बना हुआ है और बाकी शेष भूमि पर तथाकथित लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है। जिसको लेकर बुधवार को भाजपा नगर अध्यक्ष मंगरू साहनी के नेतृत्व में सभासदों, बजरंगदल, आरएसएस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं व नगर के लोगों ने एसडीएम राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन देकर विद्यालय के भूमि को पैमाईश करवाने और कब्जा मुक्त कराने कि मांग किया है। इस दौरान विजय बहादुर सिंह, सभासद किशन मोदनवाल, विवेक सिंह नगर कार्यवाह आरएसएस, बजरंगदल नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता,ज्योति प्रकाश सिंह, मुन्ना पांडेय, सुनील कुमार,विकास कुमार, मनीष कुमार, प्रांजल पांडेय, विजय बहादुर बिंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अदवा नदी पर स्थित पुल का दोनों छोर क्षतिग्रस्त, राहगीर परेशान

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के अदवा नदी पर स्थित पुल का दोनों छोर बारिश में अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा नदी में छोड़े गए पानी के तेज बहाव से पुल का दोनों छोर क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे पुल से होकर आने जाने वाले लोगो व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अदवा नदी के पुल का हलिया की तरफ का एक छोर व हथेड़ा की तरफ का एक छोर क्षतिग्रस्त होकर गड्ढे में तब्दील हो गया है जिससे पुल से होकर गुजरने वाले माल वाहक वाहनों व ई रिक्शा ऑटो, सवारी बस बाइक सवार चालकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बाइक सवार पुल के क्षतिग्रस्त गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे है। ई रिक्शा भी पुल के क्षतिग्रस्त गड्ढे में पलट रहे है। पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कार्य कराये जाने के लोगो ने एनएचआई के अधिकारियो व कर्मचारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। तत्कालीन उपजिलाधिकारी लालगंज रहे गुलाब चंद्र ने बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हुए दोनों छोर को जेसीबी मशीन से मरम्मत कार्य कराकर आवागमन को शुरू करा दिया था लेकिन फिर से अदवा नदी में आई बढ़ से पुल का दोनों छोर क्षतिग्रस्त होने से लोगो की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में अवर अभियंता एनएचआई शैलेश यादव ने बताया की अदवा नदी पर स्थित पुल के क्षतिग्रस्त दोनों छोर का मरम्मत कार्य जल्द ही करा दिया जायेगा।

# सर्पदंश से बालिका की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में मंगलवार देर शाम घर पर सर्पदंश से बालिका की मौत हो गई। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बंजारी कलां गांव के कोठरा बस्ती निवासी संतलाल विश्वकर्मा की 11 वर्षीया पुत्री प्रियंका अपने पक्के मकान के भीतर से किसी कार्य के लिए बाहर निकल रही थी कि दरवाजे के बाहर बैठे कोबरा सर्प ने पैर में अचानक डस लिया। सर्पदंश की घटना पर बालिका भयभीत होकर घर के भीतर जाने लगी तो कोबरा सर्प पैर से दबने के कारण दुबारा बालिका के पैर में डस लिया। सर्पदंश की घटना के बाद कोबरा सर्प घर के भीतर कमरे में जाकर छिप गया। बालिका की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के भीतर मौजूद मां पार्वती बालिका के पास पहुंची तो बालिका ने पैर में सर्प के डसने की घटना मां को बताई। कुछ ही देर बाद बालिका अचेत हो गई आनन-फानन में परिजन दवा पिलाने के लिए बालिका को छतरिहा गांव ले

### ▸ घर के भीतर छिपे कोबरा को रेस्क्यू कर सर्पमित्र ने सुरक्षित निकाला बाहर

जा रहे थे कि बालिका की रास्ते में मौत हो गई।परिजनों की सूचना पर बुधवार सुबह आठ बजे के करीब पहुंचे गड़बड़ा धाम निवासी सर्पमित्र विवेक मिश्र ने कमरे के भीतर रखे बोरी के आड़ में छिपे कोबरा सर्प को रेस्क्यू कर सुरक्षित पकड़कर बाहर निकाला। सर्पमित्र विवेक मिश्र ने बताया कि करीब तीन फीट लंबे स्पेक्टिकल कोबरा को रेस्क्यू कर बाहर निकालकर जंगल में छोड़ दिया गया है। सर्पमित्र ने बताया कि स्पेक्टिकल कोबरा बहुत जहरीला सर्प होता है। सर्पमित्र ने कहा कि सर्पदंश की घटना होने पर बिना देर किए पीड़ित को नजदीकी सरकारी अस्पताल में उपचार हेतु ले जाना चाहिए। दवा पिलाने और झाड़ फूंक के चक्कर में नही पड़ना चाहिए।

उपनिरीक्षक त्रिलोचन प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच कर बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालिका की मौत की खबर पाकर मृत बालिका के घर पर पहुंचे ग्राम प्रधानपति संजय सिंह ने स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया और एसडीएम लालगंज को घटना की सूचना दी। प्रधान पति संजय सिंह ने बताया कि मृतक बालिका दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। मृत बालिका के पिता संतलाल विश्वकर्मा रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हैं। बेटी की मौत की सूचना पाकर घर के लिए निकल पड़े हैं। इस संबंध में उपनिरीक्षक टीपी सिंह ने बताया कि बंजारी कलां गांव में बालिका की सर्पदंश से मौत हो गई है। ग्राम प्रधान की सूचना पर घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार अनूप उर्फबालम 25 वर्षीय पुत्र चंदन आदिवासी गांव में खेतों से वापस आ रहे थे किसी जहरीले जंतु ने अनूप को काट लिया। तुरंत इसकी सूचना उसे अपने परिवार वालों को दी। परिवार उसे तुरंत राजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय मिर्जापुर रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों से रैपुरिया चुनार ले जा रहे थे कि रास्ते में है उसकी मौत हो गई जिससे परिवार जनों का रों रों कर बुरा हाल है। उन्होंने इसकी घटना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह को दी। अभी इसके कुछ दिन पहले ही रात्रि में जहरीले जंतु के काटने से एक विवाहित महिला की मौत हो चुकी है। जहरीले जंतु के प्रकोप से गांव में दहशत व्याप्त है।

# 72 घंटे बीत जाने के बाद भी लापता मासूम को नहीं खोज सकी पुलिस

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

नौतनवा थाना क्षेत्र के कजरी गांव से रविवार की सुबह से लापता मासूम प्रिंस उर्फ अंश का चौथे दिन भी कोई पता नहीं चल सका। 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस-प्रशासन और विशेष टीमों की मेहनत रंग नहीं लाई।

बच्चा किस परिस्थिति में है और कैसे गायब हुआ, यह सवाल अब तक रहस्यमय बना हुआ है। बताया जाता है कि रविवार को नानी के घर खेलते समय प्रिंस अचानक लापता हो गया। उसी वक्त अन्य बच्चे भी खेल रहे थे, लेकिन मासूम के अचानक गायब होने से परिजन सकते में आ गए। बताया जा रहा है कि बच्चे के पास घर का मोबाइल फोन था, जिस पर शुरुआत में दो दिनों तक घंटी बजती रही, लेकिन बाद में वह बंद हो गया। इसी कारण पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### ▸ खेत-खलिहान तक सर्च ऑपरेशन जारी, नहीं मिली सफलता



### जंगल से पोखरे तक चला तलाशी अभियान

लापता मासूम की तलाश में पुलिस ने अब तक जंगलों, पोखरों और खेत-खलिहानों तक सर्च अभियान चलाया। मंगलवार को टेढ़ी के जंगलों में वन विभाग के साथ सर्चिंग की गई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें पोखरों में तलाशी कर चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

### मासूम की तलाश में बेसुध पिता गणेश अग्रहरि

एसओजी, स्वाट, सर्विलांस, एनडीआरएफ और स्स्क्की डॉग स्क्वायड टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। साथ ही, कई जगहों पर लगे ष्टष्टञ्ज कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा खुद घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे चुके हैं।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

प्रिंस की मां संजू अग्रहरि और पिता गणेश अपने बेटे की एक झलक पाने को बेताब हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। कुछ महीने पहले ही संजू के पिता का निधन हुआ था और मायके में कुछ विवाद भी हुआ था। इस एंगल पर भी पुलिस जांच कर रही है। रक्षाबंधन पर मायके आई संजू के लिए अब यह त्योहार गम में बदल गया है। चार दिन बीत जाने के बाद भी मासूम का कोई पता न चलने से गांव में चिंता का माहौल है। लोगों के मन में केवल एक ही सवाल उठ रहा है कि आखिर बच्चे के साथ क्या हुआ?

# अधिक शुल्क लेने वाले 25 विद्यालयों को नोटिस होगी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** स्कूलों में बच्चों से अधिक शुल्क लेने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। 144 स्कूलों की जांच में यह बात सामने आयी है कि इसमें 25 विद्यालय ऐसे हैं जिन्होंने मनमाने तरीके से शुल्क वृद्धि की है। इन 25 स्कूलों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इस सत्र में अधिक शुल्क लेने की शिकायत आई तो डीएम ने मामले की जांच कराई तो इसकी पुष्टि भी हो गई। अधिकारियों की टीम ने 144 विद्यालयों की जांच की, जिसमें 25 विद्यालय ऐसे मिले जहां शुल्क बढ़ाकर लिया गया। कई स्कूलों में शिक्षण शुल्क खूब लिया गया। वहीं विद्यालय से ही पुस्तक, यूनीफार्म भी स्कूल से ही बेचा गया। डीएम की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में डीएम ने अधिक शुल्क लेने वाले 25 विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दे दिया है। डीआईओएस प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि अधिक शुल्क लेने वाले विद्यालयों को नोटिस देकर दस दिन में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जवाब मिलने पर उसका परीक्षण कर जरूरी कार्रवाई होगी।

# करमैनी घाट पर लोहे की जाली लगाने को लेकर एसडीएम के जरिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



विजययोग फाउंडेशन (ट्रस्ट) द्वारा आज उपजिलाधिकारी, कैंपियरगंज के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को करमैनी घाट पर लोहे की जाली लगाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन भेजा गया है।

फाउंडेशन के संस्थापक आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि करमैनी घाट से नदी में कूद कर आत्म हत्या का हब बनता जा रहा है। आये दिन लगातार बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा की ठोस व्यवस्था आवश्यक है। घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मजबूत लोहे की जाली लगाए जाना जनहित में ज़रुरी है।विजय फाउंडेशन के द्वारा उपजिलाधिकारी कैंम्पियरगंज के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है है इस घटना को रोकने में लिए लोहे की जाली लगाना तत्काल आवश्यक है। साथ ही साथ संस्था सदस्य इलियास अहमद ने ज्ञापन के दौरान कहा कि यदि घाट पर समय रहते हुए सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाता है, तो कई बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं और सामाजिक सुरक्षा का वातावरण भी सुदृढ़ होगा। विजययोग फाउंडेशन ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री इस जनहितकारी मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर घाट पर लोहे की जाली लगवाने की कार्रवाई करेंगे। इस दौरान ज्ञापन के भवानी शंकर पाण्डेय, अरविंद चौरसिया, शैलेश पाण्डेय दौरान रामधनी निषाद, दिनेश गिरी, अखिलेश प्रजापति आदि लोगों की उपस्थिति रहे।

गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः
छिबरामऊ क्षेत्रवासियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रवेश प्रारम्भ
गैलेक्सी पब्लिक स्कूल
सौरिख तिराहे के पास, छिबरामऊ
कक्षा – PG से 8th तक
डा. जे.के. वर्मा के सामने, जी. टी. रोड, छिबरामऊ
न्यू ब्रान्च- डा. जे.के. वर्मा के पीछे, बहबलपुर रोड, छिबरामऊ
9956686266, 9307174393, 9305705425

ADMISSION OPEN
J.B.G. National Higher Secondary School
100 शैय्या अस्पताल रोड, राइस मिल के सामने, छिबरामऊ
P.G. to 9th & 11th Biology & Maths
U.P. BOARD ENGLISH MEDIUM
A.M.U. Aligarh & J.M.I. Delhi में संस्था के छात्रों का चयन
Mob.- 8299828972, 6393763338

प्रवेश प्रारम्भ
सत्य की जीत होती है
इंगलिश मीडियम स्कूल
सेन्ट जेवियर्स कॉन्वेन्ट स्कूल
प्लेग्रुप से कक्षा – 10 तक
9453214562
8423497162
नगला दिलू रोड,छिबरामऊ- कन्नौज
CBSE बोर्ड, नई दिल्ली A Co-Education Institution

शिक्षक दिवस
की दिली मुबारकबाद
कुमैल इदरीस
प्रधानाचार्य
मदरसा गुलशने रज़ा
बिरतिया,छिबरामऊ
(कन्नौज)
9936673548

WISHING YOU ALL A
शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
J.S.SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Aff. to CBSE, Aff. No.-2133729)
SUPRABHASH ACADEMY
(Awas Vikas Colony, Chhibramau )
JSITM
GT Road Chhibramau
M.9936166654
Smt. VIBHA SAXENA CHAIR PERSON
Director Atmaram Sharma
HIMANSHU SAXENA (MANAGER)
Founder-
Late Er.SUPRABHASH CHANDRA SAXENA
Dr. JIWAN SHUKLA ,KANNAUJ

KIDZEE
ADMISSION OPEN
KIDZEE
SHRI R.S. LAL DEVKI GLOBAL SCHOOL
East Bypass Near Nirankari Satsang Bhawan G.T. Road,Chhibramau
M:9794541321, 9794541381
kidzee chhibramau
WWW.kidzee.Com

शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनूप मिश्रा (अध्यक्ष)
ओमकार यादव (मंत्री)
प्राथमिक शिक्षक संघ, छिबरामऊ (कन्नौज)

विज्ञान,कला, कामर्स वर्ग से मान्यता प्राप्त
सुखराम सिंह कुसुम लता इण्टर कालेज
कुंअरपुर करनौली,छिबरामऊ(कन्नौज)
भानु सिंह यादव
प्रबंधक-मो.9415124093
यतेन्द्र सिंह यादव
प्रधानाचार्य-मो.9956741500
देव नरायन
कार्यालयप्रभारी-मो.9695643024

आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू वीणा वादिनी शिशु ज्ञान विद्या मन्दिर एवं जूनियर हाईस्कूल
सत्यप्रकाश दुबे
संस्थापक
श्याम सिंह राजपूत
प्रधानाचार्य
असालतनगर, छिबरामऊ (कन्नौज)

शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामरूप यादव
प्रबन्धक
जितेन्द्र शर्मा
प्रधानाचार्य
वीणा वादिनी शिशु ज्ञान मन्दिर
ग्राम महमूदपुर खास , छिबरामऊ मो.9198696090

टैगोर पब्लिक इण्टर कॉलेज
पी.जी.से कक्षा 12 तक
हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम
आदर्श कुमार द्विवेदी
निदेशक
गीता दुबे
प्रधानाचार्य
बनवारी नगर ,छिबरामऊ (कन्नौज)
Mob.- 9956804487,9935327948

शिक्षक दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
जनपद का पहला सी.बी.एस.ई. विद्यालय
SUBHASH ACADEMY
Farrukhabad Road, Chhibramau
A Senior Secondary Co-educational School
Affiliated to CBSE New Delhi
SUBHASH SAXENA PRESIDENT
RAJESH SAXENA DIRECTOR

CITY CHILDREN'S ACADEMY
(Affiliated to CISCE New Delhi Reg. No.- UP. 325)
Chhibramau (Kannauj)
Facility of Water Cooler • Well Furnished Computer Lab
Audio Visual (Multimedia) Classrooms Powered by Mexus
Air Conditioned Activity Room
ADMISSION OPEN
Our Branches
Khubariyapur Road
Talgram Road
CEO Vishvas Pradhan
Administrator Sudha Pradhan
Chairman Pradeep Pradhan

Bhadauriya Education Center
"ACHIEVE & PROVIDE MAGICAL ORNAMENT THAT'S KNOWLEDGE"
Affiliated to Uttar Pradesh Board Prayagraj
Admission Open
PG TO 12TH
"BEST SCHOOL BEST EDUCATION"
Automation & Robotics Laboratory
Advanced Laboratory For Practice Based Learning (All Subjects)
Ideal Teacher Student Ratio
Individual Attention
Modern Education along with moral and cultural education
Audio enabled CCTV surveillance
Fully WiFi Campus
Transport Facility
+91-8787003477, 8799063150
contact@bhadauriyaeducation.com
www.bhadauriyaeducation.com
Devvrampur, Tajpur Road, Chhibramau, Kannauj Uttarpradesh 209721